जबलपुर, मंगलवार
14 अप्रैल 2026
वर्ष 31 अंक 288
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 3.00
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत




2 प्रकृति की गोद में योग से बरसी...
5 सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट...
7 अमेरिका में यू वीजा के लिए धोखाधड़ी...
11 मुझे 70 करोड़ का ऑफर मिला था...

# मप्र के 6 जिलों में नए मेडिकल कॉलेज की मंजूरी

भोपाल (स्वतंत्र मत)

आज भोपाल में मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक हुई। इसमें लोक निर्माण विभाग की परियोजनाएं जारी रखने, 6 नए मेडिकल कॉलेजों के प्रस्तावों को मंजूरी, सामाजिक योजनाओं की निरंतरता और सागर की सिंचाई परियोजना सहित कई अहम फैसले लिए गए। बैठक से पहले, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह सप्ताह महिला सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। 16 अप्रैल से संसद के विशेष सत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को स्वीकृति के लिए पेश किया जाएगा। राज्य में 25 अप्रैल तक नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मनाया जा रहा है। कैबिनेट बैठक शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री ने बताया कि पूरे प्रदेश में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन और पदयात्राएं आयोजित की जाएंगी। महाविद्यालयों में भी इससे जुड़े कार्यक्रम किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार ने खरीफ 2026 के लिए फॉस्फेट और पोटेशियम उर्वरकों पर 41,833 करोड़ रुपए की सब्सिडी को मंजूरी दी है, जिससे किसानों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बालाघाट में नक्सल गतिविधियों के समाप्त होने के बाद अब विकास कार्य तेज किए जाएंगे। कैबिनेट बैठक में राजगढ़, मंडला, नीमच, मंदसौर, शिवपुरी और सिंगरौली जिलों में नए मेडिकल कॉलेज स्थापित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। इससे स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा। कृषि से जुड़ी

### प्रदेश में दूध उत्पादन 9.4 से बढ़कर 12.4 लाख लीटर हुआ



मैकेनाइजेशन योजना को भी आगे जारी रखने का निर्णय लिया गया, जिससे किसानों को आधुनिक उपकरणों का लाभ मिलता रहेगा। कैबिनेट में बताया गया कि प्रदेश में दूध उत्पादन बढ़कर 12.4 लाख लीटर हो गया है, जो पहले 9.4 लाख लीटर था। यह करीब 25 प्रतिशत की वृद्धि है। कैबिनेट ने मध्यान्ह भोजन परिषद, मिशन शक्ति, संबल योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और हेल्पलाइन 181 को जारी रखने की मंजूरी दी। इन योजनाओं के माध्यम से महिला और बाल विकास से जुड़े कार्यक्रम संचालित होते रहेंगे।

### सागर में 286 करोड़ की सिंचाई परियोजना

मंत्रिमंडल ने सागर जिले के लिए 286 करोड़ रुपए की मिडवासा मध्यम सिंचाई परियोजना को मंजूरी दी है। इस परियोजना से करीब 7200 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इधर, मंत्रिमंडल ने लोक निर्माण विभाग की चार चल रही परियोजनाओं को निरंतर जारी रखने का निर्णय लिया। इन परियोजनाओं के माध्यम से आधारभूत ढांचे को मजबूत करने का लक्ष्य रखा गया है।

# चुनावों के शोर में हम आंखें नहीं मूंद सकते

## बंगाल एसआईआर मामले में सुप्रीम कोर्ट की चुनाव आयोग पर सख्त टिप्पणी

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण मामले की सुनवाई की। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव नतीजों में तब तक दखल नहीं दिया जा सकता, जब तक कि जीत का अंतर, सूची से बाहर किए गए वोटों की संख्या से कम न हो। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की पीठ ने सुनवाई के दौरान भारत निर्वाचन आयोग की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि बंगाल के मतदाता अलग-अलग संवैधानिक संस्थाओं के बीच पिस रहे हैं। दरअसल, जस्टिस बागची ने यह टिप्पणी तब की जब चुनाव आयोग ने दलील दी कि न्यायिक अधिकारियों ने तार्किक विसंगति के 47 फीसदी मामलों को खारिज कर दिया है, ये वे अधिकारी थे जिन्होंने चुनाव आयोग द्वारा जारी नोटिसों पर फैसला सुनाया था।




कोर्ट ने यह टिप्पणी भी की कि चुनाव आयोग ने ही पश्चिम बंगाल में एसआईआर के दौरान संदिग्ध मतदाताओं की एक तार्किक विसंगति सूची बनाई थी। जिसके जवाब में जस्टिस बागची ने कहा, यहां बात यह नहीं है कि साध्य साधनों को सही ठहराता है, बल्कि यह है कि साधन साध्य को सही ठहराते हैं। यह राज्य सरकार और चुनाव आयोग के बीच की लड़ाई नहीं है। यह कोई एक-दूसरे पर दोष मढ़ने का खेल (ब्लेम गेम) भी नहीं है। यह तो मतदाताओं के दो संवैधानिक संस्थाओं के बीच पिसने का मामला है। अदालतों ने केवल चुनावों को बढ़ावा देने के लिए हस्तक्षेप किया है, न कि उनमें रुकावट डालने के लिए। हालांकि, न्यायमूर्ति बागची ने यह भी कहा कि जब तक भारी संख्या में मतदाताओं को मतदान से बाहर नहीं किया जाता, तब तक चुनाव परिणामों में हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता है। जस्टिस बागची ने कहा, अगर 10 प्रतिशत लोग वोट नहीं देते और जीत का अंतर 10 प्रतिशत से अधिक है तो... अगर यह 5 प्रतिशत से कम है तो हमें गंभीरता विचार करना होगा।

### हमारे मन में भी उठ रहा सवाल

पहले अपील न्यायाधिकरण के समक्ष उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाती थी क्योंकि किसी भी उम्मीदवार को चुनाव लड़ने के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। कृपया यह न सोचें कि हमारे मन में यह सवाल नहीं है कि उन लोगों का क्या होगा जिन्हें मतदान से वंचित किया गया है। कोर्ट ने कहा, अगर आप रोज 1000 दस्तावेज देखते हैं, और अगर आपकी सटीकता 70 प्रतिशत है, तो इस काम को बेहतरीन माना जाना चाहिए। इसलिए, गलती की गुंजाइश तो रहेगी ही, और हमें एक मजबूत अपील फोरम की जरूरत है। यह देखते हुए कि वोट देने का अधिकार लगातार बना रहना चाहिए और आने वाले चुनावों की गहमागहमी और हंगामे से अपनी आंखें नहीं मूंद सकते। कोर्ट ने कहा कि जिस देश में आपका जन्म हुआ है, वहां वोट देने का अधिकार न केवल संवैधानिक है, बल्कि भावनात्मक भी है।

### 2002 की लिस्ट का नहीं था जिक्र

कोर्ट ने कहा, हमने संवैधानिक संस्था को वोटर लिस्ट की शुद्धता के मुद्दे की जांच करने की इजाजत दी है। एसआईआर पर आपकी मूल ईसीआई अधिसूचना में 2002 की लिस्ट का जिक्र नहीं था। लेकिन आपकी लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी लिस्ट में नाम खारिज करने के जो कारण बताए गए हैं, वे 2002 की लिस्ट वगैरह से जुड़े हैं। आपकी अधिसूचना उन लोगों पर लागू होती है जिनका संबंध 2002 की लिस्ट में शामिल लोगों से है। 2002 की लिस्ट ही आधार है। देखिए, अपनी अंतिम लिस्ट में आपने 2002 की लिस्ट के सदस्यों के नाम नहीं हटाए हैं। जब बिहार एसआईआर पर बहस हुई थी, तो ईसीआई ने साफ तौर पर कहा था कि 2002 की लिस्ट के सदस्यों को कोई दस्तावेज देने की जरूरत नहीं है। कृपया बिहार मामले में ईसीआई की लिखित दलीलें देखें। आपने कहा था कि 2002 के वोटरों को दस्तावेज देने की जरूरत नहीं है।

## वैन से टकराया सीमेंट मिक्सर ट्रक, 11 मौतें

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे में सोमवार को सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। दो गंभीर घायल हुए हैं। पुलिस के मुताबिक हादसा सुबह करीब 10.45 बजे मुर्बाड के गोविली गांव स्थित रैता ब्रिज पर हुआ। कल्याण से मुर्बाड जा रही वैन की सामने से आ रहे सीमेंट मिक्सर ट्रक से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन में सवार 9 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। वहीं, अन्य दो लोग घायल हैं, जिन्हें उल्हासनगर के सेंट्रल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरने वालों में 8 पुरुष और 3 महिलाएं शामिल हैं।

## ट्रक ने श्रद्धालुओं को कुचला, 7 की मौत

**सुरेंद्रनगर।** गुजरात के सुरेंद्रनगर में सोमवार सुबह लखतर-विरामगाम नेशनल हाईवे पर एक ट्रक ने पैदल चल रहे श्रद्धालुओं को कुचल दिया। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि चार घायल हो गए। मृतकों में 5 पुरुष और 2 महिलाएं शामिल हैं। तीर्थयात्रियों का एक ग्रुप पैदल राजकोट से बहुचराजी माता मंदिर जा रहा था। तभी पीछे से आ रहे एक ट्रक ने सभी को कुचल दिया। हादसे में छह तीर्थयात्रियों और सड़क किनारे खड़े एक डंपर के ड्राइवर की मौत हो गई।

## बस पर पलटा ट्रक, 6 बारातियों की मौत

**हापुड़।** यूपी के हापुड़ में रविवार देर रात 1.30 बजे बारातियों से भरी बस को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में 5 बारातियों समेत 6 की मौके पर मौत हो गई। 7 गंभीर हैं। बारात गाजियाबाद के डासना से बुलंदशहर के गुलावठी गई थी। बस में कुल 13 बाराती थे। शादी के बाद वापस लौटते वक्त बस रोड किनारे खड़ी थी। इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बस को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद पहले बस पलटी, फिर बेकाबू ट्रक भी उस पर पलट गया।

## 50 हजार रिश्वत लेते रेंजर और लिपिक गिरफ्तार

**सागर।** सागर लोकायुक्त पुलिस ने बंडा वन परिक्षेत्र के रेंजर विकास सेठ और कार्यालय लिपिक जयप्रकाश तिवारी को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। यह कार्रवाई सोमवार दोपहर रेंजर कार्यालय में हुई। जानकारी के अनुसार मकरोनिया के ज्योति नगर निवासी विजय सिंह राजपूत ने अपने खेत से पेड़ों की कटाई और लकड़ी के परिवहन के लिए विजय सिंह ने स्थानीय वन विभाग से अनुमति मांगी थी। इसको लेकर उत्तर वनमंडल अंतर्गत रेंजर और लिपिक ने विजय से एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी। इसके बाद सोमवार को 50 हजार रुपये देने की बात तय हुई।

## चुनाव प्रचार के बीच विशेष सत्र की क्या जरूरत : सोनिया गांधी

### दावा- महिला आरक्षण नहीं, परिसीमन असली मुद्दा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने सोमवार को महिला आरक्षण को लेकर सरकार की मंशा पर सवाल उठाए। उन्होंने लिखा कि पीएम विपक्षी दलों से उन बिलों का समर्थन करने की अपील कर रहे हैं, जिन्हें सरकार संसद के विशेष सत्र में जबरदस्ती पास कराना चाहती है। उन्होंने लिखा कि यह सब तब हो रहा है जब तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार अपने चरम पर है। इस जल्दबाजी का सिर्फ एक ही मकसद राजनीतिक फायदा उठाना है। सरकार ने 2023 में ही 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को संसद में पास कर लिया था, लेकिन इसे अगली जनगणना और उसके बाद होने वाले परिसीमन के बाद ही लागू करने की शर्त रखी गई। महिला आरक्षण पर सोनिया ने लिखा- राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था कि इसे 2024 के चुनाव से ही लागू किया जाए, लेकिन सरकार ने इसे नहीं माना। अब अनुच्छेद 334ए में बदलाव कर महिला आरक्षण को 2029 से लागू करने की तैयारी है। ऐसे में प्रधानमंत्री को यू-टर्न लेने में 30 महीने क्यों लगे? उन्होंने सवाल किया कि 5 राज्यों के चुनाव खत्म होने तक इंतजार क्यों नहीं किया गया। इतनी हड़बड़ी की क्या जरूरत है, जबकि विपक्ष तीन बार चिट्ठी लिखकर कह चुका है कि पहले 29 अप्रैल को सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए।



### 3 पार्टियों ने व्हिप जारी किया

विशेष सत्र के लिए कांग्रेस, भाजपा और जेडीयू ने व्हिप जारी कर 16 से 18 अप्रैल तक अपने सभी सांसदों को संसद में मौजूद रहने को कहा है। बीजेपी ने रविवार को लोकसभा और राज्यसभा के सभी सांसदों को 3 लाइन का व्हिप जारी किया था, जबकि कांग्रेस और जेडीयू ने सोमवार को व्हिप जारी किया।

## जज पर भरोसा नहीं, केस से हटाएं

### केजरीवाल ने जज को हटाने की वजहें गिनाईं

**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को हाईकोर्ट जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा से दिल्ली शराब घोटाला केस से हटने (रिक्यूज) की फिर मांग की। उन्होंने कोर्ट में डेढ़ घंटे दलीलें रखीं। कहा- मुझे पहले से ही दोषी माना जा रहा है। जस्टिस शर्मा के आदेशों में एक पैटर्न दिखता है, जिसमें ईडी और सीबीआई के हर तर्क को स्वीकार किया जाता है। उन्होंने कि जस्टिस शर्मा ने अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद, जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की कानूनी इकाई है, के एक कार्यक्रम में भाग लिया था। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रायल कोर्ट ने 27 फरवरी को तीन महीने की सुनवाई के बाद इस केस में मुझे और 23 आरोपियों को बरी कर दिया। 9 मार्च को जस्टिस शर्मा ने बहुत कम समय की सुनवाई के बाद आंशिक रूप से स्थगित कर दिया। इसके बाद उन्होंने 10 वजहें गिनाईं। इससे पहले 6 अप्रैल को सुनवाई हुई थी। तब कोर्ट ने सीबीआई को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया और कहा कि अगर कोई जज को मामले से हटाने की मांग वाली अर्जी देना चाहता है, तो दे सकता है।



## नोएडा की 350 फैक्ट्रियों में तोड़फोड़

### शोरूम के बाहर कारें फूंकी, 150 गाड़ियां तोड़ीं



**नोएडा।** नोएडा में सोमवार को फैक्ट्री कर्मचारियों ने हिंसक प्रदर्शन किया। 9 अप्रैल से सैलरी बढ़ाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे सैकड़ों कर्मचारी हाथ में डंडे-लाठी लेकर सड़कों पर उतर आए। कर्मचारियों ने अलग-अलग इलाकों में 350 से ज्यादा फैक्ट्रियों में पथराव, तोड़फोड़ की। 150 से ज्यादा गाड़ियों में तोड़फोड़ और करीब 50 से ज्यादा फूंक दीं। पुलिस की गाड़ियां भी पलट दी। हालात बिगड़े तो कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। कर्मचारियों ने उन पर पथराव कर दिया। फिर पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक मांगें नहीं मानी जातीं, वो रुकेंगे नहीं। कई कर्मचारियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। खास बात है कि इस प्रदर्शन का कोई चेहरा या लीडर नहीं था। 18 से 30 साल के युवा हिंसक प्रदर्शन कर रहे थे। उधर, योगी सरकार ने जांच के लिए हाईलेवल कमेटी बनाई है। सीएम ने कहा, औद्योगिक अशांति पैदा करने वाले लोगों से सावधान रहें। हमारी सरकार श्रमिकों के साथ में है। पुलिस के मुताबिक, नोएडा का फेज-2 इलाका इंडस्ट्रियल एरिया है। यहां मदरसन, ऋचा ग्लोबल, रेनबो, पैरामाउंट, एसएनडी और अनुभव कंपनियों के 1000 से ज्यादा कर्मचारी सैलरी बढ़ाने को लेकर पिछले 3 दिन से प्रदर्शन कर रहे थे। करीब 500 कर्मचारी मदरसन कंपनी के बाहर जुटे थे। सबसे पहले यहीं हिंसा हुई।

## पवन खेड़ा के साथ मजबूती से खड़ी है कांग्रेस : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को लेकर चल रही सियासत के बीच अब लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने सोमवार को कहा कि कांग्रेस पवन खेड़ा के साथ खड़ी है और किसी भी तरह के दबाव या डर से पीछे नहीं हटेगी। यह बयान उस समय आया है जब असम सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर पवन खेड़ा को मिली ट्रांजिट अग्रिम जमानत को चुनौती दी है। इस पूरे मामले को ऐसे समझिए कि 10 अप्रैल को तेलंगाना हाईकोर्ट ने पवन खेड़ा को एक हफ्ते की ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी थी। खेड़ा ने यह राहत इसलिए मांगी थी क्योंकि असम पुलिस उनसे पूछताछ के लिए दिल्ली स्थित उनके घर पहुंची थी, लेकिन वह वहां नहीं मिले। खेड़ा ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और उनकी पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा पर गंभीर आरोप लगाए थे।

# ...तो कोई बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा

## समंदर में अमेरिकी नाकेबंदी से पहले ईरान की खुली चेतावनी

तेहरान

मिडिल ईस्ट में जारी तनाव अब अपने चरम पर पहुंच चुका है। ईरान ने कहा है कि यदि उसके बंदरगाहों पर कोई आंच आई, तो फारस की खाड़ी या ओमान सागर में मौजूद एक भी बंदरगाह सुरक्षित नहीं बचेगा। तेहरान की चेतावनी अमेरिका के उस धमकी के जवाब में आई है, जिसमें कहा गया है कि ईरान के तटीय क्षेत्रों की समुद्री नाकेबंदी की जाएगी। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने ऐलान कर दिया है कि सोमवार से ईरानी बंदरगाहों की घेराबंदी शुरू हो जाएगी। इसका मतलब ये कि ईरानी बंदरगाहों पर आने या जाने वाले किसी भी देश के जहाज को अमेरिकी नौसेना रोक देगी। हालांकि, अमेरिका ने कहा है कि गैर-ईरानी बंदरगाहों के बीच जाने वाले जहाजों को होर्मुज से गुजरने दिया जाएगा। इस घोषणा के बाद ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने मोर्चा संभाल लिया है। ईरान ने कहा कि समुद्री सुरक्षा कोई एकतरफा रियायत नहीं है। ईरानी सेना ने कहा, खाड़ी में सुरक्षा या तो सबके लिए होगी या फिर किसी के लिए नहीं। संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघर गालिबफ ने कहा कि यदि अमेरिका लड़ने का शौक रखता है, तो ईरान भी पीछे नहीं हटेगा। बहरहाल, अमेरिकी नाकेबंदी की आशंका ने होर्मुज स्ट्रेट को लगभग ठप कर दिया है। जहां कभी रोजाना 135 जहाज गुजरते थे, वहां अब गिनती के 40 जहाज ही नजर आ रहे हैं। इसका सीधा असर दुनिया पर पड़ रहा है। अमेरिकी क्रूड ऑयल 8 फीसदी की उछाल के साथ 104.24 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। ब्रेंट क्रूड 102.29 डॉलर के स्तर को छू रहा है।




### दुनिया भर में गहराएगा ऊर्जा संकट

माना जा रहा है कि यदि ये नाकेबंदी लंबी खिंचती है, तो दुनिया भर में ऊर्जा संकट गहरा सकता है। डोनाल्ड ट्रंप इस नाकेबंदी के जरिए ईरान की आर्थिक कमर तोड़ना चाहते हैं। युद्ध शुरू होने के बाद से ईरान 'डार्क रूट्स' यानी चोरी-छिपे लाखों बैरल तेल का निर्यात कर रहा है, जिसे रोकने के लिए अमेरिका ने सैन्य कार्रवाई का रास्ता चुना है।

### हमारे पास अचूक हथियार : ईरान

सैन्य सलाहकार मोहसिन रजाई ने दावा किया कि उनके पास नाकेबंदी तोड़ने के लिए ऐसे 'अचूक हथियार' हैं, जिनका इस्तेमाल अभी तक दुनिया के सामने नहीं किया गया है। दरअसल, यह पूरा उबाल उस वक्त आया जब पाकिस्तान के इस्लामाबाद में हुई अमेरिका और ईरान की उच्च-स्तरीय शांति वार्ता बुरी तरह विफल हो गई।

# भागदौड़ और तनाव भरी जिदंगी से बचने लोग अपना रहे संडे रनिंग कल्चर

## संस्कारधानी में बढ़ा ट्रेंड, हर वर्ग का नागरिक ले रहा भाग

जबलपुर (स्वतंत्र मत)




आधुनिक जीवनशैली की भागदौड़ और तनाव के बीच संस्कारधानी का युवा अब सेहत की पगडंडियों पर चल पड़ा है। रविवार की सुबह, जब शहर का एक बड़ा हिस्सा नींद की आगोश में होता है, तब संडे रनिंग कल्चर के अंतर्गत लोग सड़कों पर पसीना बहाते नजर आते हैं। यह कम्युनिटी न केवल फिटनेस बल्कि सामाजिक जुड़ाव का एक बड़ा केंद्र बन गई है। इस कम्युनिटी की सबसे बड़ी खूबी इसकी सरलता है। यहां उम्र की कोई बाधा नहीं है। स्कूली बच्चों से लेकर अनुभवी प्रोफेशनल्स तक, सभी सुबह 5 बजे एकत्रित होते हैं। सॉफ्टवेयर इंजीनियर, वकील, व्यवसायी और छात्र एक साथ वार्म-अप करते हैं और फिर अपनी क्षमतानुसार 3 से 15 किलोमीटर की दौड़ पर निकल पड़ते हैं। यह कोई प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि खुद को स्वस्थ रखने की एक मुहिम है।

***मानसिक तनाव से मुक्ति देता सोशल नेटवर्किंग***– दौड़ के बाद करीब 8 बजे सभी प्रतिभागी एक जगह बैठकर गपशप करते हैं। सदस्य बताते हैं कि यहाँ अलग-अलग प्रोफेशन के लोगों से मिलना और अनुभव साझा करना मानसिक तनाव को कम करने का बेहतरीन उपाय है। यूपीएससी की तैयारी कर रही एक छात्रा का मानना है कि पढ़ाई के दबाव के बीच यह 'फिजिकल एक्टिविटी' उन्हें नई ऊर्जा से भर देती है।

***नशे और मोबाइल की लत पर प्रहार*** –

हलत सिंह भोगल के अनुसार इस संडे रनिंग कम्युनिटी की शुरुआत महज मुट्ठी भर लोगों से हुई थी, लेकिन आज 70 से अधिक लोग इस परिवार का हिस्सा हैं। हर रविवार भंवरताल, मालवीय चौक, सिविल लाइन या डुमना नेचर रिजर्व जैसी नई लोकेशन्स पर दौड़ आयोजित की जाती है। क्लब का उद्देश्य युवाओं को नशे और मोबाइल की लत से दूर कर मैदान की ओर प्रेरित करना है। इस कम्युनिटी से जुड़ने के लिए रूपए नहीं बल्कि बस रविवार की सुबह देनी पड़ती है इसके साथ ही यहां आने वाले सेहत प्रेमी अब सिर्फ एक रनिंग ग्रुप नहीं, बल्कि एक ऐसा परिवार बन चुके है जहां हर सदस्य एक-दूसरे की प्रगति का जश्न मनाता है।

# बहुप्रतिक्षित सामाजिक न्याय की प्रतिज्ञा है नारी शक्ति वंदन अधिनियम

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर सांसद सुमित्रा वाल्मीकी ने रखी बात




**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि सदियों से प्रतीक्षित उस सामाजिक न्याय की प्रतिज्ञा है जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धरातल पर उतारा है। यह विधेयक महिलाओं को केवल वोट बैंक समझने वाली मानसिकता को ध्वस्त कर उन्हें नीति-निर्धारण और नेतृत्वकारी भूमिका में बैठाने का ऐतिहासिक काम करेगा, यह बात राज्य सभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकी ने भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कही। पत्रकार वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, महिला मोर्चा अध्यक्ष रूपा राव, महिला मोर्चा प्रदेश सह कोषाध्यक्ष अर्चना अग्रवाल, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी श्रीकान्त साहू आदि उपस्थित थे। पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए सुमित्रा वाल्मीकी ने कहा कभी-कभी किसी निर्णय में देश का भाग्य बदलने की क्षमता होती है। हम ऐसे ही निर्णय के साक्षी बन रहे हैं। जिस बात का देश को पिछले कई दशकों से इंतजार था, वो सपना अब साकार हुआ है। ये पूरे देश के लिए बहुत ही खास समय तो है ही, साथ ही यह मातृशक्ति के लिए भी अविस्मरणीय क्षण है। उन्होंने कहा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' स्वतंत्र भारत के इतिहास का वह स्वर्णिम अध्याय है जो हमारी माताओं-बहनों को याचक से नायक की भूमिका में स्थापित करेगा। सालों से संसद की दहलीज पर खड़ी भारत की बेटियों का इंतजार अब खत्म हुआ है, क्योंकि यह अधिनियम उन्हें वह राजनीतिक सामर्थ्य दे रहा है जहां वे स्वयं अपने और देश के भविष्य का फैसला करेंगी।

***कांग्रेस पर साधा निशाना***– श्रीमती वाल्मीकि ने कहा कांग्रेस ने दशकों तक महिला आरक्षण के नाम पर देश की आंखों में धूल झोंकी है। उनके लिए यह विधेयक केवल चुनावों के घोषणापत्र का पन्ना मात्र था जिसे उन्होंने कभी नीयत के साथ लागू नहीं किया। आज कांग्रेस को जवाब देना होगा कि जिस देश ने उन्हें दशकों तक पूर्ण बहुमत और निर्बाध सत्ता सौंपी, संसद में उस देश की महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए कोई कदम क्यों नहीं उठाए। उन्होंने कहा महिला सशक्तिकरण की बात करने वाली कांग्रेस का इतिहास ही यह रहा है कि उन्होंने हमेशा आधी आबादी के अधिकारों को अपने राजनीतिक स्वार्थ और सहयोगियों के दबाव की वेदी पर चढ़ाया है।

# पंचायत परिषद का 68वां स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** ऑल इंडिया पंचायत परिषद का 68वां स्थापना दिवस समारोह भेड़ाघाट में हर्षोल्लास और भविष्य के संकल्पों के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन ऑल इंडिया पंचायत परिषद एवं मप्र राज्य पंचायत परिषद के तत्वावधान में किया गया। इसकी अध्यक्षता मप्र राज्य पंचायत परिषद के अध्यक्ष अशोक सिंह सेंगर ने की। कार्यक्रम में 73वें संविधान संशोधन के पश्चात त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं की उपलब्धियां और परिषद की भूमिका विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य वक्ता के रूप में परिषद के मुख्य महामंत्री शीतला शंकर विजय मिश्र ने कहा कि परिषद की स्थापना 12 अप्रैल 1958 को हुई थी और आज इसके 68 वर्ष पूरे हो चुके हैं। उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाने में परिषद की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 73वें संविधान संशोधन (1993) के बाद पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक अधिकार मिले, जिससे देशभर में त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था मजबूत हुई। उन्होंने यह भी कहा कि गांवों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केवल नारे नहीं, बल्कि पर्याप्त संसाधनों की आवश्यकता है। कार्यक्रम में पंचायतों के सशक्तिकरण, ग्राम सभाओं को अधिक अधिकार देने, आधुनिक सुविधाओं से युक्त पंचायत भवन निर्माण तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंचों को सम्मानित करने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। परिषद ने सुझाव दिया कि पंचायत दिवस (24 अप्रैल) पर उत्कृष्ट जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाए। मुख्य अतिथि के रूप में परिषद के अध्यक्ष अशोक सिंह जादौन ने चलो गांव की ओर अभियान के तहत देशभर में पंचायतों के सशक्तिकरण के लिए कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पंचायत प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और महिला सरपंचों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन शिव प्रताप पटेल ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही और पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए सामूहिक रूप से संकल्प लिया गया।

# प्रभु श्रीराम के समरस दर्शन में डूबी संस्कारधानी

## भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ हुआ नौ दिवसीय कथा का समापन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्म स्तुति भए प्रकट कृपाला में आने वाली पंक्ति 'यह सुख परम अनूपा..' को रामदृष्टा स्वामी श्री रामभद्राचार्य ने साकार कर दिया। नौ दिवसीय रामकथा की पावन रसधारा ने शहरवासियों को तो पावन किया ही, आयोजक संस्था समरसता सेवा संगठन के समरसता संबंधी विचार की मंत्रध्वनि की दुंदभी बजा दी। ये पहला अवसर था जब रामकथा में सर्व जाति समाज के 42 प्रतिनिधियों ने रामरस की समरस गंगा बहा समरसता की अलख जगाई। नवाह कथा के समापन दिवस पर हर कोई ये समझ गया कि महाराजजी ने कथा की विषय चौपाई 'राम जनम जग मंगल हेतू' क्यों रखी। इस कथा ने ये जीवन सूत्र दिया कि रामनाम की प्रेम धारा ही समाज में समरसता का संचार कर सकती है।

मां रेवा के भटोली स्थित कालीघाट तट में अलभोर पहुंचे हजारों श्रद्धालु उस समय धन्य-धन्य हो गए, जब उन्होंने जगद्गुरु रामभद्राचार्य को राघव सेवा करते देखा। महाराजजी अपने परिकरों के साथ सुबह पांच बजे नर्मदा तट पहुंचे और उन्होंने वैदिक विधान के अनुरूप नर्मदा स्नान किया। कथा उपरांत इशिता विश्वकर्मा और मनीष अग्रवाल के भजनों ने समां बांध दिया। समरसता मूल्यों के लिए काम कर रही संस्था के अध्यक्ष संदीप जैन का सभा ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। सभी समाजों-जातियों के लोगों के बीच समरसता के भाव बना रहे, इसकी कामना आयोजकों ने की।

***अध्यक्ष एवं सचिव की घोषणा***– उल्लेखनीय है कि हर समाजों के शीर्ष मनीषियों की जयंती पर विचार गोष्ठी, तत्समाजिक बंधुओं का सम्मान करते हुए संगठन ने उनकी बात सिर्फ उनके स्वजातीय नहीं बल्कि पूरा समाज माने और जाने, इस भाव से सब सबको जानें सब सबको मानें को विचार मान ध्येय वाक्य रखा। जगद्गुरु रामभद्राचार्य की उपस्थिति में समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने संगठन के नए अध्यक्ष हेतु पवन पांडे एवं नए सचिव हेतु मनोज सेठ के नाम की घोषणा की। नवीन अध्यक्ष एवं सचिव की घोषणा का सभी सदस्यों एवं उपस्थित श्रोताओं ने करतल ध्वनि करते हुए स्वागत किया। श्रीराम कथा के अंतिम दिवस पर सारेगामापा विजेता जबलपुर की गौरव बेटी सुश्री इशिता विश्कर्मा ने भगवान राम के भजनो की प्रस्तुति दी।

# मोक्ष संस्था ने किया लावारिस का अंतिम संस्कार

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** लावारिस और असहाय लोगों की मदद के लिए तत्पर रहने वाली मोक्ष संस्था द्वारा सोमवार को तिलवारा घाट नर्मदा तट पर एक लावारिस अज्ञात शव का अंतिम संस्कार किया गया गया। संस्था ने बताया कि युवक भोपाल बायपास मे लावारिस हालात मे बीमार मिला था। जिसने सिस्टम की लाचार व्यवस्था के चलते मेडिकल मे दम तोड़ दिया। मोक्ष संस्था के संस्थापक आशीष ठाकुर के निर्देश पर विधि विधान से युवक का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान संस्था के योगेश कोरी, वीरू बरमन, प्रशांत श्रीवास आदि उपस्थित रहे।

# संतों की वाणी से जागेगी हिन्दू राष्ट्र की भावना

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सनातन धर्म और राष्ट्र जागरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए राष्ट्रीय हिन्दू स्वाभिमान मंच, जिला-जबलपुर द्वारा एक भव्य आध्यात्मिक एवं प्रेरक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मंच के मुख्य संरक्षक मायाराम जैसवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन हिंदू समाज को जागृत करने, एकजुट करने और नई दिशा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है, जिसमें देश के ख्यात संतों की वाणी का लाभ मिलेगा। मंच निरंतर सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति और राष्ट्रहित के लिए कार्य कर रहा है। समय-समय पर विद्वानों, संतों और प्रेरक व्यक्तित्वों को आमंत्रित कर समाज में जागरूकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया जा रहा है। इस विशेष आयोजन में पोखरण (परमाणु नगरी), राजस्थान से पधार रहे महंत प्रताप पुरी महाराज (विधायक) अपनी ओजस्वी वाणी से उपस्थित जनसमूह को धर्म, राष्ट्र और संस्कृति के प्रति प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन आज 14 फरवरी को सायं 5 बजे से मानस भवन प्रेक्षागृह, राइट टाउन में आयोजित होगा।

# दीवार लेखन से किया जा रहा पानी की हर बूंद को सहेजने जागरूक

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आव्हान पर प्रदेश भर में संचालित किये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले के ग्रामीण क्षेत्र में दीवारों स्लोगन लिखकर ग्रामवासियों को पानी की हर बूंद सहेजने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जन अभियान परिषद की स्थानीय इकाइयों द्वारा ष्जल ही जीवन हैष् के सन्देश को जन.जन तक पहुंचाने और लोगों को जल स्त्रोतों के पुनरुद्धार के कार्य में सहभागी बनने के लिये प्रेरित करने ये स्लोगन गांव के मुख्य मार्गोंए ग्राम पंचायतोंए सार्वजनिक स्थानों और तालाबों के किनारे दीवारों पर लिखे जा रहे हैंए ताकि ये लोगों को आसानी से दिखाई दे सकें। जल है तो कल है, पानी की एक एक बूंद कीमती है, पानी की रक्षा भविष्य की सुरक्षाश, पानी की हर बूंद में बसा है जीवन का सार, आज बूंद बूंद जल बचाएंगे तो कल बेहतर जीवन पायेंगे जैसे स्लोगन ग्रामीणों का ध्यान बरबस अपनी ओर आकर्षित कर रहे है।

# सीएम हेल्पलाइन और जनगणना पर दें प्राथमिकता

जबलपुर (स्वतंत्र मत) । प्रभारी कलेक्टर रामप्रकाश अहिरवार की अध्यक्षता में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल संचय जन भागीदारी कार्यक्रम अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा कर उन्होंने कहा कि इस दिशा में प्रभावी कार्य करें। साथ ही स्वक्षता सर्वेक्षण के संबंध में भी उनके द्वारा आवश्यक निर्देश दिये गए । बैठक में उन्होंने सीएम हेल्पलाईन व लंबित प्रकरणों पर प्राथमिकता दिखाने निर्देश दिए । बैठक में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत स्व-गणना प्रक्रिया को प्रोत्साहित करने के लिए सभी शासकीय विभागों, अधीनस्थ कार्यालयों, अन्य संगठनों के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों से सक्रिय भागीदारी की अपील की जनगणना-2027 का प्रथम चरण 16 अप्रैल से प्रारंभ होकर 30 अप्रैल तक चलेगा। इसके साथ ही जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के संबंध में आवश्यरक दिशा निर्देश दिये।

# एनडीए की परीक्षा के बाद हुई डी-ब्रीफिंग बैठक

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली द्वारा आयोजित एनडीए एवं एनए सीडीएस (1) परीक्षा के सफल आयोजन के उपरांत कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में डी-ब्रीफिंग बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली के प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार मीणा द्वारा की गई। इस अवसर पर परीक्षा के प्रभारी डिप्टी कलेक्टर आरएस मरावी द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन परीक्षा समन्वयक, डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

डी-ब्रीफिंग बैठक में परीक्षा हेतु नियुक्त 11 परीक्षा केंद्रों के केंद्र अधीक्षक, सहायक अधीक्षक, कलेक्ट्रेट द्वारा नियुक्त लोकल इंस्पेक्टिंग ऑफिसर्स, परीक्षा कंट्रोल रूम प्रभारी श्याम वाल्मिक, मधु वैद्य तथा कलेक्ट्रेट नियंत्रण कक्ष के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान परीक्षा की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं एवं शांतिपूर्ण तथा पारदर्शी संचालन पर संघ लोक सेवा आयोग के प्रतिनिधियों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। साथ ही, आगामी परीक्षा कार्यक्रमों के सफल संचालन हेतु वेन्यू सुपरवाइजर्स की अपेक्षाओं एवं आवश्यक सुधार बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। प्राप्त सुझावों एवं फीडबैक पर संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए आगामी परीक्षाओं को और अधिक प्रभावी एवं उत्कृष्ट बनाने हेतु डिप्टी कलेक्टर रघुवीर सिंह मरावी द्वारा आश्वासन दिया गया। अंत में जिला प्रशासन द्वारा पधारे हुए संघ लोक सेवा आयोग के प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए डी-ब्रीफिंग बैठक का समापन किया गया।

# करोड़ों की राशि मिलने के बाद फिर कैसा मुआवजा

## भूमि अधिग्रहण मामले में मप्र हाईकोर्ट ने सुनाया अहम फैसला

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



मप्र उच्च न्यायालय की जस्टिस विवेक रूसिया और जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगल पीठ ने जमीन अधिग्रहण और मुआवजे से जुड़े एक हाई-प्रोफाइल मामले में पहले आपसी सहमति से समझौता कर सरकारी खजाने से करोड़ों रुपये लेने के बाद भी कानूनी दांव-पेच के जरिए अतिरिक्त कमाई की फिराक में दायर अपील को खारिज कर दिया है। दरअसल यह मामला जबलपुर की अधारताल तहसील का है। जहां पर मिलौनीगंज निवासी अजीत यादव और अन्य ने नगर निगम जबलपुर द्वारा उनकी अधिग्रहित अतिरिक्त जमीन के बदले 1,17,03,900 (एक करोड़ सत्रह लाख से ज्यादा) का मुआवजा आपसी सहमति से चुपचाप स्वीकार कर लिया। लेकिन जैसे ही पैसा खाते में आया, उनकी नीयत डोल गई। उन्होंने और अधिक पैसों की मांग करते हुए हाई कोर्ट में याचिका लगा दी।

***नए कानून का दिया हवाला*** – याचिकाकर्ताओं की ओर से यह तर्क दिया गया कि चूंकि अधिग्रहण की कार्यवाही 2013 के नए भूमि अधिग्रहण अधिनियम के लागू होने के दौरान लंबित थी, इसलिए याचिकाकर्ताओं को इसी नए कानून के तहत उचित और बाजार दर से मुआवजा मिलना चाहिए। शासन की ओर से उप महाधिवक्ता अभिजीत अवस्थी ने दलील दी कि एक बार जब मुआवज़ा स्वीकार कर लिया जाता है, तो वह लेन-देन अंतिम माना जाता है और अपीलकर्ताओं के कहने पर उसे दोबारा नहीं खोला जा सकता। इसलिए अपीलकर्ता एक ही समय पर लाभ स्वीकार करके और साथ ही उसे चुनौती देकर, दोहरी नीति नहीं अपना सकते।

***भूमि पर अन्य लोगों का हिस्सा***– इस मामले में इंटरविनर ऋतुध्वज अग्रवाल की ओर से अधिवक्ता आदर्श सिंह चौहान ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ताओं ने धोखाधड़ी कर मुआवजा हड़पा है, जबकि जमीन में अन्य लोगों का भी हिस्सा था। याचिकाकर्ता ने उस ज़मीन के मुआवज़े का गबन किया है जो स्व लता यादव के हिस्से में आती थी। अजित यादव ने खसरा संख्या 119/3 और 119/2 के संबंध में लता यादव के खिलाफ अपने मालिकाना हक़ के लिए एक मुकदमा डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में दायर किया था, जिसे न्यायालय द्वारा खारिज कर दिया गया है। उन्होंने कोर्ट को ये भी बताया कि याचिकाकर्ताओं ने अपनी पुरानी 6 याचिकाओं की जानकारी भी छिपाई, जो सीधे तौर पर न्याय प्रक्रिया के साथ धोखाधड़ी है। इस दौरान कोर्ट ने शर्त रखी कि अगर अपीलार्थी नए सिरे से सुनवाई चाहते हैं तो पहले मिला हुआ मुआवजा लौटाना होगा, तो अपीलार्थी के वकील ने स्पष्ट रूप से कहा कि उनके मुवक्किल भारी-भरकम राशि वापस करने की स्थिति में नहीं हैं। इस पर कोर्ट ने कहा कि ऐसी स्थिति में, यह माना जा सकता है कि अपीलकर्ता ने आपसी समझौते के तहत ज़मीन की कीमत स्वीकार कर ली थी, और अब अपीलार्थी मुआवजे की अपर्याप्तता के बारे में कोई आपत्ति नहीं उठा सकता है और मुआवज़े के नाम पर इसमें बढ़ोतरी की मांग भी नहीं कर सकता है। तदानुसार अदालत ने रिट अपील को बिना सद्भावना वाली बताते हुए उसे सिरे से खारिज कर दिया।

हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-smatjbp1@ gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**

# एलपीजी भरकर जबलपुर आ रही मालगाड़ी के वैगन में हुआ लीकेज, मचा हड़कंप

## घंटो प्रभावित रहा ट्रेन यातायात, बुलाई गई टेक्निकल टीम





जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

महाराष्ट्र के पनवेल चलकर जबलपुर के भिटौनी आ रही भारत पेट्रोलियम की एलपीजी से भरी मालगाड़ी के वैगन में लीकेज होने से हड़कंप की स्थिति मच गई। यह घटना खंडवा रेलवे स्टेशन के आउटर पर रविवार रात हुई। बताया जा रहा है कि एलपीजी गैस के 32 वैगन से भरी ट्रेन खंडवा रेलवे स्टेशन के आउटर पर खड़ी थी। इसी दौरान यहां ट्रेन का स्टाफ बदला गया। नई टीम को स्मैल (बदबू) आने पर चेकिंग की गई, जिसमें एक वैगन से लीकेज का खुलासा हुआ। सूचना मिलते ही रेलवे के स्थानीय अधिकारी, खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता और एसपी मनोज कुमार राय मौके पर पहुंचे। टेक्निकल टीम की मदद से लीकेज वैगन को ट्रेन से अलग कर दूर आइसोलेट किया गया। एहतियात के तौर पर लीकेज वाले वैगन को गीले बारदान (बोरियों) और गीली बालू रेत से ढंक दिया गया।

### पीथमपुर से बुलाई टेक्निकल टीम

बताया जा रहा है कि लीकेज वैगन को अलग करने और स्थिति को सुरक्षित करने में प्रशासन को करीब 3 घंटे का समय लगा। रात 12.30 बजे अधिकारी मौके से रवाना हुए। इस पूरे घटनाक्रम के कारण रेलवे यातायात भी बाधित हुआ और राजधानी व मंगला एक्सप्रेस सहित कुल 6 ट्रेनें प्रभावित रहीं। स्थिति नियंत्रण में आने के बाद रात 12.30 बजे से ट्रेनों की आवाजाही फिर से शुरू कर दी गई।

इधर मौके पर पहुंचे कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि 32 वैगन वाली ट्रेन में एलपीजी गैस भरी हुई थी। एक वैगन में लीकेज पाया गया। जिसे आइसोलेट करके फर्स्ट एड के रूप में गीली बोरियों से ढ़का गया हैं। औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर से टेक्निकल टीम को बुलाया गया। एक वैगन में इतनी गैस भरी रहती है कि, यदि हादसा होता तो पूरा शहर दहल सकता था।

# पत्नी पर बिना किसी आधार के चरित्रहीनता के आरोप लगाना मानसिक क्रूरता

### तालाक की याचिका निरस्त कर कुटुम्ब न्यायालय ने सुनाया अहम फैसला



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कुटुम्ब न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश मुकेश कुमार दांगी ने तलाक के एक मामले में अहम फैसला सुनाते हुए पति द्वारा लगाई गई तलाक की याचिका को निरस्त कर दिया है। मामला यह था कि शुभम का हर्षा के साथ वर्ष 2017 में हिन्दू रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह सम्पन्न हुआ था, जिससे एक पुत्र प्रथम का जन्म भी हुआ। शुमम एवं उसके परिजनों ने हर्षा के साथ कई तरह के घरेलू हिंसा एवं प्रताड़ना के कृत्य किये जिस पर हर्षा अपना परिवार बधाने की खातिर सब कुछ सहती रही। कोरोनाकाल में उसके पिता की मृत्यु जबलपुर में हो गई। परिणामस्वरूप हर्षा को मायके जाकर अपनी मां की देखरेख करने के लिए जबलपुर में में कुछ ज्यादा रुकना पड़ा जिस पर शुभन और उसके परिजनों में उसकी मां नाराज हो गये और उन्होंने हर्षा की मां को नरसिंहपुर बुला लिया और उसे व उसके नाबालिग पुत्र सहित उसका समस्त स्त्रीधन छुड़ाकर मई 2021 में ससुराल वाले घर से निकाल दिया। इसी बीच पति शुभम ने कुटुम्ब न्यायालय नरसिंहपुर में हिन्दू विवाह अधिनियम के अंतर्गत जास्ता, क्रूरता एवं मरित्याग के आधार पर विवाह विच्छेद का मामला वर्ष 2024 में प्रस्तुत कर दिया।

### प्रस्तुत नहीं किया कोई भी साक्ष्य

उच्च न्यायालय ने उक्त मामले को हर्षा की याचिका पर कुटुम्ब न्यायालय जबलपुर में स्थानांतरित किया । जिस पर तृतीय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश मुकेश कुमार दांगी कुटुम्ब न्यायालय जबलपुर के समक्ष सुनवाई चली। कुटुम्ब न्यायालय जबलपुर ने मामले के विचारण उपरात पाया कि शुभम ने अपनी याचिका में लिखा है कि हर्षा जारता की दशा में रह रही है, जिस पर शुभम ने कोई भी साक्ष्य नहीं दिया, न ही इसका कोई आधार बताया, बिना किसी आधार व साक्ष्य के पत्नि पर चरित्रहीनता के आरोप लगाना गंभीर किस्म की मानसिक क्रूरता है। न्यायालय ने अपना फैसला सुनाते हुए पति शुभम की तलाक की याचिका निरस्त कर दी। न्यायालय में हर्षा की ओर से एडवोकेट आनन्द चावला ने पैरवी की।

# जबलपुर से हावड़ा के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष किराये पर आरक्षित एवं अनारक्षित स्पेशल ट्रेनें चल रही है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से गाड़ी संख्या 01701/02 जबलपुर-हावड़ा-जबलपुर स्पेशल ट्रेन 3-3 ट्रिप चलाने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 01701 जबलपुर से हावड़ा स्पेशल ट्रेन 14 अप्रैल से 28 अप्रैल तक प्रत्येक मंगलवार को अपने प्रारंभिक स्टेशन जबलपुर से 19:20 बजे प्रस्थान कर कटनी साऊथ 20:25 बजे, खन्ना बंजारी 21:30 बजे, ब्योहारी 23:20 बजे, पहुँचकर अगले दिन बरगवां 01:20 बजे, सिंगरौली 02:20 बजे, रेणुकूट 05:00 बजे, डालटनगंज 07:28 बजे, राँची रोड 11:30 बजे, बोकारो थर्मल 12:40 बजे, धनबाद जंक्शन 15:50 बजे, आसनसोल जंक्शन 17:00 बजे, दुर्गापुर 17:35 बजे, बैण्डेल जंक्शन 20:48 बजे और बुधवार को रात 22:15 बजे हावड़ा जंक्शन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01701 हावड़ा से जबलपुर स्पेशल ट्रेन 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक प्रत्येक गुरुवार को अपने प्रारंभिक स्टेशन हावड़ा जंक्शन से मध्यरात्रि 12 बजे प्रस्थान कर बैण्डेल जंक्शन 01:00 बजे, बर्द्धमान जंक्शन 01:50 बजे, धनबाद जंक्शन 06:20 बजे, बरकाकाना जंक्शन 10:00 बजे, पतरातू 10:38 बजे, लातेहार 12:38 बजे, रेणुकूट 16:00 बजे, चोपन 16:45 बजे, ओबराडैम 17:25 बजे, सिंगरौली 19:20 बजे, बरगवां 20:18 बजे, सरईग्राम 20:58 बजे, ब्यौहारी 22:40 बजे, खन्ना बंजारी 23:56 बजे, पहुँचकर अगले दिन कटनी साऊथ 01:30 बजे और शुक्रवार को जबलपुर 04:00 बजे पहुंचेगी।




# पमरे के नवागत महाप्रबंधक ने संभाला पदभार

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पश्चिम मध्य रेल के नवागत महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण करने के पहले दिन महाप्रबंधक कार्यालय में सभी विभागों के मुख्य विभागाध्यक्षों के साथ भेंट करते हुए कार्यप्रणाली एवं विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाप्रबंधक ने पश्चिम मध्य रेल के कार्यों की समीक्षा करते हुए रेल संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, परिचालन दक्षता एवं समयपालन में सुधार लाने, अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों में तेजी लाने विशेष बल दिया। बैठक के दौरान विभागाध्यक्षों ने महाप्रबंधक को समस्त विभागों की कार्यप्रणाली से अवगत कराया । पश्चिम मध्य रेल देश के महत्वपूर्ण रेल जोनों में से एक है, जहाँ माल परिवहन के साथ-साथ यात्री ट्रेनों का सुचारु संचालन किया जाता है। उम्मीद है की दिलीप कुमार सिंह के नेतृत्व में पमरे के समग्र विकास एवं सेवा गुणवत्ता में और अधिक सुधार होगा।

### मोबाइल पर झपट्टा मार फरार हुए बदमाश

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अधारताल थाने में 21 वर्षीय मनसुख सोनी निवासी शक्तिनगर मदनमहल गढ़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 6 अप्रैल को वह एवं उसके बड़े भाई शिवकुमार सोनी एवं जीजा रमेश सोनी के साथ ईरिक्शा में बैठकर जीजा रमेश सोनी के घर जा रहे था । सीएम राईज स्कूल के सामने कृषिनगर मेन रोड पहुँचे ही उसने खाना आर्डर करने के लिये मोबाइल हाथ में लिया तभी पीछे तरफ से एक्टिवा में सवार 2 लडके आये और उसका एप्पल कम्पनी का मोबाइल झपटकर तेजी से निर्भयनगर तरफ भाग गये। चोरी की इस वारदात के बाद पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।




# महिला कर्मी ने एमपी ट्रांसको को दिलाई 160 करोड़ रूपए की बचत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) मुख्यालय जबलपुर में पदस्थ अकाउंट ऑफिसर निकिता सिद्धा ने भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के तहत संचालित महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम एवं देश भर में बिजली उत्पादन, पारेषण और वितरण परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण प्रदान करने वाली अग्रणी संस्था रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ प्रभावी वित्तीय समन्वय एवं तकनीकी प्रस्तुतियों के माध्यम से कंपनी के ऋणों की ब्याज दर 9.8 प्रतिशत से घटाकर 8.47 प्रतिशत कराने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की। इस वित्तीय पुनर्संरचना से ट्रांसमिशन परियोजनाओं हेतु भविष्य के ऋणों पर लगभग 160 करोड़ रुपये की बचत का अनुमान है। श्रीमती सिद्धा को योगदान के लिए मुख्यालय जबलपुर में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रबंध संचालक सुनील तिवारी, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता एनजी टिकेकर एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी मुकुल मेहरोत्रा द्वारा सिल्वर मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### वंदे भारत की बोगी में धोखे से चढ़ा मासूम, दरवाजा हुआ लॉक

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जबलपुर रेल मंडल ने जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का परिचय दिया। दरअसल बीते दिन गाड़ी संख्या 20173 डाउन वंदे भारत एक्सप्रेस में एक 11 वर्षीय बालक वैभव पाण्डेय मैहर स्टेशन से कौतूहलवश सी 3 कोच में चढ़ गया और ट्रेन के दरवाजे ऑटोमेटिक लॉक होने के कारण घबरा के रोने लगा। जिसके बाद प्लेटफॉर्म पर मौजूद कुछ लोग गाड़ी को रोकने का इशारा करने लगे जिसको देख टिकट चेकिंग स्टाफ के संजय तिवारी तत्काल बालक के पास पहुंचे पर तब तक ट्रेन प्लेटफॉर्म छोड़ दी । उन्होंने बालक को संभाला, पानी पिलाया, और परिजनों से फोन पर बात कर उन्हें आश्वस्त किया।

# ह्रदय रोग से ग्रसित मासूम को मिला नया जीवन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जिला प्रबंधक, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम सुभाष शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत ह्रदय रोग से ग्रसित 01 वर्ष 03 माह के बालक आयुष काछी पिता अनुभव काछी, निवासी- वार्ड नं. 12, ह्रदय नगर, विकासखण्ड सिहोरा को आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से सफल सर्जरी कर नया जीवन प्रदान किया।



मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अर्शिया खान के मार्गदर्शन में वार्ड नं. 12, ह्रदय नगर, विकासखण्ड सिहोरा, जिला जबलपुर स्वास्थ्य परीक्षण करने पहुंची आरबीएसके टीम डॉ. निशा पटैल एवं रबेका चौधरी एएनएम ने पाया कि 01 वर्ष 03 माह का बालक आयुष काछी जन्म से ह्रदय रोग से ग्रसित है। उनके द्वारा इसकी जानकारी डीईआईएम सुभाष शुक्ला को दी गई। जिन्होंने उक्त बालक की जांच कराकर, अनुशंसा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. नवीन कोठारी से की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशानुसार डॉ. अमजद खान जिला नोडल अधिकारी आरबीएसके कार्यक्रम एवं सुभाष शुक्ला जिला प्रबंधक, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुये बालक का रजिस्ट्रेशन कराकर परिजन की सहमति उपरांत बालक को निजी हॉस्पिटल रैफर किया गया। उक्त चिकित्सालय में बालक की सफल सर्जरी नि:शुल्क की जाकर नया जीवन प्रदान किया गया।

### भोपाल से आई कार ने देर रात शहर की सड़कों पर मचाया कोहराम

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** घमापुर क्षेत्रांतर्गत रेल पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने भोपाल आरटीओ में रजिस्टर्ड एक इनोवा कार ने देर रात ऐसा तांडव मचाया कि कुछ देर के लिए क्षेत्र के रहवासियों के बीच अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। तेज रफ्तार इनोवा कार द्वारा एक आटो व एक कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी कि आटो पलट गया और खड़ी कार लगभग पांच फिट दूर जा पहुंची। टक्कर मारने के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया, जिसे स्थानीय लोगों द्वारा दी गई सूचना के आधार पर कार को रेलवे जीएम कार्यालय के सामने पकड़ लिया गया। स्थानीय लोगों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इनोवा कार में चार युवक चलती हुई कार में शराब पी रहे थे।

# बिजली चोरी करने वालों पर विभाग ने की कार्यवाही

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहपुरा के भिटौनी टाउन में बिजली चोरी और बकाया वसूली को लेकर विद्युत विभाग ने सख्त रुख अपनाया सोमवार, 13 अप्रैल को पाटन के कार्यपालन अभियंता के निर्देशन में टीम ने इलाके में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने घर-घर पहुंचकर कनेक्शन की जांच की। जांच में 5 उपभोक्ता ऐसे पाए गए जो अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे थे। मौके पर ही उनके खिलाफ विद्युत चोरी के प्रकरण दर्ज किए गए साथ ही लंबे समय से बिल जमा नहीं करने वाले बड़े बकायादारों पर भी कार्रवाई की गई। ऐसे 8 उपभोक्ताओं की बिजली लाइन काट दी गई। विभाग का कहना है कि बकाया राशि जमा करने के बाद ही इनकी सप्लाई बहाल की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार, यह अभियान सिर्फ औपचारिक कार्रवाई नहीं, बल्कि बिजली चोरी पर लगाम लगाने के लिए व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है। टीम ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। वितरण केंद्र प्रभारी रंजन पाण्डेय ने बताया कि



शहपुरा टाउन के सभी वार्डों में चरणबद्ध तरीके से सघन चेकिंग की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो उपभोक्ता नियमों का उल्लंघन कर बिजली चोरी करेंगे या बिल नहीं चुकाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# युवक कांग्रेस के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने किया यूएस ट्रेड डील का विरोध

### कलेक्ट्रेट घेराव से पहले पुलिस ने किया वॉटर कैनन का इस्तेमाल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।





यूएस ट्रेड डील के विरोध में सोमवार को सैंकडो की संख्या में युवक कांग्रेस के कायकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष भानू प्रताप चिब के नेतृत्व में रैली निकालते हुए प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव के लिए रवाना हुए कार्यकर्ताओं को पुलिस ने घंटाघर के पास बैरिकेडिंग और वॉटर कैनन की सहायता से वहीं रोक दिया। बताया जा रहा है कि घंटाघर पर करीब आधे घंटे तक पुलिस ने लगातार वाटर कैनन का इस्तेमाल किया, लेकिन कार्यकर्ता पीछे हटने को तैयार नहीं हुए। फायर ब्रिगेड की 3 गाड़ियों से एक साथ पानी की तेज बौछारें डाली गईं, इसके बावजूद प्रदर्शन जारी रहा।

**किसानों और मजदूरों को होगा नुकसान**-इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष बैरिकेड पर चढ़कर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष सहित 100 से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा कि प्रस्तावित यूएस ट्रेड डील से किसानों और मजदूरों को नुकसान होगा। उन्होंने इसे देशहित के खिलाफ बताते हुए विरोध जताया। यूथ कांग्रेस ने कहा कि इस मुद्दे पर आंदोलन केवल मध्यप्रदेश तक सीमित नहीं रहेगा। देशभर में विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। इस दौरान चिब ने महंगाई, गैस सिलेंडर की कीमतों और केंद्र सरकार की विदेश नीति को लेकर भी सवाल उठाए।

### खाते से उड़ गई 1.94 लाख की रकम

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोहलपुर थाने में 54 वर्षीय ब्रजेश नायक निवासी शांतिनगर गोहलपुर ने बताया की 19 मार्च और 20 मार्च को उसके बैंक अकाउण्ट से 1 लाख 94 हजार 486 रूपये सायबर ठगी के माध्यम से निकाल लिये गए है। उस समय उसका मोबाइल अचानक डिसचार्ज होने लगा था । उसने सोचा कि शायद बेटरी ख़राब हो गयी है। जिसके बाद वह जयंती काम्पलेक्श स्थित ऑल टू ऑल मोबाइल सेंटर पर बैटरी चैक कराने गया जहां उससे कहा गया की बैटरी ठीक है बस फोन रीसेट कर लो। लेकिन रिसेट करने के पहले ही मोबाइल से गूगल पे तथा फोन पे एप अचानक गायब हो गये। जिसके बाद लिखित शिकायत की अवलोकन पर किसी अज्ञात यूपीआई धारक के द्वारा धोखाधड़ी कर बैंक खाते से 1 लाख 92 हजार 486 रूपये निकालने की बात सामने आयी पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया।



## सड़क हादसा: कार की लाईट से चौंधाई आंखें

# बाईक पेड़ से टकराई, एक की मौत, महिला घायल

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

सड़क हादसे में घायल युवक संदीप पिता बिरबल मड़ावी (20) की जिला अस्पताल में मौत हो गई। मृतक की तहरीर मिलने के बाद अस्पताल चौकी पुलिस ने पंरिजनों की मौजूदगी में शव पंचनामा कार्यवाही के बाद 13 अप्रैल रविवार की सुबह 11 बजे करीब पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। जबकि घायल महिला रोशनी पति बस्तीराम धुर्वे (23) का लालबर्रा अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना लालबर्रा थाना क्षेत्र के नेवरगांव और कंजई घाटी के बीच 12 अप्रैल की मध्यरात्रि की है, जब परिवार के लोग एक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के बाद घर लौट रहे थे। दरअसल, रविवार को लालबर्रा के धुर्वे परिवार के यहां लड़के के विवाह की रिसेप्शन पार्टी थी। जिसमें शामिल होने सिवनी जिले के उगली थाना अंतर्गत गुरेरामाल से संदीप मड़ावी, बस्तीराम पिता रमेश धुर्वे (26), पत्नी रोशनी धुर्वे (23) और आर्यन पिता राजन सिल्हारे (23) पहुंचे थे। जहां पार्टी में शामिल होने के बाद सभी रात्रि तकरीबन 1 बजे, वह लालबर्रा से दो मोटर सायकिल में घर गुरेरामाल जा रहे थे। इस दौरान एक मोटर सायकिल में बस्तीराम के साथ संदीप बैठा था। जबकि दूसरी मोटर सायकिल में आर्यन के साथ रोशनी और उसका मासुम बच्चा था। बस्तीरारम, संदीप के साथ आगे चल रहा था। इसी दौरान नेवरगांव और कंजई घाटी के बीच, सिवनी की ओर से आ रहे एक चौपहिया वाहन की लाईट की रोशनी, बस्तीराम की आंखो में पड़ी और उसका वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। जिसके बाद आर्यन की भी मोटर सायकिल अनियंत्रित हो गई। जिससे साथ बैठी रोशनी भी गिर गई। जिसमें संदीप और रोशनी के घायल हो गए। जिसकी जानकारी के बाद एम्बुलेंस से दोनो ही घायलों को लालबर्रा अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिकी उपचार के बाद संदीप की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रिफर किया गया था। जब घायल, संदीप को जिला अस्पताल लाया गया तो डॉ. ने उसे मृत घोषित कर दिया।





जिसके बाद शव को अस्पताल के फ्रिजर में रखा गया था। आज सोमवार को परिजनों की मौजूदगी में उसका पीएम कराया गया। अस्पताल चौकी प्रभारी ईश्वरदयाल पटले ने बताया कि मामले में शून्य पर मर्ग कायम कर अग्रिम कार्यवाही के लिए डायरी संबंधित थाना को भेजी जाएगी।

# एसडीएम ने जब्त की बोरवेल मशीन

## लोहमारा में बिना अनुमति हो रहा था बोर खनन

कटंगी(स्वतंत्र मत)

तहसील क्षेत्र के ग्राम लोहमारा में बिना अनुमति बोर खनन कर रही है बोर मशीन को जब्त करने की कार्रवाई की गई है। एसडीएम के.सी.ठाकुर ने नायब तहसीलदार पी.एल.साड्या के साथ मौका स्थल पर पहुंचकर कार्रवाई को अंजाम दिया। एसडीएम ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर बालाघाट के निर्देश पर कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। बोरवेल मशीन को जब्त कर एसडीएम कार्यालय परिसर में सुरक्षित लाकर खड़ा करवा दिया है। पेयजल स्त्रोतों के संरक्षण और उनके न्यायसंगत उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए लागू मध्य प्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम को बालाघाट जिले में लागू करने के लिए बीते दिनों कलेक्टर मृणाल मीणा ने आदेश जारी किए है। इस आदेश को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और प्रशासनिक अधिकारी पूरी गंभीरता से जुटे हुए है। कलेक्टर ने संपूर्ण बालाघाट जिले को 13 मार्च से 31 जुलाई तक जल अभावग्रस्त घोषित किया है। इस अवधि में कोई भी नलकूप खनन नहीं करेगा। यह भी आदेश में साफ स्पष्ठ है। कलेक्टर के आदेश के अनुसार सक्षम अनुमति के बिना कोई भी व्यक्ति किसी भी सार्वजनिक स्त्रोत यथा नदी-नालों, बंधान, स्टॉप डेम, जलधारा,



जलाशय, सार्वजनिक कुंओं, झिरिया और पेयजल के अन्य स्त्रोतों से सिंचाई या औद्योगिक प्रयोजन के लिए जल का उपयोग नहीं करेगा। जिले को जल अभावग्रस्त घोषित किया गया है इसीलिए कलेक्टर या कलेक्टर के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी की अनुज्ञा के बिना कोई भी व्यक्ति, संगठन या प्राद्यिकरण नलकूप खनन नहीं करेगा। आदेश में साफ कहा गया है कि बालाघाट जिले में नल जल प्रदाय योजनाओं से पेयजल प्रदाय किये जाने के समय जिन नल कनेक्शन वाले घरों मे मोटर पंप स्थापित कर प्रेशर से पानी खींच लिया जाता है, जिससे कि अन्य घरों तक पेयजल प्रदाय नहींड्ढ हो पाता। इस प्रकार की स्थिति पर प्रतिबंध लगाया गया है। ग्राम पंचायत और नगर परिषद को निर्देशित किया गया है कि जिन घरों में ऐसा किया जा रहा है।

## तीर्थ दर्शन कर लौटे कलार समाज के पदाधिकारी, विभिन्न धार्मिक स्थलों का किया दर्शन

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** डहरवाल कलार समाज के पदाधिकारियों द्वारा आयोजित तीर्थ यात्रा सफलतापूर्वक पूर्ण कर श्रद्धालु अपने गृह नगर लौट आए। यह यात्रा 2 अप्रैल की शाम को प्रारंभ हुई, जब बस को डहरवाल कलार समाज के जिलाध्यक्ष राजेंद्र साकरे, सर्ववर्गीय कलार समाज के जिलाध्यक्ष राधेलाल दौने एवं महिला संगठन की जिलाध्यक्ष सरिता सोनेकर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान कुल 55 तीर्थयात्री यात्रा में शामिल हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, समाज के पदाधिकारियों के नेतृत्व में यह धार्मिक यात्रा आयोजित की गई। संगठन मंत्री शिवाजी बाविसताले, डी.सी. डहरवाल एवं दुर्गा प्रसाद बाविसताले के मार्गदर्शन में तीर्थयात्रियों का जत्था बालाघाट से रवाना हुआ। यात्रा के दौरान सबसे पहले श्रद्धालु माता शारदा मंदिर मैहर पहुंचे, जहां दर्शन के बाद आगे बढ़ते हुए चित्रकूट धाम में भगवान श्रीराम से जुड़े पवित्र स्थलों का भ्रमण किया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम प्रयागराज में गंगा, यमुना एवं सरस्वती के संगम पर आस्था की डुबकी लगाई। यात्रा का अगला पड़ाव अयोध्या रहा, जहां श्रद्धालुओं ने भव्य राम मंदिर में रामलला के दर्शन किए। इसके बाद काशी पहुंचकर काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग में भगवान शिव के दर्शन किए। वापसी के दौरान तीर्थयात्रियों ने भेड़ाघाट का भी भ्रमण किया, जहां संगमरमर की चट्टानों के बीच बहती नर्मदा नदी एवं धुआंधार जलप्रपात का मनमोहक दृश्य देखा। यह 55 श्रद्धालुओं का जत्था 9 अप्रैल की सुबह सकुशल बालाघाट लौट आया। इस अवसर पर संगठन मंत्री शिवाजी बाविसताले ने कहा कि यह तीर्थ यात्रा समाज में धार्मिक आस्था, एकता और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का माध्यम बनी है।

# मोटर पंप चोरी कर खरीदी ब्रिकी करने वाले 3 गिरफ्तार

कटंगी(स्वतंत्र मत)

तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम गुडरूघाट के सार्वजनिक कुएं से मोटर पंप की चोरी की वारदात को अंजाम देकर खरीदी-ब्रिकी करने वाले 03 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जबकि इस मामले में एक आरोपी अब भी फरार है। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस ने एक मोटर पंप, चोरी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एक चाकू और कुछ नकदी रकम भी बरामद की। तीनों ही आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया है। चोरी की घटना में शामिल दो लोग आदतन अपराधी प्रवृत्ति के



है। इसमें एक के खिलाफ हत्या जैसी वारदात को अंजाम देने का अपराध पंजीबद्ध है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार, चोरी के मामले में रंजीत पिता अशोक उइके निवासी वार्ड नंबर 12 गुडरूघाट, निर्दोष पिता अशोक मेश्राम, निवासी वार्ड नंबर 15 गुडरूघाट, दिलीप पिता शिवराम पराते निवासी वार्ड नंबर 1 मिरगपुर को गिरफ्तार किया गया है। वहीं इनु नगपुरे नाम का आरोपी फरार है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार रंजित और निर्दोष ने 10 अप्रैल की रात्रि 12 बजे चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने दिलीप पराते और ईनु नगपुरे को मोटर पंप और उससे जुड़ी अन्य सामग्री बेची। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज होते ही घटना की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए आरोपियों का पतासाजी की और घटना के 48 घंटे के भीतर चोर पुलिस के हत्थे चड़ गए। पुलिस रिकार्ड के अनुसार निर्दोष के खिलाफ हत्या की गंभीर धारा 302 का अपराध पूर्व में पंजीबृद्ध है। वहीं रंजित के खिलाफ भी मारपीट का अपराध दर्ज है। पुलिस ने बताया कि मोटर पंप चोरी के आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 379, 317 की कार्रवाई की है।

## सीएमएचओ डॉ. उपलप ने किया आयुष्मान आरोग्य मंदिर कुम्हारी का निरीक्षण, व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** क्षेत्र के आयुष्मान आरोग्य मंदिर कुम्हारी में 13 अप्रैल को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, दवाओं की उपलब्धता एवं रिकॉर्ड संधारण की स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान टेबलेट पेरासिटामोल 500 एमजी का भौतिक सत्यापन किया गया। साथ ही ओपीडी में उपलब्ध दवाओं के स्टॉक, वितरण एवं खर्च से संबंधित रजिस्टरों के संधारण की



जांच की गई और आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने गैर-संचारी रोग मरीजों के ओपीडी रिकॉर्ड का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी को ओपीडी रजिस्टर का नियमित एवं विस्तृत रूप से संधारण करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने यह भी बताया कि सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के आधार पर संस्थाओं की नियमित समीक्षा की जाती है, इसलिए रिकॉर्ड का सही एवं अद्यतन होना आवश्यक है। साथ ही सीएचओं को संस्था में समय पर उपस्थित रहने और कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान विनोद कामड़े, सेक्टर सुपरवाइजर एवं सीएचओं उपस्थित रहे। यह निरीक्षण स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने एवं मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत टीम द्वारा गैस एजेंसियों पर जाकर किया गया सर्वेक्षण



उमरिया (स्वतंत्रमत)

जिला सचिव अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ओमप्रकाश गौतम ने बताया कि वैश्विक परिदृश्य के तहत वर्तमान समय में एलपीजी गैस सिलेंडर की जो समस्या उत्पन्न हो रही है उसको लेकर शुक्रवार दिनांक 10 अप्रैल 2026 को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत उमरिया जिले की टीम द्वारा जिले की अधिकतर गैस एजेंसियों पर जाकर सर्वेक्षण किया गया एजेंसी एवं ग्राहकों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित रहे एवं गैस एजेंसी ग्राहकों का शोषण ना कर पाए इसी उद्देश्य से सर्वेक्षण किया गया। ग्राहक पंचायत की टीम ने गैस एजेंसी संचालकों को सख्त हिदायत दी कि आप अपने हॉकर्स पर निगरानी रखे कही आपका हॉकर्स आमजन का सिलेंडर होटल रेस्टोरेंट में ब्लैक में तो नहीं बेच रहे है यदि ऐसी शिकायत ग्राहक पंचायत के पास आएगी तो ग्राहक पंचायत प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई करवाएगी आज सर्वेक्षण के दौरान टीम के संज्ञान में आया कि जिले में गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है सभी एजेंसियों के पास पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर है ग्राहक धैर्य रखे फालतू की अफवाह पर ध्यान ना दे। शासन प्रशासन एवं ग्राहक पंचायत सभी ग्राहकों के साथ खड़े हुए है इस दौरान मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष मुकेश दुबे जी, संभाग संयोजक कैलाश द्विवेदी जी , अशोक यादवजी पर्यावरण आयाम जिला प्रमुख,बाल्मीकि यादवजी सदस्य एवं जिला सचिव ओमप्रकाश गौतम जी उपस्थित रहे। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला उमरिया द्वारा ग्राहकों की समस्याओं की शिकायत निवारण हेतु हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए जो इस प्रकार है..

कैलाश द्विवेदी जी - 9425890903, अधिवक्ता मुकेश दुबे-9893833320बहादुर सिंह-9827818406, सचिन पाठक-8815968629, अरुण द्विवेदी-7000691371,शंकर दयाल नामदेव-8370044700 हैं।

## ज्ञानेंद्र पाण्डेय मध्यप्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए गए

**उमरिया (स्वतंत्रमत) ।** मध्यप्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ भोपाल द्वारा संगठन विस्तर वा कर्मचारी समस्याओं के निराकरण को लेकर रविवार 12 अप्रैल 2026 को मध्यप्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ प्रांतीय कार्यालय भोपाल में प्रांतीय अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा जी की अध्यक्षता में प्रबंध समिति की बैठक एवं शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया,, उक्त बैठक में प्रदेश के सभी जिलों से प्रमुख संगठन पदाधिकारी उपस्थित हुए,, जिसमें प्रबंधन समिति के द्वारा संगठन विस्तर को दृष्टिगत रखते हुए प्रांतीय पदाधिकारियों को नवीन उत्तरदायित्व कार्य सौंपा गया जिसमें उमरिया जिले से श्री ज्ञानेंद्र ज्ञानचन्द्र पाण्डेय जी प्रांतीय सचिव जी को प्रबंध समिति की अनुशंसा पर महेंद्र जी प्रांतीय अध्यक्ष जी के द्वारा संघ के विधान में प्रदत्त शक्तियों का



प्रयोग करते हुए प्रबंधन समिति में सम्मिलित सदस्यों की सर्व सहमति से पदोन्नति करते हुए प्रांतीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है, जिसमें श्री पाण्डेय जी को प्रांतीय उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर प्रांतीय मार्गदर्शन निहाल सिंह जाट प्रांतीय निर्णय समिति के अध्यक्ष मांगीलाल तामोली प्रदेश महामंत्री अजय दुबे कार्यकारी प्रांताध्यक्ष सुधीर भार्गव प्रांतीय सचिव अजय गौतम कटनी जिला संरक्षक बीरेंद्र दुबे अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिल अध्यक्ष कैलाश गौतम लिपिक वर्ग जिला अध्यक्ष रबी वर्मा उमरिया संभाग अध्यक्ष शहडोल राजीव लोचन सोनी संभाग संरक्षक सुरेश पाण्डेय जिलाध्यक्ष उमरिया धनेश पुरी गोस्वामी कार्यवाहक जिला अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद गड़ारी पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी जिला संगठन महामंत्री कमलेश रैदास जिला उपाध्यक्ष अंकज चतुर्वेदी जिला सदस्य संतोष बैगा जिला कोषाध्यक्ष जयकरण सिंह मीडिया प्रभारी आदिल सिद्दीकी आदि संगठन पदाधिकारियों सदस्यों कर्मचारी साथियों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## पाली नगर पालिका में सफाई मित्र स्वास्थ्य सुरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन

उमरिया (स्वतंत्रमत)

ई मित्रों की स्वास्थ्य सुरक्षा को सुदृढ़ करने हेतु प्रदेश स्तरीय पांच दिवसीय स्वच्छता स्वाभिमान अभियान का आयोजन दिनांक 9 से 13 अप्रैल 2026 तक किया जाना है, इस अभियान के दौरान दिनांक 9 अप्रैल से 10 अप्रैल 2026 तक सफाई मित्रों का स्वास्थ्य सुरक्षा प्रशिक्षण गतिविधि का आयोजन किया जाना है, इस हेतु शुक्रवार दिनांक 10 अप्रैल 2026 को मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद पाली के वार्ड क्रमांक 11 एवं सीएचसी वार्ड नंबर 12 संजीवनी हॉस्पिटल में एवं नगर पालिका परिषद पाली कार्यालय में सफाई मित्रों को उनके स्वास्थ्य को लेकर जागरूक करने एवं प्रशिक्षण देने हेतु सफाई मित्र स्वास्थ्य सुरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर अवधेश विश्वकर्मा एवं उनके सहयोगी टीम द्वारा नगर परिषद के समस्त कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं सफाई मित्रों को सफाई कार्य के दौरान बरती जाने वाली स्वास्थ्य सावधानियां और व्यक्तिगत स्वास्थ्य सुरक्षा पर प्रशिक्षण दिया गया। चिकित्सकों द्वारा स्वच्छता कार्य में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को कार्य के दौरान पीपीई किट पहनना क्यों आवश्यक है एवं पीपीई किट ना पहनने से होने वाले समस्याएं, उनके स्वास्थ्य में पढ़ने वाले प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा सभी कर्मचारियों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया, एवं स्वास्थ्य दल द्वारा समस्त कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं स्वास्थ्य संबंधित सलाह दी गई। उक्त कार्यक्रम नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष शकुंतला प्रधान, मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र सिंह एवं उनकी सहयोगी टीम, स्वच्छता प्रभारी सहित कार्यालय के समस्त कर्मचारी एवं आईईसी टीम की उपस्थिति में संपन्न हुआ।



# आदर्श कालेज में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा एवं मानसिक स्वास्थ्य पर हुई कार्यशाला

उमरिया (स्वतंत्रमत)

मध्य प्रदेश शासन के उच्चंशिक्षा विभाग के अनुसार शासकीय आदर्श महाविद्यालय उमरिया में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा 10 से 25 अप्रैल तक दो चरणो मे मनाया जा रहा है। प्राचार्य डॉ.सी .बी. सोदिया के मार्गदर्शन में प्रथम चरण के अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजनीति विज्ञान के प्राध्यामपक डॉ नियाज अहमद अंसारीने बताया कि संसद एवं विधान सभाओं में 33 प्रतिशत सीट महिलाओं को मिल जाने से भारतीय लोकतंत्र और भी सशक्तओ होकर उभरेगा। डॉ. राजेन्द्रू पटेल, डॉ. रिचा तिवारी, डॉ.रश्मि साकेत, डॉ. रूपलता चतुर्वेदी, डॉ. कीर्ति तिवारी, श्रीमती तबस्सु म बानों आदि प्राध्या,पकों सहित छात्र-छात्राओं ने भी नारी शक्तिवंदन से संबंधित 106वें संविधान संशोधन के प्रावधानों एवं भावी महत्वग पर व्या पक चर्चा की। कार्यक्रम संयोजक डॉ. पिंकी सोमकुवर ने बताया कि द्वितीय चरण में इसी विषय पर निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता, वित्तीतय साक्षरता ,साइबर क्राइम, आत्मकरक्षा आदि से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण के संबंध में छात्र-छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने एवं आत्महत्याओं को रोकने के लिए कार्यशाला का आयोजन व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ एवं एन.एस.एस. इकाई द्वारा संयुक्् रूप से किया गया। इसमें जहां महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सी .बी. सोदिया ने जीवन जीने के लिए अच्छी बातों को आत्मसात करने पर बल दिया तो वहीं काउंसलर डा.सतेन्द्र महोबिया एवं क्रीडाधिकारी महेन्द्रे कनौजिया ने मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम 2017 के महत्वकपूर्ण प्रावधानों एवं प्रसन्नसचित जीवन शैली कोअपनाने का आव्हा्न किया।




**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बालाघाट जिला - बालाघाट (म.प्र.) 481001**

**दूरभाष/ फेक्स क्रमांक 07632-241318 / 247101 एवं ईमेल cmobalaghat@mpurban.gov.in**

क्रमांक / स्वा./ ई-निविदा/2026 / 555 बालाघाट दिनांक 13/04/2026

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा टेंचिंग ग्राउंड की लिगेसी वेस्ट हटाने हेतु किये जाने पंजीकृत संविदाकारो / पंजीकृत संस्थाओं से वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | टेंडर आईडी | कार्य का विवरण | अनुमानित | बयाना राशि | निविदा | निविदाकार | कार्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD 499694_1 | Selection of Contractor for The Work of Legacy Waste Dumpsite Remediation through Bioremediation, Biomining and disposal of Residual waste in Nagar Palika Parishad Balaghat | 40.00 लाख | रु.40000/- | रु.5000/- | NEW PWD REG. | 30 दिन |

नोट- निविदा से संबंधित समस्त जानकारी एवं निविदा की शर्ते ऑनलाईन पोर्टल www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है एवं निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन केवल उक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बालाघाट**
**जिला-बालाघाट**

## पर्यावरण आधारित गतिविधियां

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय में पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक एवं व्यावहारिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य कल्पना नामदेव के मार्गदर्शन एवं जिला पर्यावरण प्रभारी अखिलेश उपाध्याय के संयोजन में संपन्न हुआ कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इको क्लब के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाना और उन्हें पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपनी भूमिका समझने के लिए प्रेरित करना था कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं और स्टाफ ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने एवं स्वच्छता बनाए रखने की सामूहिक शपथ ली

## पातादेई में मिलेगा पेयजल

**मण्डला/मोहगांव(स्वतंत्रमत)।** विकासखंड मोहगांव के ग्राम पातादेई में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल शक्ति से नवभक्ति शुद्ध जल स्वच्छ जल, जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान परिषद के परामर्श दाताओं द्वारा ग्राम में जल मंदिर प्याऊ की स्थापना की गई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य राहगीरों और यात्रियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय से अपील की गई कि जल का सदुपयोग करें तथा प्यासे पशु-पक्षियों और अन्य जीव-जंतुओं को भी पानी पिलाने में योगदान दें।

## जिओ नेटवर्क से परेशान

**मण्डला/निवास(स्वतंत्रमत)।** निवास क्षेत्र में जिओ के नेटवर्क का सिग्नल न मिलने से स्थानीय उपभोक्ताओं को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीते कई दिनों से नेटवर्क की अनियमितता और अत्यधिक धीमी गति के कारण उपभोक्ताओं के दैनिक कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ऑनलाइन कक्षाओं जरूरी कॉल डिजिटल भुगतान और अन्य ऑनलाइन सेवाओं में बाधा उत्पन्न होने से लोगों की सुविधा बाधित हुई है। इस लगातार समस्या के चलते निवास क्षेत्र के उपभोक्ताओं में जिओ कंपनी के खिलाफ तीव्र आक्रोश पनप रहा है।

## डॉ अम्बेडकर जयंती आज

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** अखिल भारत अनुसूचित जाति परिषद अध्यक्ष अमरसिंह झारिया ने बताया कि भारतीय संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. बीआर अम्बेडकर की 135वीं जयंती 14 अप्रैल को भव्य रूप से मानने तैयारी चल रही है जिसमें प्रात: 9 बजे बाबा साहेब अम्बेडकर चौक में सभी अनुयायी उपस्थित होकर बाबा साहेब अम्बेडकर की आदमकद प्रतिमा में माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित करेंगें। तत्पश्चात् बुद्ध वंदना, धम्म वंदना, संघ वंदना, त्रिशरण, पंचशील पाठ करेंगे।

## शौर्य दिवस को लेकर बैठक

**मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)।** जिले के नारायणगंज विकासखंड अंतर्गत ग्राम पटेहरा में क्रांतिकारी वीर राजा हिरदेशाह लोधी की पुण्यतिथि पर मनाए जाने वाले शौर्य दिवस को लेकर एक विशेष बैठक एवं कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सामाजिक जनों को बताया गया कि आगामी 28 अप्रैल को जम्बूरी मैदान भोपाल में राजा हिरदेशाह लोधी की स्मृति में शौर्य दिवस मनाया जाएगा जिसमें प्रदेश भर से लाखों लोग शौर्य यात्रा के माध्यम से शामिल होंगे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, एडवोकेट रामेश्वर सिंह ठाकुर, संजय पटेल, रतन ठाकुर, कन्हैया ठाकुर, विनायक शाह, बाल सिंह ठाकुर, उमेश सिंगरोरे तथा सावन सिंह ठाकुर सहित अनेक सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

# सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने और राजनीतिक गतिविधियों में संलिप्तता के आरोप में प्रभारी प्राचार्य निलंबित

मण्डला(स्वतंत्रमत)




जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जारी एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक आदेश में शासकीय सेवा में कार्यरत एक माध्यमिक शिक्षक को गंभीर कदाचार के आरोपों के चलते तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्यवाही विभागीय जांच में आरोपों के सत्य पाए जाने के बाद की गई है। मामले ने शिक्षा विभाग के साथ-साथ प्रशासनिक हलकों में भी व्यापक चर्चा को जन्म दिया है प्राप्त जानकारी के अनुसार कृष्ण कुमार हरदहा जो कि पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल सेमरखापा विकासखण्ड मण्डला में माध्यमिक शिक्षक के पद पर कार्यरत थे और प्रभारी प्राचार्य का दायित्व भी संभाल रहे थे पर सोशल मीडिया के माध्यम से साम्प्रदायिक एवं भड़काऊ सामग्री प्रसारित करने तथा राजनीतिक गतिविधियों में संलिप्त रहने के गंभीर आरोप लगे थे। इन आरोपों की पुष्टि के बाद जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की है मामले की शुरुआत तब हुई जब श्री हरदहा के विरुद्ध विभिन्न स्तरों पर शिकायतें प्राप्त हुईं। इन शिकायतों में आरोप लगाया गया था कि वे शासकीय सेवा में रहते हुए मीडियाकर्मी की तरह कार्य कर रहे हैं और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर ऐसी सामग्री साझा कर रहे हैं जो साम्प्रदायिक तनाव को बढ़ावा दे सकती है। साथ ही यह भी आरोप था कि वे सक्रिय रूप से राजनीतिक गतिविधियों में शामिल हैं जो कि शासकीय कर्मचारियों के लिए निर्धारित आचरण नियमों का उल्लंघन है इन गंभीर आरोपों को देखते हुए कार्यालय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा 9 फरवरी को एक आदेश जारी कर संयुक्त जांच समिति का गठन किया गया। इस समिति में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग तथा जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केन्द्र मण्डला को शामिल किया गया था। समिति को मामले की निष्पक्ष जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए जांच समिति द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में यह स्पष्ट किया गया कि कृष्ण कुमार हरदहा द्वारा अपने निजी मोबाइल नंबर 9407075166 का उपयोग करते हुए सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक एवं भड़काऊ पोस्ट साझा किए गए। जांच में यह भी पाया गया कि इसी मोबाइल नंबर का उपयोग वे विद्यालय में अपनी उपस्थिति दर्ज करने के लिए ईएचएमआरएस प्रणाली में करते थे जिससे यह पुष्टि हुई कि उक्त गतिविधियां उन्हीं द्वारा की जा रही थीं जांच के दौरान श्री हरदहा ने स्वयं यह स्वीकार किया कि उक्त मोबाइल नंबर उनका ही है और वे उसका नियमित उपयोग करते हैं। इससे यह भी प्रमाणित हो गया कि सोशल मीडिया पर प्रसारित की गई सामग्री उनके द्वारा ही साझा की गई थी। समिति ने अपनी रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकाला कि शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए आरोप सही हैं और संबंधित शिक्षक ने शासकीय सेवा के नियमों का उल्लंघन किया है जांच प्रतिवेदन के अनुसार श्री हरदहा का आचरण मप्र सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के उपनियम (आई), (आईआई), आईआईआई का उल्लंघन है। इन नियमों के अंतर्गत शासकीय कर्मचारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करें अनुशासन बनाए रखें और किसी भी प्रकार की ऐसी गतिविधियों से दूर रहें जो सेवा की गरिमा को प्रभावित करती हों इसके अतिरिक्त शासकीय सेवक के रूप में किसी भी प्रकार की राजनीतिक गतिविधियों में संलिप्तता या साम्प्रदायिक भावनाओं को भड़काने वाली सामग्री का प्रचार-प्रसार करना गंभीर कदाचार की श्रेणी में आता है। जांच में यह पाया गया कि श्री हरदहा का व्यवहार इन सभी मापदंडों के विपरीत था उपरोक्त तथ्यों और जांच प्रतिवेदन के आधार पर जिला प्रशासन ने म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9(1) के अंतर्गत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री कृष्ण कुमार हरदहा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है निलंबन आदेश के तहत यह भी निर्देशित किया गया है कि निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मवई रहेगा साथ ही उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा इस कार्रवाई को शिक्षा विभाग में अनुशासन और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में एक सख्त कदम माना जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों का मानना है कि शासकीय कर्मचारियों को अपने आचरण में मर्यादा और निष्पक्षता बनाए रखनी चाहिए विशेषकर तब जब वे शिक्षा जैसे संवेदनशील क्षेत्र से जुड़े हों एक वरिष्ठ अधिकारी ने अनौपचारिक बातचीत में कहा कि शिक्षक समाज के मार्गदर्शक होते हैं। यदि वे स्वयं नियमों का उल्लंघन करेंगे तो इसका नकारात्मक प्रभाव विद्यार्थियों और समाज दोनों पर पड़ेगा। इसलिए ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई आवश्यक है यह मामला एक बार फिर इस बात को रेखांकित करता है कि सोशल मीडिया का उपयोग करते समय शासकीय कर्मचारियों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए इस मामले में विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही जारी रहने की संभावना है जिसके तहत अंतिम निर्णय लिया जाएगा फिलहाल यह घटना शिक्षा विभाग और अन्य शासकीय कर्मचारियों के लिए एक चेतावनी के रूप में देखी जा रही है कि वे अपने आचरण और जिम्मेदारियों के प्रति सजग रहें।

# 40 लाख के आईपीएल सट्टा का पुलिस ने किया खुलासा

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन में अवैध सट्टा गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में आईपीएल सट्टा संचालित करने वाले गिरोहों पर सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में थाना कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कटरा स्थित एक किराए के मकान में कुछ व्यक्ति आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा बैटिंग संचालित कर रहे हैं। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए एसडीओपी पीयूष मिश्रा के नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक शफीक खान द्वारा टीम गठित कर मौके पर दबिश दी गई दबिश के दौरान 3 आरोपियों को आईपीएल सट्टा खिलाते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया मौके पर पूछताछ करने पर आरोपी जमुना प्रसाद पटेल द्वारा बताया गया कि उसने कटरा में मकान किराये पर लेकर स्वयं ही क्रिकेट सट्टा संचालन हेतु समस्त सामग्री उपलब्ध कराई थी जांच में यह भी सामने आया है कि उक्त ऑनलाइन सट्टा रैकेट में लगभग 40 लाख रुपये का सट्टा लगाया गया था। साथ ही आरोपी एक कंपनी के नाम से संचालित खाते के माध्यम से सट्टा राशि का लेन-देन करते थे आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है तथा नेटवर्क से जुड़े अन्य व्यक्तियों की पहचान कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है आरोपीगण- लालू उर्फ जमुना प्रसाद पटेल पिता स्व. लखनलाल पटेल, उम्र 38 वर्ष, निवासी शारदा चौक थाना गढ़ा, शुभम कोरी पिता राजकुमार कोरी उम्र 24 वर्ष, निवासी बेदीनगर छुईखदान थाना गढ़ा,आकाश राजभर पिता रामदुलारे राजभर उम्र 26 वर्ष निवासी लालमाटी थाना घमापुर को गिरफ्तार किया गया। उनसे नगद राशि 5,380/-01 लैपटॉप, वाई-फाई राउटर,9 की-पैड मोबाइल, 8 एंड्रॉयड मोबाइल,कॉल रिसीवर पेटी, इन्वर्टर एवं बैटरी, वॉयस रिकॉर्डर सट्टा संबंधी रजिस्टर, 2 मोटर साइकिल जप्त किया गया। इस दौरान एसडीओपी पीयूष मिश्रा के नेतृत्व में निरीक्षक शफीक खान, उ.नि. संजीव उईके, सउनि भुवनेश्वर वामनकर, आरक्षक रमेश, प्रियांश, मृदुल, पुनीत, जोगेन्द्र, जगदीश की भूमिका रही।



## सूने मकान में लगी अचानक आग

मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)

जिले के बिछिया क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 12 में उस समय हड़कंप मच गया जब एक सूने मकान में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया और अंदर रखा गृहस्थी का सामान धू-धूकर जलकर पूरी तरह खाक हो गया। बताया जा रहा है कि मकान मालिक पेशे से सब्जी व्यापारी है और घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। इसी बीच अज्ञात कारणों से आग भड़क उठी। आसपास के लोगों ने जब घर से धुआं और लपटें उठती देखीं तो तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक घर के अंदर रखा अधिकांश सामान पूरी तरह जल चुका था। इस घटना में लाखों रुपए के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

# किसान कांग्रेस कमेटी ने राज्यपाल के नाम दिया ज्ञापन

मण्डला(स्वतंत्रमत)

सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी व किसान कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मुद्दो को लेकर राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक मर्सकोले ने बताया कि मध्यप्रदेश में गेहूं खरीदी में हो रही लगातार देरी किसानों पर बढ़ते कर्ज के दबाव डिफॉल्टर घोषित किए जाने तथा फसल का उचित मूल्य न मिलने के विरोध में कांग्रेस कमेटी एवं किसान कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपकर मांग की है। जिला अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि जिले के अधिकांश किसान पहले से ही कर्ज के बोझ तले दबे हुए हैं। खरीदी में देरी के कारण उन्हें अपनी उपज का भुगतान समय पर नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और कमजोर होती जा रही है। इस स्थिति में कई किसान मानसिक तनाव का भी सामना कर रहे हैं। वहीं किसान कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश सिंह ठाकुर ने किसानों की वर्तमान स्थिति को अत्यंत गंभीर बताते हुए कहा कि गेहूं खरीदी केंद्रों पर समय पर खरीदी प्रारंभ नहीं होने से किसानों की उपज खुले में पड़ी हुई है जिससे खराब होने और आर्थिक नुकसान की आशंका लगातार बढ़ रही है किसानों को मौसम की मार और प्रशासनिक लापरवाही दोनों का सामना करना पड़ रहा है। बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा ने यह गंभीर मुद्दा भी उठाया कि अनेक किसानों को डिफॉल्टर घोषित किया जा रहा है जिसके कारण वे नई ऋण सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं। इससे किसानों की खेती की आगामी तैयारियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है विधायक चैन सिंह बरकड़े ने आरोप लगाया कि समर्थन मूल्य की घोषणा के बावजूद किसानों को बाजार में कम दाम पर अपनी उपज बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है जिससे उनकी मेहनत का सही प्रतिफल नहीं मिल पा रहा है ज्ञापन के माध्यम से जिला कांग्रेस एवं किसान कांग्रेस ने प्रशासन से मांग की है कि गेहूं खरीदी प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से सुचारू रूप से प्रारंभ कराया जाए किसानों के ऋण पर राहत दी जाए तथा उन्हें डिफॉल्टर घोषित करने की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो संगठन व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।




## पोषण पखवाड़ा के अन्तर्गत व्यंजन प्रर्दशनी प्रतियोगिता का आयोजन



**नैनपुर (स्वतंत्र मत )।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास परियोजना नैनपुर 8 वा पोषण पखवाड़ा अन्तगर्न 9 अप्रेल से 23 अप्रैल 2026 तक सेक्टर नैनपुर की आगनबाड़ी केन्द्र क्र. 01. 11, एवं वार्ड 50. 15- आई में व्यजन प्रर्दशनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन में वार्ड की महिलाएँ, किशोरी बालिकाओं ने भाग लिया व्यजन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मौसमी मंडल, द्वितीय स्थान नीलिमा साहू एवं तृतीय स्थान ललिता यादव ने प्राप्त किया। महिलाओं को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार भेंट किया गया। पोषण पखबाड़ा 9 से 23 से अप्रेल तक प्रमुख विषयो पर जानकारी दी जा रही है। आँगनबाड़ी केन्दो में पोषण रैली, दादी-नानी संवाद कहानी पोषण प्रदर्शनी गतिविधिया आयो?जित की गई । कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय में पोषण एवं बाल विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी, जनप्रतिनिधियों आंगनवाडी कार्यकर्ताओं, महिला सुपरवाइजरों व जनसमुदाय उपस्थित रहे।

# कागजों में नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर करें परिवर्तन : श्री धोटे



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले में पदभार ग्रहण करने के बाद कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने सोमवार को जिला योजना भवन में वरिष्ठ अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक लेकर प्रशासनिक कार्यप्रणाली की स्पष्ट दिशा तय कर दी। बैठक की शुरुआत सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर की गई जिसमें कलेक्टर श्री धोटे ने प्रत्येक विभाग की भूमिका और जिम्मेदारियों की संक्षिप्त जानकारी भी ली। बैठक में अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ शाश्वत सिंह मीना, समस्त एसडीएम, सीएमओ, सीईओ सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे बैठक में कलेक्टर श्री धोटे ने स्पष्ट कहा कि शासन की सभी योजनाओं का क्रियान्वयन परिणाममूलक, पारदर्शी और समयबद्ध होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि केवल कागजी प्रगति नहीं बल्कि जमीनी स्तर पर वास्तविक परिवर्तन दिखना चाहिए फील्ड विजिट को अनिवार्य बताते हुए उन्होंने कहा कि अधिकारी नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण करें और योजनाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन करें अधिकारी अपने भ्रमण के दौरान स्कूलों में पीएम पोषण मिड-डे मील का भी जायजा अवश्य लें। जिले में शासकीय राशन दुकानों से शत प्रतिशत राशन वितरण व्यवस्था को सुचारू एवं पारदर्शी बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए उन्होंने जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक राशन दुकान पर अनिवार्य रूप से एक रजिस्टर संधारित करें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कितने पात्र हितग्राहियों को राशन मिल रहा है और इस क्षेत्र के कितने लोग बाहर रह रहे हैं। इसके साथ ही भ्रमण में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही एचपीवी टीकाकरण अभियान में तेजी लाने एवं लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति करने के निर्देश दिए गए कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और बेहतर परिणाम सुनिश्चित करें। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि प्रत्येक विभाग अपने कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग एवं विश्लेषण कर समस्याओं की पहचान करें और समय रहते समाधान सुनिश्चित करें विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, क्षतिग्रस्त स्कूल भवनों, बालक-बालिकाओं के शौचालयों की मरम्मत के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए इसके लिए हर अधिकारी को संवेदनशीलता, प्रतिबद्धता और ईमानदारी के साथ कार्य करना होगा।

# भगवान परशुराम जी की मूर्ति का नगरागमन

### 20 अप्रैल को प्राण प्रतिस्ठा के साथ होगा त्रिदिवसीय धार्मिक आयोजन

नैनपुर (स्वतंत्र मत)



विप्रो के आराध्य देव भगवान परशुराम जिबके जन्मोत्सव पर नगर में उनकी दिव्य मूर्ति स्थापित की जाएगी। आगामी 20 अप्रैल को नगर के ट्राफिक लाईन श्री हनुमान मन्दिर परिसर में त्रिदिवसीय आयोजन किया जाएगा। प्रगतिशील ब्राह्मण समाज द्वारा बताया गया कि इस धार्मिक आयोजन में भगवान परशुराम जी की प्राण प्रतिष्ठा के साथ एक दिव्य मूर्ति मंदिर परिसर में स्थापित की जाएगी। कल राजस्थान से विप्र देव परशुराम जी की दिव्य मूर्ति का नगर आगमन हुआ । जिसे नगर भ्रमण के साथ गाजे बाजो के साथ मंदिर परिसर वार्ड 9 तक लाया गया। इस दौरान समाजनके सभी साजातीय बंधु महिला पुरुष शामिल रहे। इस अवसर पर मंदिर परिसर में मंत्रोपचार के साथ मूर्ति का प्रवेश कराया गया। जाहिर है कि 20 अप्रैल को जयंती अवसर पर मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जानी है। जिसकी विशेष तैयारियां समाज के पदाधिकारियों द्वारा की जा रही है।

# नारी शक्ति वंदन से महिलाओं को मिलेगा न्याय : डॉ. वाणी



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। जिसका संबोधन भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ.वाणी आहूलवालिया ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मंजू कछवाहा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार उपस्थित रहे पत्रकारवार्ता में प्रदेश प्रवक्ता डॉ. वाणी आहूलवालिया ने केंद्र सरकार द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2026 को देश के सामाजिक और राजनीतिक इतिहास का ऐतिहासिक निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक कानून नहीं, बल्कि वर्षों से महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने की दिशा में लिया गया निर्णायक कदम है। डॉ. आहूलवालिया ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण का स्वर्णिम अध्याय लिखेगा नारी शक्ति बंधन अधिनियम। इस अधिनियम के माध्यम से संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित कर उन्हें नीति निर्माण की मुख्यधारा में स्थान दिया जाएगा। यह कदम महिलाओं को मतदाता से आगे बढ़ाकर निर्णायक की भूमिका में स्थापित करेगा और देश के विकास में उनकी भागीदारी को सशक्त बनाएगा। डॉ. आहूलवालिया ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक महिला आरक्षण के नाम पर केवल राजनीति की और इस महत्वपूर्ण विषय को लंबित रखा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की नीयत हमेशा महिलाओं को सशक्त बनाने की नहीं रही, बल्कि उन्हें केवल वोट बैंक के रूप में देखा गया।

**कार्यालय नगर परिषद भुआबिछिया, जिला-मण्डला**

क्रमांक/49/न.परि./2026 बिछिया दिनांक 10/04/2026

**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद भुआ बिछिया तहसील बिछिया जिला मण्डला के द्वारा ग्राम बिछिया रैयत तहसील बिछिया अंतर्गत स्थित भूमि खसरा क्र. 372/2 रकबा 0.0060 हे. में से रकबा 0.0060 हे. भूमि पर नवीन बस स्टैण्ड निर्माण प्रयोजन हेतु भूमि आवंटित करने प्ररूप-एक में कलेक्टर महोदय मंडला को आवेदन पत्र पेश किया गया हैं। उक्त भूमि को आवंटन बाबद म.प्र. नजूल भूमि निर्वतन निर्देश 2020 में निहित प्रक्रिया अनुसार जॉच हेतु प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी महोदय (राजस्व) बिछिया के माध्यम से तहसील बिछिया में विचाराधीन है। उपरोक्त कार्यवाही में किसी को कोई दावा/आपत्ति है तो न्यायालय में स्वत: उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकता है। इसके बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं होगा।

जारी दिनांक 10-04-2026
पेशी दिनांक 27-04-2026

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद भुआ बिछिया
जिला-मण्डला (म.प्र.)

**कार्यालय नगर परिषद भुआबिछिया, जिला-मण्डला**

क्रमांक/48/न.परि./2026 बिछिया दिनांक 10/04/2026

**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद भुआ बिछिया तहसील बिछिया जिला मण्डला के द्वारा ग्राम बिछिया रैयत तहसील बिछिया अंतर्गत स्थित भूमि खसरा क्र. 372/3 रकवा 0.4860 है. में से रकबा 0.4860 हे. भूमि पर नवीन बस स्टैण्ड निर्माण प्रयोजन हेतु भूमि आवंटित करने प्ररूप-एक में कलेक्टर महोदय मंडला को आवेदन पत्र पेश किया गया हैं। उक्त भूमि को आवंटन बाबद म.प्र. नजूल भूमि निर्वतन निर्देश 2020 में निहित प्रक्रिया अनुसार जांच हेतु प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी महोदय (राजस्व) बिछिया के माध्यम से तहसील बिछिया में विचाराधीन है। उपरोक्त कार्यवाही में किसी को कोई दावा/आपत्ति है तो न्यायालय में स्वत: उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकता है। इसके बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं होगा।

जारी दिनांक 10-04-2026
पेशी दिनांक 27-04-2026

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद भुआ बिछिया
जिला-मण्डला (म.प्र.)

संपादकीय

# अब अमरीका के पाले में गेंद

अमरीका-ईरान की शांति-वार्ता नाकाम और बेनतीजा रही। यही इसकी नियति थी। हालांकि बेहद महत्वपूर्ण कूटनीतिक प्रयास किया गया था कि दोनों दुश्मन देशों के प्रतिनिधि आमने-सामने बैठे, तीन चरण की बातचीत 21 घंटे चली, लेकिन जिद और अमरीका की 'लठैतबाजी' के कारण वार्ता विफल रही। अमरीका यह चाहता था कि ईरान का करीब 450 किग्रा. सवंर्धित यूरेनियम नष्ट किया जाए अथवा अमरीका को अपने देश ले जाने दिया जाए। इस पर समझौता कैसे संभव था? ईरान ने परमाणु कार्यक्रम छोड़ने से ही साफ इंकार कर दिया। हालांकि परमाणु बम बनाने की रणनीति अभी स्पष्ट नहीं है। अलबत्ता रूस का दावा है कि ईरान परमाणु हथियार बना चुका है। यह बेहद खौफनाक और विध्वंसकारी खबर है, लेकिन हमें ईरान और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की घोषणा का इंतजार करना चाहिए। अमरीकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने परमाणु मुद्दे पर ईरान के अड़े रहने पर ही शांति-वार्ता की नाकामी की घोषणा की और प्रतिनिधिमंडल समेत वॉशिंगटन लौट गए। ईरान पक्ष का दावा है कि 2-3 मुद्दों पर सहमति बन चुकी थी। अमरीका को बातचीत से निकलने और दोबारा युद्ध छेड़ने का बहाना चाहिए था, लिहाजा उसने वार्ता को विफल करार दे दिया। ईरान ने यह भी स्पष्ट किया कि निकट भविष्य में फिर वार्ता शुरू करने की कोई योजना नहीं है। अब गेंद अमरीका के पाले में है। ईरान ने यह भी कहा कि होर्मुज पर पेंच फंसा रहा। वहां अब भी ईरान का नियंत्रण रहेगा और अमरीका-इजरायल के जहाज वहां से गुजर नहीं पाएंगे। ईरान की फ्रीज संपत्तियों और पाबंदियों पर अमरीका ने कोई बातचीत ही नहीं की। गौरतलब है कि अमरीका ने ईरान पर 711 पाबंदियां थोप रखी हैं और ईरान की 11 लाख करोड़ रुपए की संपत्तियां अमरीका, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ ने जब्त कर रखी हैं। एक बयान यह भी है कि ईरान 93 लाख करोड़ रुपए की संपत्तियों को जारी करने की मांग कर रहा है। उसकी अरबों की संपत्तियां जापान और चीन की जब्ती में भी हैं। दरअसल गंभीर और मौजू सवाल यह है कि क्या अमरीका ईरान पर नए सिरे से युद्ध थोपेगा? राष्ट्रपति ट्रंप जानते हैं कि अमरीका में ही उनकी लोकप्रियता काफी नीचे आ गई है। सीनेट और कांग्रेस (संसद) के 67 सांसदों ने मांग की है कि राष्ट्रपति ट्रंप को पद से हटाया जाए। यह मांग महाभियोग में तबदील हो सकती है। अमरीका में ही पेट्रोल आदि के दाम 35 फीसदी बढ़ गए हैं, जो अभूतपूर्व हैं। क्या राष्ट्रपति ट्रंप के पास युद्ध का ही विकल्प शेष है? होर्मुज अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्ग है। उसके बंद रहने से 1.5 करोड़ बैरल तेल हररोज आवाजाही नहीं कर पाता है। करीब 9 करोड़ टन सालाना कतर और संयुक्त अरब अमीरात की एलएनजी का निर्यात इसी रास्ते से होता था, वह भी प्रभावित है। युद्ध के कारण इन देशों ने उत्पादन ही लगभग बंद कर दिया है, क्योंकि ईरान के मिसाइल-ड्रोन हमलों में एलएनजी के संयंत्रों की भारी तबाही हुई है। भारत के भी 14-15 जहाज, टैंकर अभी होर्मुज पर फंसे हैं। भारत में गैस का ऐसा संकट है कि लोग फिर से कोयले की अंगीठी या मिट्टी के तेल के स्टोव पर आ रहे हैं। बाजार में उनके दाम भी कई गुना कर दिए गए हैं। होर्मुज बंद रहेगा, तो भारत कब तक ऊर्जा-संकट, गैस-संकट और खाद्य-संकट को टाल सकता है?

# डॉ. अंबेडकर : जातियों के खांचों से कहीं बड़ा है इस राष्ट्र-शिल्पी का कद





दिलीप कुमार पाठक

प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल का सूर्य जब भारतीय क्षितिज पर उदय होता है, तो वह केवल एक महापुरुष की जन्मतिथि का संदेश नहीं लाता, बल्कि उस महान संकल्प का स्मरण कराता है जिसने आधुनिक भारत की नियति लिखी थी। डॉ. भीमराव अंबेडकर - एक ऐसा नाम, जो आज भारतीय जनमानस की चेतना में गहराई तक रचा-बसा है। देश के हर कस्बे और चौराहे पर उनकी प्रतिमाएं जीवंत हैं, नीले झंडे लहरा रहे हैं और जयकारों के स्वर आसमान छू रहे हैं। लेकिन, इस भव्य उत्सव और कोलाहल के बीच एक अत्यंत गंभीर और चुभता हुआ प्रश्न मौन खड़ा है क्या हमने वाकई उस इंसान को समझा, जिसने अपना पूरा जीवन न्याय, समता और मानवता की वेदी पर होम कर दिया? या फिर हमने अपनी सुविधा और संकुचित सोच के अनुसार उनकी विरासत के टुकड़े-टुकड़े कर दिए हैं?

डॉ. अंबेडकर की शख्सियत का असली करिश्मा उनकी अद्भुत विद्वत्ता, फौलादी इरादों और सबसे बढ़कर उनके अडिग नैतिक साहस में छिपा था। वे केवल एक संविधान निर्माता या कानूनविद नहीं थे; वे एक ऐसे युगद्रष्टा थे जिनके पास भविष्य के भारत का पूर्ण खाका तैयार था। कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से शिक्षित उस व्यक्ति के पास दुनिया के किसी भी कोने में ऐश्वर्यपूर्ण जीवन जीने के विकल्प खुले थे, लेकिन उन्होंने उस कांटों भरे मार्ग को चुना जो अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की मुक्ति की ओर जाता था। उनके व्यक्तिगत जीवन में सामाजिक अपमान के अनगिनत गहरे घाव थे, लेकिन जब उन्हें देश का भाग्य लिखने की कलम मिली, तो उन्होंने बदला नहीं, बल्कि बदलाव की इबारत लिखी। उन्होंने एक ऐसी व्यवस्था की नींव रखी जहाँ किसी के साथ भी अन्याय न हो- चाहे वह किसी भी जाति, धर्म या वर्ग का क्यों न हो। किन्तु, कड़वा सच तो यह है कि बाबा साहब की विराट विरासत के साथ सबसे बड़ा अन्याय यह हुआ कि उन्हें जातियों के खांचों में कैद करने की निरंतर कोशिश की गई। समाज का एक बड़ा हिस्सा उन्हें केवल एक विशिष्ट समुदाय का मसीहा मानकर अपनी भावनात्मक सीमाओं में सीमित कर बैठा। उन्होंने बाबा साहब को पूजा तो सही, लेकिन उनके उन तार्किक और प्रगतिशील विचारों को आचरण में नहीं उतारा जो अंधविश्वास और रूढ़ियों के कट्टर विरोधी थे। दूसरी ओर, मुख्यधारा के एक बड़े वर्ग ने दशकों तक उन्हें केवल दलितों का नेता मानकर उनसे सुरक्षित दूरी बनाए रखी। यह बौद्धिक दरिद्रता ही थी कि समाज यह नहीं समझ पाया कि डॉ. अंबेडकर द्वारा दिलाए गए अधिकार सार्वभौमिक थे। जब उन्होंने हिंदू कोड बिल के लिए अपनी कैबिनेट की कुर्सी दांव पर लगाई, तो उनका लक्ष्य समूचे भारत की नारी शक्ति को सशक्त बनाना था। अफसोस कि उन्हें एक पक्ष ने सिर्फ अपना माना और दूसरे ने पराया, जबकि वास्तविकता में वे पूरे राष्ट्र के थे।

आज की समकालीन राजनीति में डॉ. अंबेडकर एक अनिवार्य प्रतीक बन चुके हैं। सत्ता की बिसात पर हर राजनीतिक दल उन्हें अपना बताने की होड़ में है, लेकिन यह लगाव सिद्धांतों से ज्यादा वोटबैंक के गणित से प्रेरित है। उनके नाम पर भव्य रैलियां और विज्ञापन तो बहुत हैं, पर क्या हम उनके शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो के मंत्र को जी रहे हैं?

यदि आज बाबा साहब जीवित होते, तो यह देखकर अत्यंत व्यथित होते कि जिस समाज को वे प्रबुद्ध बनाना चाहते थे, उसे आज केवल चुनावी आंकड़ों और ध्रुवीकरण के खेल में उलझा दिया गया है। वे व्यक्ति-पूजा के सख्त विरोधी थे, लेकिन आज उनके विचारों की आत्मा को किनारे रखकर केवल उनके नाम की ब्रांडिंग से राजनीतिक रोटियां सेंकी जा रही हैं। डॉ. अंबेडकर का मानववाद सबको साथ लेकर चलने वाला था। उन्होंने कभी भी किसी वर्ग के साथ अन्याय का समर्थन नहीं किया। रिजर्व बैंक की नींव से लेकर श्रमिक सुधारों और नदी परियोजनाओं तक, उनके समस्त कार्य एक आधुनिक राष्ट्र के निर्माण के लिए थे। उनकी महानता इस बात में है कि उन्होंने कभी प्रतिशोध की भाषा नहीं सीखी; उनका मार्ग बुद्ध की करुणा और संवैधानिक नैतिकता का था। अब समय आ गया है कि हम डॉ. अंबेडकर को पत्थर की मूर्तियों और औपचारिकताओं के घेरे से बाहर निकालें। उन्हें केवल 14 अप्रैल की छुट्टियों तक सीमित रखना उनकी मेधा का अपमान है। वे एक वैश्विक विचार हैं, जो किसी एक दल या जाति की जागीर नहीं हो सकते। उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि यह नहीं होगी कि हम उनकी सबसे ऊँची प्रतिमा स्थापित करें, बल्कि यह होगी कि हम एक ऐसा समाज बनाएं जहाँ व्यक्ति की पहचान उसकी जाति से नहीं, बल्कि उसकी मानवीयता से हो। जिस दिन हम उन्हें वोट के चश्मे के बजाय एक दृष्टिकोण के रूप में देखना शुरू करेंगे, उसी दिन उनके सपनों का भारत हकीकत बनेगा।

# बैसाखीः पौराणिक पर्व पर उत्साह-उमंग के अनेक त्योहार





डॉ. रामजी लाल

पूर्व प्राचार्य, दयाल सिंह कॉलेज, करनाल

बैसाखी, वैशाख माह का प्रसिद्ध धार्मिक त्योहार है। यह वैशाख सौर मास का प्रथम दिन होता है। इस दिन सूर्य मेष राशि में संक्रमण करता है। इसलिए बैसाखी को मेष संक्रान्ति व विषुवत संक्रान्ति के नाम से भी संबोधित किया जाता है। बैसाख (वैशाख) के प्रथम दिन अनेक क्षेत्रों में 'सोलर नववर्ष' के त्योहार जैसे जुड़ शीतल, पोहेला बोशाख, बोहाग बिहू, विशु, व पुथण्डु भी मनाया जाता है।?मान्यता अनुसार 13 अप्रैल, 1699 को दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह द्वारा 'सिख धर्म' की स्थापना की गई थी। बौद्ध धर्म के अनुयायियों द्वारा 'बुद्ध पूर्णिमा' को त्योहार के रूप में मनाया जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार यह सौर कैलेंडर का प्रथम दिन है व हिंदू नववर्ष के रूप में मनाया जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार लगभग 3000 वर्ष पूर्व राजा भागीरथ मुनि के रूप में कई वर्ष कठोर तपस्या के बाद गंगा नदी को पृथ्वी पर लेकर आए थे। इसे गंगा नदी अवतरण दिवस के रूप में मनाया जाता है। फलतः गंगा स्नान का विशेष महत्व है। इस त्योहार का कृषक बिरादरी से घनिष्ठ संबंध है। इस दिन तक रबी की फसल-गेहूं, जौ, चना इत्यादि कटाई के लिए तैयार हो जाती है। बैसाखी के दिन को शुभ दिन मान कर गेहूं की कटाई करना समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। किसान प्राकृतिक आपदाओं से बचकर फसल पकने की खुशी मनाते हैं। इस दिन परंपरा के रूप में फसल की कटाई की जाती है। पंजाबी इस दिन उत्सव मनाते हैं। सिख धर्म में बैसाखी पवित्र व सर्वोत्तम त्योहार के रूप में मनाया जाता है। 13 अप्रैल, 1699 को आनंदपुर साहिब में सिख धर्म के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह ने पंज प्यारों को दीक्षा देकर सिख धर्म की स्थापना की थी। ये पंज प्यारे भाई दया सिंह (खत्री-लाहौर), भाई धर्म सिंह (जाट हस्तिनापुर यूपी), भाई हिम्मत सिंह (झीउर-जगनाथपुरी-ओडिशा), भाई मोहकम सिंह (दर्जी-द्वारका-गुजरात) व भाई साहब सिंह (नाई-बीदर-कर्नाटक) विभिन्न क्षेत्रों व जातियों से सम्बंधित थे। बैसाखी के दिन गुरु गोविंद सिंह ने जब हिन्दू धर्म रक्षा हेतु पांच शीष मांगे तो यह पांचों बहादुर अनुयायी बिना विलम्ब तैयार हो गए। गुरुजी ने इनको अमृतपान कराया और सिंह की उपाधि देकर, सिख की एक विशेष पहचान निश्चित करते हुए पांच 'क'-केस, कंघा, कड़ा, कछेरा व कृपाण धारण करने का संदेश दिया। तब से बैसाखी पवित्र त्योहार रूप में मनाया जाने लगा।

बैसाखी को भारत के विभिन्न भागों में अलग-अलग नाम से मनाया जाता है। उदाहरण के तौर पर उत्तराखंड में 'बिखोती' का महत्व है। उत्तराखंड के निवासी हरिद्वार व ऋषिकेश में गंगा नदी में स्नान को पवित्र मानते हैं। असम में 'बोहाग', 'बिहू', 'रंगली बिहू', 'असमिया नववर्ष' व 'बोहाग कैलेंडर' के रूप में मनाया जाता है। बंगाल में 14 अप्रैल को 'पाहेला बेसाख' के रूप में मनाया जाता है तथा त्रिपुरा और बंगाल में शोभा यात्राएं भी निकाली जाती हैं। तमिलनाडु में पुत्थांडु, पुथुवरूषम-तमिल नववर्ष या तमिल कैलेंडर के रूप में इस त्योहार को मनाते हैं। बिहार और मिथिला क्षेत्र में इसे जुर शीतल के रूप में मनाया जाता है। भारत के पड़ोसी मुल्कों-नेपाल, बांग्लादेश और पाकिस्तान में यह त्योहार मनाया जाता है। बैसाखी के दिन, 13 अप्रैल, 1919 अमृतसर के जलियांवाला बाग में रॉलेट एक्ट का शांतिपूर्ण विरोध करने के लिए एक जनसभा आयोजित की गई, जिसमें लगभग 20,000 व्यक्ति मौजूद थे। भारतीयों की आवाज को दबाने के लिए ब्रिगेडियर जनरल रिचार्ड डायर ने सैनिक टुकड़ी के साथ घटना स्थल पर पहुंच बिना किसी चेतावनी के गोली चलाने का आदेश दिया। परिणामस्वरूप 10 मिनट में 1650 राउंड की फायरिंग में अमृतसर के सिविल सर्जन डॉक्टर सुमित के अनुसार लगभग 1800 भारतीयों की जान चली गई थी। उधम सिंह वहां मौजूद थे और उन्होंने कसम उठाई कि वह नरसंहार का बदला लेकर रहेगा। यद्यपि वह ब्रिगेडियर जनरल रिचार्ड डायर को मौत के घाट उतारना चाहता था परंतु उसकी मृत्यु 23 जुलाई, 1927 को हो चुकी थी। 13 मार्च, 1940 को कैक्सटन हॉल, लंदन में जब माइकल ओ'डॉयर एक सभा को सम्बोधित कर रहे थे उधम सिंह ने उसको मौत के घाट उतार कर जलियांवाला बाग नरसंहार का बदला लिया। 31 जुलाई, 1940 को उधम सिंह को माइकल ओ'डॉयर की हत्या के आरोप में फांसी दे दी गई। बैसाखी का त्योहार सामाजिक, धार्मिक और ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण है। यह सामाजिक समरसता, एकता, धर्मनिरपेक्षता, बलिदान और समर्पण को बढ़ावा देता है। इसीलिए सन् 2016 में संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने मंगल शोभा यात्रा को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में सम्मिलित करके इसके महत्व को और बढ़ाया है।

# रणनीति में युद्ध समाप्ति कला की अहमियत

**ले.ज. एसएस मेहता (रिटा.)**

आजकल युद्ध खत्म नहीं होते। खिंचते जाते हैं, अपना स्वरूप बदल रहे हैं और खुद को जायज ठहराते हैं। यह रणनीति नहीं है। यह रणनीतिक रूपरेखा की असफलता है। मैंने युद्धों को खत्म होते देखा,और उन्हें खत्म होने से इनकार करते भी। सेना में, हमें युद्ध शुरू करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। हम आरंभिक व्यूह रचना, ज़ोरदार हमले, शत्रु का घेरा तोड़ने व इच्छाशक्ति कुचलने का अध्ययन करते हैं। युद्ध का विस्तार करना समझते हैं। लेकिन एक अन्य शांत अनुशासन है जो कभी रणनीति को परिभाषित करता था, लेकिन अब धीरे-धीरे धुंधला रहा है। वह है, रुकने की कला।

जिन संघर्षों का अंत बढ़िया हुआ, उनकी संरचना सीधी-सादी थी। दुश्मन को पूरी तरह मिटाना नहीं, बल्कि उद्देश्य में स्पष्टता रखना। तब, किसी में इतनी हिम्मत होती थी कि वह फैसला कर सके कि मिशन पूरा हो गया है। इसलिए नहीं कि दुश्मन का खात्मा हो गया, बल्कि इसलिए कि काम पूरा हो गया था। बल का इस्तेमाल हुआ। तयशुदा सीमा तक पहुंचे। फिर आया सबसे मुश्किल आदेश, रुको। घर वापसी करो। आज, वह माद्दा गायब है। कोई फैसला नहीं करता। संघर्ष खिंचते रहते हैं। बिना किसी तय अंत वाला युद्ध कोई अभियान नहीं होता। यह तो जान-माल की हानि के साथ भटकाव है। हमें किसी मानक की तलाश करने की ज़रूरत नहीं है।

साल 1971 में, भारत ने आधुनिक इतिहास के सबसे निर्णायक अभियानों में से एक को अंजाम दिया। यह सिर्फ़ जीत नहीं थी। यह उसके बाद बरते गए संयम का उदाहरण था। हम वहां रुके नहीं रहे। हमने अपनी जीत को कब्ज़े में नहीं बदला। हमें भान था कि 'पूरा हुआ काम' कैसे दिखता है। 1988 में मालदीव में, हमने दखल दिया, व्यवस्था बहाल की और वापसी कर ली। पीछे कुछ बाकी नहीं छोड़ी। कोई अन्य एजेंडा नहीं। प्रभाव अधिकतम, दखल न्यूनतम। यहां तक कि श्रीलंका में भी, जहां पर हालात बहुत पेचीदा थे, हमने तब पीछे हटने का अनुशासन दिखाया, जब हमें लगा कि अब वहां से कुछ खास हासिल नहीं होने वाला। भारत का संयम सिर्फ़ इसमें नहीं था कि उसने क्या किया, बल्कि इस बात में भी था कि उसने किन चीज़ों पर हमला न करना चुना। बुनियादी ढांचे को कभी भी निशाना नहीं बनाया। इसी आधारभूत ढांचे पर किसी भी समाज का जीवन टिका होता है। इसे तबाह करने का मतलब है, उन्हीं लोगों को सज़ा देना जिनके नाम पर अक्सर युद्धों को सही ठहराया जाता है। इसी अनुशासन ने हमारी वैधता को बनाए रखा। 'ऑपरेशन सिंदूर' पर गौर कीजिए। सटीक। तय परिधि में। उद्देश्यपूर्ण। लक्ष्य हासिल। काम पूरा। और फिर रुक जाना। हरेक मामले में, परिणामों ने साधनों को परिभाषित किया। लेकिन अब साधन खुद मकसद बनने का जोखिम उठा रहे हैं। हम इसे 'हाइब्रिड वॉर', ग्रे ज़ोन या सोच-समझकर पैदा की गई अस्पष्टता कहते हैं। धरातल पर यह सरल दिखता है।

पश्चिम एशिया में, उद्देश्य बदलते रहते हैं जबकि युद्ध जारी है। कोई दिन निर्णायक जीत मिलने का अहसास करवाता है। अगले रोज़ लगता है लड़ाई अब लंबी खिंचेगी। बातचीत, विराम और तनाव इस कदर गडमड हो जाते हैं कि शब्दों का अर्थ ही समाप्त हो जाए। यूरोप में, संघर्ष वर्षों तक खिंच गया। उद्देश्यों पर भू-राजनीति की कई परतें चढ़ती गईं व स्पष्टता गायब हो गई। लड़ाई इसलिए जारी नहीं है कि अंतिम लक्ष्य परिभाषित है, बल्कि इसलिए कि कोई इसे परिभाषित नहीं कर रहा। संघर्ष खुद-ब-खुद खिंचता जा रहा है। रणनीति यह भूल जाती है कि इस भटकाव की कीमत कौन चुकाएगा। रणनीतिकार मैदान ए जंग की बातें करता है। नागरिक इसकी अवधि की कीमत चुकाता है। चाय की दुकान पर बैठा व्यक्ति सिद्धांत नहीं पढ़ा होता। वह तो बाधित हुई आपूर्ति श्रृंखलाओं से बढ़ती कीमतों का दंश झेलता है, जो कभी स्थिर नहीं होतीं क्योंकि युद्ध अंतहीन हो चले हैं। वे अपने परिवारों को युद्धक्षेत्रों में फंसा हुआ पाता है जहां से निकलने की कोई राह नहीं। वह उस अनिश्चितता के साथ जीता है जो राष्ट्र की सोच में रम जाती है। जब युद्ध का कोई निश्चित समय होता है, तो समाज संगठित होता है और उबरता है। जब नहीं तो होता, तो अर्थव्यवस्था और भावनाएं उसी के अनुरूप आकार लेने लगती हैं। यदि सफलता को परिभाषित न किया जाए, तो वह कभी प्राप्त ही नहीं होती। असफलता तब स्वाभाविक प्रक्रिया बन जाती है। संघर्ष समाप्त करने के लिए हमारे पास पहले से कहीं अधिक संसाधन हैं, फिर भी हम उन्हें समाप्त करने में असमर्थ हैं। ड्रोन, साइबर ऑपरेशन और सटीक हमले घोषित युद्ध से इतर दबाव डालने का जरिया बन गए हैं। हम अनिश्चित काल तक न तो शांति और न ही युद्ध की स्थिति बनाए रख सकते हैं। यह एक तरह का जाल है। क्षमता ने निर्णय लेने की शक्ति का स्थान ले लिया है। युद्ध रोकने को जवाबदेही की आवश्यकता पड़ती है। बताने की जरूरत पड़ती है कि क्या पाया और क्या खोया।

इसके लिए जिम्मेवारी लेने की जरूरत होती है। किसी नतीजे की घोषणा करने के मुकाबले में यह कह देना आसान है कि परिस्थिति स्वरूप बदल रही है। बल प्रयोग स्पष्टता और उद्देश्य के साथ किया जाए। लेकिन इसकी वैधता विवेक पर आधारित है। यदि एक थप्पड़ ही काफी है, तो लाठी क्यों? यदि उद्देश्य सुधारना है, तो एक व्यक्ति की गलती के लिए पूरे वर्ग को दंड क्यों? बुनियादी ढांचा युद्धक्षेत्र नहीं होता। यह समाज की जीवनधारा होता है। अतिरेक स्मृति, धारणा और प्रतिरोध को आकार देता है। तात्कालिक जो भी लाभ होता है वह अक्सर वैधता में खो जाता है। संतुलित प्रतिक्रिया व्यवहार सुधारती है। अंधाधुंध प्रतिक्रिया पीढ़ियों को घाव देता है जो बार-बार लौट आते हैं।

कोविड-19, जलवायु परिवर्तन और युद्धों ने एक सरल सत्य उजागर किया। किसी भी संकट का असर स्थानीय नहीं रह सकता। एक क्षेत्र में हो रहा युद्ध महाद्वीपों भर में भोजन, ईंधन, व्यापार और भरोसे को बाधित कर देता है। मानवता अब परम वैश्विक साझा संसाधन है। यह घोषणाओं पर नहीं, बल्कि कृत्यों में संयम पर टिकी है। यदि यह भंग हो जाए तो, बचाव का कोई क्षेत्र बाकी नहीं रहता। युद्ध से पहले ही युद्ध जीता जाना चाहिए। और यदि यह संभव न हो, तब विनाश करने की रणनीति बनाएं। युद्ध कभी भी कानूनविहीन नहीं रहा। इसकी हमेशा सीमाएं रही हैं। जिनेवा सम्मेलनों ने आधाररेखा स्थापित की -घायलों की रक्षा। युद्धबंदियों को बचाना, नागरिकों को अभयदान। लड़ाकू और गैर-लड़ाकू में अंतर। अतिरिक्त आचार संहिता-1 में माना गया कि युद्ध का स्वरूप बदल रहा है। नागरिक अब रणक्षेत्र से अधिक दूर नहीं रहे। भेद और आनुपातिकता वैधता के केंद्र में आ गए।

**(लेखक सेना की पश्चिमी कमान के पूर्व कमांडर रहे हैं)**

# युवा भारत की चुनौती बन गई है बेरोजगारी



अमित शर्मा

जयपुर, राजस्थान

भारत को दुनिया की सबसे युवा आबादी वाले देशों में गिना जाता है। लेकिन यही युवा शक्ति आज बेरोजगारी की गंभीर चुनौती से जूझ रही है। देश के बड़े शहरों की चमकदार सड़कों से लेकर छोटे कस्बों और तंग गलियों तक, काम की तलाश में भटकते युवा मिल जाएंगे। यह स्थिति केवल आर्थिक चिंता नहीं है, बल्कि सामाजिक असंतुलन और भविष्य की अनिश्चितता का संकेत भी है। बेरोजगारी का सवाल अब व्यक्तिगत समस्या से बढ़कर राष्ट्रीय विमर्श का केंद्र बन चुका है।

राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध आंकड़े इस संकट की गंभीरता को और स्पष्ट करते हैं। विभिन्न श्रम सर्वेक्षणों और आर्थिक आकलनों के अनुसार, भारत में बेरोजगारी दर पिछले कुछ वर्षों में 7 से 8 प्रतिशत तक चली गई है, जबकि 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं में यह दर 15 से 20 प्रतिशत तक पहुंच रही है। राज्य स्तर पर स्थिति और भी चिंताजनक दिखाई देती है। राजस्थान, बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में युवा बेरोजगारी दर कई बार 20 से 25 प्रतिशत के आसपास तक दर्ज की गई है। यह अंतर बताता है कि क्षेत्रीय असमानताएं इस समस्या को और गहरा बना रही हैं। बेरोजगारी को अक्सर केवल नौकरियों की कमी के रूप में देखा जाता है, लेकिन वास्तव में यह एक बहुआयामी समस्या है। इसमें शिक्षा व्यवस्था की खामियां, कौशल और उद्योग की जरूरतों के बीच असंतुलन, भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता की कमी और सामाजिक-आर्थिक विषमताएँ शामिल हैं। देश में हर साल लाखों युवा डिग्री लेकर निकलते हैं, लेकिन उनमें से एक बड़ा हिस्सा रोजगार के लिए आवश्यक व्यावहारिक कौशल से वंचित होता है। विभिन्न रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत में केवल 40 से 50 प्रतिशत स्नातक ही 'रोज़गार योग्य' माने जाते हैं। यह स्थिति बताती है कि भारत की शिक्षा प्रणाली अभी भी रोजगार के अनुरूप खुद को ढालने में पीछे है।

इसके साथ ही, बेरोजगारी का एक बड़ा कारण अवसरों का असमान वितरण भी है। शहरी क्षेत्रों में भी रोजगार के अवसर सीमित और प्रतिस्पर्धा अत्यधिक है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण है। छोटे शहरों और बस्तियों में रहने वाले युवाओं के पास न तो पर्याप्त संसाधन होते हैं और न ही मार्गदर्शन, जिसके कारण वे मुख्यधारा की प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए महंगी कोचिंग, उच्च शिक्षा और नेटवर्किंग के अवसर लगभग पहुंच से बाहर होते हैं, जिससे उनकी प्रतिभा दबकर रह जाती है।




हालांकि, इस संकट के बीच एक महत्वपूर्ण प्रवृत्ति स्वरोजगार और कौशल आधारित कार्यों की ओर झुकाव के रूप में उभर रही है। जब औपचारिक रोजगार के अवसर सीमित होते हैं, तब लोग अपने स्तर पर छोटे व्यवसाय, हस्तशिल्प, सेवा कार्य और घरेलू उद्योगों के माध्यम से आजीविका के रास्ते तलाशते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देती है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन का माध्यम भी बन सकती है। इसके बावजूद, स्वरोज़गार को अभी भी पर्याप्त संस्थागत समर्थन नहीं मिल पा रहा है। महिलाओं की स्थिति इस संदर्भ में विशेष रूप से उल्लेखनीय है। भारत में महिला श्रम भागीदारी दर अभी भी लगभग 25 से 30 प्रतिशत के बीच है, जो वैश्विक औसत से काफी कम है। सामाजिक बंधन, सुरक्षा की चिंता और घरेलू जिम्मेदारियाँ महिलाओं की आर्थिक भागीदारी को सीमित करती हैं। यदि उन्हें कौशल प्रशिक्षण, सुरक्षित कार्य वातावरण और लचीले रोजगार के अवसर मिलें, तो वे न केवल अपनी आर्थिक स्थिति सुधार सकती हैं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत कर सकती हैं।

इस परिस्थिति में एक सकारात्मक पहलू यह भी है कि देश में कौशल और मेहनत के आधार पर आगे बढ़ने की संभावनाएं अब भी मौजूद हैं। अनौपचारिक क्षेत्र, जो भारत की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा है, आज भी करोड़ों लोगों को रोजगार देता है। निर्माण कार्य, छोटे उद्योग, सेवा क्षेत्र और घरेलू व्यवसाय जैसे क्षेत्रों में काम करने वाले लोग यह साबित करते हैं कि यदि कौशल और अवसर का सही मेल हो, तो सीमित संसाधनों के बावजूद भी आजीविका के रास्ते बनाए जा सकते हैं।

दरअसल बेरोजगारी जैसी जटिल समस्या का हल किसी एक उपाय से संभव नहीं है। इसके लिए समग्र और दीर्घकालिक रणनीति की आवश्यकता है। सबसे पहले, शिक्षा प्रणाली को रोजगारोन्मुख बनाना होगा, जिसमें व्यावसायिक और तकनीकी कौशल को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही, स्थानीय स्तर पर कौशल विकास केंद्रों को मजबूत करना होगा, ताकि युवाओं को उनकी जरूरत और बाजार की मांग के अनुसार प्रशिक्षण मिल सके।

स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए आसान ऋण, तकनीकी सहायता और बाजार तक पहुंच सुनिश्चित करनी होगी, जिससे छोटे उद्यमी भी टिकाऊ व्यवसाय खड़ा कर सकें। महिलाओं के लिए विशेष नीतियां और सुविधाएं विकसित करनी होंगी, जिससे उनकी भागीदारी बढ़ सके। इसके अलावा, युवाओं को करियर मार्गदर्शन और मानसिक समर्थन देना भी उतना ही महत्वपूर्ण है, ताकि वे सही दिशा में अपने प्रयासों को केंद्रित कर सकें।

वास्तव में, बेरोजगारी केवल आर्थिक चुनौती नहीं, बल्कि एक सामाजिक और नैतिक प्रश्न भी है। यदि देश की युवा शक्ति को सही दिशा और अवसर नहीं मिला, तो हम विकास के एक मजबूत स्तंभ को खो देंगे। इसलिए समय की मांग है कि नीति-निर्माता, समाज और संस्थाएं मिलकर एक ऐसी व्यवस्था तैयार करें, जहाँ रोजगार केवल एक अवसर न होकर हर व्यक्ति का अधिकार बन सके। तभी भारत अपनी युवा शक्ति को वास्तविक विकास की ताकत में बदल पाएगा।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

# अमेरिका में यू वीजा के लिए धोखाधड़ी के आरोप में 10 भारतीय नागरिक दोषी

बोस्टन (वार्ता)

अमेरिका के बोस्टन में एक संघीय ग्रैंड जूरी ने 10 भारतीय नागरिकों को सुविधा स्टोरों में फर्जी सशस्त्र डकैती के मामले में दोषी ठहराया है। इन डकैतियों का मकसद स्टोर क्लर्कों को आव्रजन आवेदनों में पीड़ित के रूप में फर्जी दावा करने की अनुमति दिलाना था। आरोपियों पर मार्च 2026 में आरोप लगाए गए थे। अभियोग पत्र में प्रत्येक प्रतिवादी पर वीजा धोखाधड़ी करने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है जिसके लिए अधिकतम पांच साल की जेल, तीन साल की निगरानी में रिहाई और 2,50,000 डॉलर का जुर्माना हो सकता है। मैसाचुसेट्स स्थित अटॉर्नी कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, सजा पूरी होने के बाद सभी को देश से निकाला जा सकता है। दोषियों में जीतेंद्र कुमार पटेल, महेश कुमार पटेल, संजय कुमार पटेल, दीपिकाबेन पटेल, रमेशभाई पटेल, अमिताभेन पटेल, रौनक कुमार पटेल, संगीताबेन पटेल, मिनकेश पटेल और सोनल पटेल शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि इन सभी 10 लोगों पर पहले ही आपराधिक शिकायत के माध्यम से आरोप लगाए जा चुके हैं। इनमें से दो, रमेशभाई पटेल और रौनक कुमार पटेल,





फिलहाल आव्रजन हिरासत में हैं और सजा सुनाए जाने के बाद इन सभी को देश से निकाला जा सकता है। जांच की शुरुआत रामभाई पटेल से हुई जो इस योजना के कथित आयोजक थे और गेटवे चालक बलविंदर सिंह, को मई 2025 में दोषी ठहराया गया। अभियोग पत्र के अनुसार, मार्च 2023 में, रामभाई पटेल और उनके सह-साजिशकर्ताओं ने मैसाचुसेट्स और अन्य राज्यों में छह या अधिक सुविधा स्टोर, शराब की दुकानों और फास्ट-फूड आउटलेट्स में सशस्त्र डकैती की घटनाओं को अंजाम दिया। इन डकैतियों का मकसद क्लर्कों या मालिकों को यू वीजा के लिए आवेदन करने का बहाना देना था जो कुछ खास अपराधों के पीड़ितों को कानून प्रवर्तन एजेंसियों की सहायता करने पर दिया जाता है। यू वीजा को अमेरिकी कांग्रेस द्वारा अक्टूबर 2000 में मानव तस्करी एवं हिंसा पीड़ितों की सुरक्षा अधिनियम के तहत पेश किया गया था, ताकि गंभीर अपराधों के पीड़ितों को सुरक्षा प्रदान की जा सके जो जांच या अभियोजन में कानून प्रवर्तन एजेंसियों की सहायता करते हैं। यू वीज़ा का पात्र होने के लिए, आवेदकों को निर्दिष्ट आपराधिक गतिविधियों का शिकार होना चाहिए, शारीरिक या मानसिक क्षति का शिकार होना चाहिए, अपराध के संबंध में जानकारी प्रदान करनी चाहिए और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ सहयोग करना चाहिए। इसके अलावा, आवेदकों को अमेरिकी आव्रजन कानून के तहत निर्धारित प्रवेश योग्यता आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए। इन फर्जी लूटपाट की घटनाओं के दौरान, कथित तौर पर लुटेरे ने दुकान के कर्मचारियों को नकली बंदूक दिखाकर धमकाया और नकदी चुरा ली। यह पूरी घटना दुकान के सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। पीड़ितों ने अपराध की सूचना पुलिस को देने से पहले कुछ मिनट इंतजार किया। अभियोग पत्र में दावा किया गया है कि आरोपियों ने रामभाई पटेल को डकैतियों का नाटक रचने के लिए पैसे दिए या परिवार के सदस्यों को पीड़ित के रूप में शामिल होने की व्यवस्था की। इस मामले की घोषणा अमेरिकी अटॉर्नी लीह बी. फोली और एफबीआई बोस्टन के विशेष प्रभारी एजेंट टेड ई. डॉक्स ने की। इस जांच में कई अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय, एफबीआई के क्षेत्रीय कार्यालय, अमेरिकी नागरिकता एवं आव्रजन सेवा, आईईसी प्रवर्तन और निष्कासन अभियान, मैसाचुसेट्स राज्य पुलिस और कई राज्यों की कानून प्रवर्तन एजेंसियां शामिल थीं।

# अमेरिका-वेनेजुएला से खरीदें तेल

## ट्रंप की टैरिफ धमकी पर बीजिंग का आया रिएक्शन

बीजिंग

अमेरिका-ईरान के बीच तनाव अभी थमा भी नहीं था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अब चीन के साथ भी नया टकराव मोल ले लिया है। खबर है कि चीन अगले कुछ हफ्तों में ईरान को नए एयर डिफेंस सिस्टम मुहैया कराने की तैयारी कर रहा है। जिसे लेकर ट्रंप बौखला गये हैं। ट्रंप से साफ पूछा गया कि क्या चीन भी उन देशों की लिस्ट में शामिल है, जिन पर ईरान को सैन्य मदद देने पर 50 प्रतिशत का भारी टैरिफ लगाया जा सकता है। ट्रंप ने बिना किसी हिचकिचाहट के जवाब दिया, हां, और दूसरे भी, लेकिन हां...चीन भी। ट्रंप ने इन रिपोर्टों को 'फेक' करार देते हुए खारिज कर दिया। फिर भी उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, अगर ये खबरें सच निकलीं, तो चीन को बहुत भारी टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। मेरे लिए एक खबर का ज्यादा मतलब नहीं होता, क्योंकि ज्यादातर खबरें फेक होती हैं। लेकिन मैंने सुना है कि चीन ईरान को शोल्डर-लॉन्च्ड मिसाइलें देने की सोच रहा है। मुझे शक है कि वे ऐसा करेंगे। मेरे और चीन के रिश्ते अच्छे हैं। शुरू में शायद उन्होंने थोड़ा बहुत किया हो, लेकिन अब मुझे नहीं लगता। ट्रंप ने सख्त लहजे में कहा, लेकिन अगर हम उन्हें पकड़ लिए कि वे ईरान को हथियार दे रहे हैं, तो



उन पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया जाएगा।

### ईरान को हथियार देने पर बोले ट्रंप

ट्रंप ने चीन से अपील भी की कि वह अपने जहाज अमेरिका और वेनेजुएला की तरफ भेजे। उन्होंने कहा, चीन अपने जहाज हमारे यहां भेज सकता है। हमने उनसे कहा है कि वे वेनेजुएला से तेल खरीदें। हमारे पास बहुत ज्यादा क्षमता है। हम उन्हें तेल बेचेंगे और शायद और सस्ते दाम पर भी बेचेंगे। चीन एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल सिस्टम ईरान को देने की तैयारी कर रहा है। चीनी दूतावास ने इन आरोपों से साफ इनकार किया है। प्रवक्ता ने कहा, चीन ने इस संघर्ष में किसी भी पक्ष को हथियार नहीं दिए हैं। यह जानकारी बिल्कुल गलत है।

# मोदी ने पीटर मैग्यार को बधाई दी

## भारत-हंगरी संबंधों को मजबूत करने पर जोर

नई दिल्ली (वार्ता)



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को हंगरी के चुनावों में पीटर मैग्यार और उनकी टिस्ज़ा पार्टी की शानदार जीत पर उन्हें बधाई दी और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय एवं रणनीतिक संबंधों को गहरा करने के महत्व पर जोर दिया। श्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक संदेश में कहा कि पीटर मैग्यार और टिस्ज़ा पार्टी को उनकी शानदार चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई। श्री मोदी ने भारत और हंगरी के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दोनों देश गहरी मित्रता, साझा मूल्यों और अटूट आपसी सम्मान से बंधे हुए हैं। प्रधानमंत्री ने भविष्य में सहयोग को लेकर आशा व्यक्त करते हुए कहा कि वह द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए श्री मग्यार के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने आगे कहा, मैं आपके साथ मिलकर द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने और हमारे लोगों की साझा समृद्धि एवं कल्याण के लिए महत्वपूर्ण भारत-यूरोपीय संघ रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हूं। भारत और हंगरी के बीच परंपरागत रूप से सौहार्दपूर्ण संबंध रहे हैं, जिनमें व्यापार, शिक्षा, संस्कृति और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में सहयोग शामिल है। हंगरी मध्य यूरोप में भारत का एक महत्वपूर्ण साझेदार रहा है और दोनों देशों ने हाल के वर्षों में आर्थिक एवं राजनयिक संबंधों को लगातार वृद्धि की है। प्रधानमंत्री मोदी के संदेश में भारत के लिए एक प्रमुख रणनीतिक साझेदार के रूप में यूरोपीय संघ के व्यापक महत्व पर भी जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि भारत-यूरोपीय संघ रणनीतिक साझेदारी ने हाल के वर्षों में तेज हुई है जो व्यापार, जलवायु कार्रवाई, डिजिटल परिवर्तन और वैश्विक शासन जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित है।

# हिजबुल्लाह लेबनान-इजरायल के बीच वार्ता का करता है विरोध

**बेरुत (वार्ता)।** हिजबुल्ला की राजनीतिक परिषद के उपाध्यक्ष महमूद कोमती ने कहा कि हिजबुल्लाह लेबनान और इजरायल के बीच सीधी बातचीत का विरोध करता है और उसे इनसे किसी सकारात्मक परिणाम की उम्मीद नहीं है। श्री कोमती ने रूसी समाचार एजेंसी स्पुतनिक से कहा, लेबनान में संघर्षविराम ईरान की वजह से हुआ है। हमें लेबनान के संबंध में वार्ता से सकारात्मक परिणामों की उम्मीद नहीं है। हम लेबनान और इजरायली दुश्मन के बीच सीधी बातचीत को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं और इसे बिल्कुल भी स्वीकार नहीं करते हैं। हिजबुल्लाह के नेतृत्व के अनुसार, ईरान के कड़े रुख ने ही अमेरिका और इजरायल को लेबनान में संघर्षविराम वार्ता के लिए सहमत होने पर मजबूर किया। इस बीच, अमेरिका और इजरायल की स्थिति को इस तरह पेश करने की कोशिश कर रहे हैं जैसे कि वे इन वार्ताओं के सूत्रधार हों। श्री कोमती ने बताया, इस दिशा में दबाव इस तथ्य से उपजा है कि इजरायल न तो लेबनान और न ही लेबनानी देश को मान्यता देता है और अचानक आज, इजरायल लेबनान के साथ बातचीत के लिए सहमत हो गया। यह ईरान की बदौलत हुआ है, जो ईरान की इजरायल और अमेरिका पर जीत का परिणाम है। इसी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को लेबनानी राज्य में अधिकार बहाल करने के लिए प्रेरित किया ताकि लेबनान में संघर्षविराम ईरानी प्रयासों का परिणाम न लगे। सऊदी प्रसारक अल हदथ ने एक आधिकारिक लेबनानी स्रोत के हवाले से खबर दी है कि लेबनान-इजरायल वार्ता मंगलवार को होगी।

# हरि नगर में दो चोर गिरफ्तार पुलिस पर किया हमला

नई दिल्ली (वार्ता)

नई दिल्ली के हरि नगर में दो चोरों को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर आरोपियों ने चाकू से हमला कर दिया, हालांकि पुलिस ने उन्हें फिर भी काबू में कर लिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान बबलू सिंह और धरम सिंह के रूप में हुई है। घायल पुलिसकर्मियों को दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल ले जाया गया। आउटर डिस्ट्रिक्ट की एंटी-स्नैचिंग और चोरी सेल के सहायक उपनिरीक्षक विनोद, हेड कांस्टेबल रवि, कांस्टेबल देवेंद्र और अभिषेक रानी बाग थाने के एक मामले में रविवार को वांछित कुछ संदिग्धों का पीछा करते हुए शिव नगर पहुंचे थे। उस वक्त दोनों चोर आदर्श नगर से चोरी की गई मोटरसाइकिल पर एक घर में चोरी की वारदात को अंजाम देने की कोशिश में थे, तभी जवानों ने उन्हें रोक लिया। अधिकारी ने बताया कि चोरों को पकड़ने की कोशिश के दौरान उन्होंने एएसआई विनोद और कांस्टेबल अभिषेक पर चाकू से हमला कर दिया। एएसआई विनोद की दाहिनी भौंह के ऊपर चाकू लगने से चोट आई है।

# दुनिया में भारत की पहचान बनाने में महिलाओं की अहम भूमिका: रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली (वार्ता)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि देश की तरक्की, विकास और दुनिया में भारत की पहचान बनाने में महिलाओं की अहम भूमिका है। श्रीमती गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में आज यहां आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में कहा कि देश की तरक्की, विकास और दुनिया में भारत की पहचान बनाने में महिलाओं की अहम भूमिका है। उन्होंने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए बनाई गई दूरदर्शी नीतियों के लिए प्रधानमंत्री का स्वागत किया और उनका धन्यवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने भारतीय महिलाओं के ऐतिहासिक संघर्ष को रेखांकित करते हुए कहा कि सती प्रथा, बाल विवाह, अशिक्षा और कन्या भ्रूण हत्या जैसी गंभीर सामाजिक चुनौतियों को पार कर आज की नारी ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। एक दौर था जब बेटियों के अस्तित्व पर संकट था, लेकिन आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ से कहीं आगे बढ़कर बेटी बढ़ाओ के युग में प्रवेश कर चुका है।



# श्री गुरु ग्रंथ साहिब की पवित्रता के लिए बेअदबी विरोधी संशोधन विधेयक पेश

चंडीगढ़ (वार्ता)

पंजाब सरकार ने सोमवार को विधानसभा के विशेष सत्र दौरान बेअदबी के कृत्यों के लिए आजीवन कारावास का प्रावधान करने वाला 'जागत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) विधेयक, 2026' पेश किया। कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने इसे न्याय की दिशा में एक ऐतिहासिक और समझौता न करने वाला कदम करार दिया है। सरकार ने स्पष्ट किया कि उसका उद्देश्य बेअदबी के मामलों में सख्त, समयबद्ध कार्रवाई लागू करना और किसी भी प्रकार के समझौते की गुंजाइश को खत्म करना है। पंजाब विधानसभा में इस ऐतिहासिक विधेयक पर चर्चा शुरू करते हुए, श्री आनंदपुर साहिब के विधायक श्री बैंस ने सिख धर्मग्रंथों की पवित्रता की रक्षा के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार की प्रतिबद्धता जतायी। उन्होंने कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा, मैं आज केवल एक विधायक नहीं हूं। मैं उस धरती की आवाज़ हूं, जहां 327 साल पहले 13 अप्रैल के दिन श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने ब्रह्मांड को खालसा भेंट किया था। आम आदमी पार्टी सरकार के इस कदम की तुलना पिछली सरकारों से करते हुए उन्होंने कहा, कथित पंथिक सरकारें श्री गुरु ग्रंथ साहिब के सम्मान की रक्षा के लिए एक सख्त कानून बनाने में विफल रहीं, जबकि कुछ तो बेअदबी की दोषी भी रहीं और बाद में श्री अकाल तख्त साहिब में जाकर अपना गुनाह कबूला। हम साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं और हमने कभी यहां पहुंचने की कल्पना नहीं की थी। आज इस सरकार के माध्यम से साहिब-ए-कमाल श्री गुरु गोविंद सिंह जी स्वयं हमसे यह सेवा ले रहे हैं। उन्होंने इस विधेयक को एक व्यापक और दूरदर्शी कानून बताते हुए इसके प्रमुख प्रावधानों को रेखांकित किया कि बेअदबी के मामलों की जांच केवल पुलिस उपाधीक्षक रैंक या उससे ऊपर के अधिकारी ही कर सकेंगे। जांच और सुनवाई (ट्रायल) के लिए सख्त समय सीमा तय की गयी है। यह अपराध संज्ञेय होगा, जिसका अर्थ है कि अदालत के बाहर कोई समझौता नहीं होगा और बिना वारंट के गिरफ्तारी की जा सकेगी। दोषियों को आजीवन कारावास और 25 लाख रुपये तक का जुर्माना भुगतना होगा। इस कृत्य में शामिल या उकसाने वालों को भी समान सजा मिलेगी।



फिल्म/टीवी मनोरंजन

# आशा भोसले पंचतत्व में विलीन, बेटे आनंद भोसले ने दी मुखाग्नि, अंतिम संस्कार में हर किसी की आंखें नम

पद्म विभूषण से सम्मानित और दुनिया भर में अपनी आवाज से जादू बिखेरने वाली मशहूर गायिका आशा भोसले पंचतत्व में विलीन हो गईं। सोमवार को मुंबई के शिवाजी पार्क में उन्हें आखिरी विदाई दी गई। यहां परिवार से लेकर फिल्मी सितारे नम आंखों से उन्हें आखिरी विदाई देते दिखे। भारतीय संगीत की दुनिया में राज कर चुकीं आशा भोसले पंचतत्व में विलीन हो गईं। मुंबई के शिवाजी पार्क में राजकीय सम्मान के साथ उन्हें आखिरी विदाई दी गई। आशा भोसले के परिवार, फिल्मी हस्तियां और उन्हें चाहने वाले उनके अपनों ने आज सोमवार को नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि दी। बेटे आनंद भोसले ने उन्हें मुखाग्नि दी। संगीत जगत की दिग्गज सिंगर आशा भोसले का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया, जिन्हें लोग प्यार से %आशा ताई% भी कहते थे। उनके निधन से न केवल मनोरंजन जगत में बल्कि पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई है। जिन्हें लोग अब तक अपने सामने गाते हुए देखा करते थे, अब वो यादें बनकर रह जाएंगी। बॉलीवुड जगत को सुरीला बनाने में अहम भूमिका निभा चुकीं दिग्गज गायिका आशा भोसले के अंतिम दर्शन के लिए राजनेता से लेकर बॉलीवुड जगत के सभी बड़े सितारे पहुंचे। आशा भोसले का अंतिम संस्कार आज सोमवार को मुंबई के शिवाजी पार्क में किया गया। उनकी आखिरी झलक देखने के लिए भारी संख्या में भीड़ उमड़ी और हर आंखें उदास और नम थीं। बॉलीवुड से कई हस्तियां आशा को अंतिम विदाई देने के लिए पहुंची। आशा ताई के आखिरी दर्शन के लिए पहुंचीं तब्बू और आशा पारेख काफी इमोशनल नजर आईं। बता दें कि उनके अंतिम दर्शन के लिए तब्बू से लेकर आशा पारेख, सचिन तेंडुलकर, रितेश देशमुख, शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे, उनकी पत्नी रश्मी ठाकरे और नेता आदित्य ठाकरे, महाराष्ट्र के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा, भारतीय गायक और संगीतकार लेस्ली पीटर लुईस, और भारतीय संगीतकार उत्तम सिंह पहुंचे थे।





### ब्रीच कैंडी अस्पताल में ली अंतिम सांस

आशा भोसले को अत्यधिक कमजोरी और सीने में संक्रमण के कारण शनिवार शाम को साउथ मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जैसा कि उनकी पोती जनाई भोसले ने बताया। रविवार सुबह उनका निधन हो गया और उस समय उनकी उम्र 92 वर्ष थी। पंडित दीनानाथ मंगेशकर के संगीत परिवार में जन्मीं आशा भोसले और उनकी दिवंगत बहन, दिग्गज लता मंगेशकर ने दशकों तक भारतीय संगीत जगत पर राज किया। उन्होंने अपना पहला फिल्मी गाना %चला चला नव बाला% मराठी फिल्म %मझा बल% (1943) के लिए गाया और हिंदी फिल्म में गायन की शुरुआत हंसराज बहल की फिल्म चुनरिया (1948) के सावन आया गाने से की।

# 14 साल की उम्र में पहली बार फराह खान से मिली थीं तारा सुतारिया

**बॉलीवुड कोरियोग्राफर फराह खान अपनी फिल्मों से ज्यादा अब अपने यूट्यूब व्लॉग के लिए फेमस हैं. वे अपने रसोइए दिलीप के साथ बॉलीवुड स्टार्स के घर जाती हैं और उनके साथ मजेदार डिश बनाने के साथ-साथ हिंदी सिनेमा से जुड़े राज भी खोलती हैं. अब कोरियोग्राफर को तारा सुतारिया के घर देखा गया, जहां दोनों ने अपनी पहली मुलाकात का किस्सा भी शेयर किया.**

फराह खान का नया व्लॉग यूट्यूब पर रिलीज हो चुका है, जिसमें वे तारा सुतारिया के साथ पहली मुलाकात का किस्सा शेयर करती दिख रही हैं. दोनों की पहली मुलाकात रियलिटी शो 'एंटरटेनमेंट के लिए कुछ भी करेगा' के सेट पर हुई थी, जहां 14 साल की प्यारी तारा ने स्टेज पर शानदार ओपेरा गाया था. शो में फराह खान बताती है कि वे तारा के पिता की कॉलेज की दोस्त हैं और तारा स्कूल की तरफ से हमारे शो पर आई थी और गाना गाने की इच्छा भी जाहिर की थी.

कोरियग्राफर आगे बताती हैं कि तारा उस वक्त बहुत छोटी थी और कर्ल बालों के साथ उन्होंने स्टेज पर पूरे कॉन्फिडेंट के साथ ओपेरा गाया था. अभिनेत्री ने इतना अच्छा गाया था कि अनु मलिक का मुंह खुला रह गया था. शो में तारा अपने कुकिंग एक्सपीरियंस पर भी बात करती हैं और बताती हैं कि उन्हें पहले खाना बनाने का शौक नहीं था लेकिन कोविड के समय वो घर में एक्सपेरिमेंट करती थी. उसी दौरान उन्होंने अच्छा खाना बनाना सीखा था.

यह बात तो सभी जानते हैं कि तारा एक प्रोफेशनल सिंगर है और उन्होंने विदेश से सिंगिग का प्रशिक्षण लिया है. हिंदी सिनेमा में भी कई गाने गा चुकी हैं, जिसमें एक विलेन रिटर्न्स का 'शामत', 'हीरोपंती 2' का मिस हैरान और जलवानुमा गाना शामिल है.

**तारा सुतारिया ने खरीदा नया घर**-बता दें कि तारा सुतारिया ने इसी साल अपना आलीशान घर खरीदा था और गृह प्रवेश के बाद घर के कोने-कोने की फोटोज सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी. अभिनेत्री ने घर के शानदार क्लासिक विंटेज फर्नीचर से लेकर पियानो की फोटोज भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की थीं. पहला घर खरीदना तारा के लिए बेहद सुखद अनुभव रहा है.



# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गोटेगांव में आयोजित हुआ जल संवाद कार्यक्रम

### जल संरक्षण व संवर्धन के लिए लिया गया संकल्प



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड गोटेगांव में अभियान को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एक विस्तृत जल संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना तथा अभियान में जन समुदाय की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित कराना है। यह जल संवाद कार्यक्रम मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वाधान में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद श्री जयनारायण शर्मा, परामर्शदाता व विद्यार्थी मौजूद थे। जल संवाद कार्यक्रम के दौरान जल संकट की वर्तमान स्थिति, वर्षा जल संचयन, भू-जल स्तर में गिरावट तथा पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि जल संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं तक सीमित न रहकर जनभागीदारी के माध्यम से ही सफल हो सकता है। इस अवसर पर प्रतिभागियों द्वारा स्वप्रेरित एवं स्वचित्रित गतिविधियों, चार्ट एवं प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जल संरक्षण के विविध आयामों को रेखांकित किया गया। विद्यार्थियों ने जल बचाने के व्यावहारिक उपायों को प्रस्तुत करते हुए अपने विचार साझा किए। जलसंवाद के दौरान जल संरक्षण एवं संवर्धन को विशेष प्राथमिकता देते हुए एक ठोस कार्ययोजना तैयार करने पर बल दिया गया।

इसमें खेत तालाब निर्माण, सोकता गड्ढे, रूफ वाटर हार्वेस्टिंग, नालों एवं कुओं का पुनर्जीवन तथा वृक्षारोपण जैसी गतिविधियों को अपनाने की आवश्यकता बताई गई। साथ ही व्यक्तिगत, पारिवारिक एवं सामुदायिक स्तर पर समन्वय स्थापित कर जल संरक्षण के कार्यों को सतत एवं प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए गए। सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम के विद्यार्थी अपने-अपने ग्रामों में सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से जल संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों को क्रियान्वित करेंगे।

इसके अंतर्गत ग्रामीणों को जागरूक कर श्रमदान के माध्यम से जल संरचनाओं का निर्माण तथा जल बचत के प्रति व्यवहारिक परिवर्तन लाने पर विशेष ध्यान देंगे। कार्यक्रम में सभी उपस्थितजनों ने जलगंगा संवर्धन अभियान को जन-जन तक पहुँचाने, जल स्त्रोतों के संरक्षण हेतु सक्रिय भूमिका निभाने एवं जल बचाने के लिए सतत प्रयास करने का सामूहिक संकल्प लिया।

# सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश ने ली समय सीमा की बैठक

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।



सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को समय सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यकक निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख मौजूद थे। सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश ने बैठक में विभिन्न आयोगों से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का निराकरण संतुष्टिपूर्वक समय सीमा में करना सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में आयोजित गतिविधियों को बढ़ाने के निर्देश दिए, जिससे जल संरक्षण के प्रयासों को व्यापक रूप दिया जा सके। बैठक में गेहूं उपार्जन की भी विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले को शासन द्वारा 69 खरीदी केन्द्रों का लक्ष्य आवंटित किया गया है, जिनमें से 5× केन्द्र सहकारी समितियों के माध्यम से संचालित किए जा रहे हैं। शेष 16 खरीदी केन्द्रों को समूह/ग्राम संगठनों को आवंटित करने हेतु प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह ने निर्देश दिए कि गेहूं उपार्जन हेतु पंजीकृत किसानों का पुनः सत्यापन कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। साथ ही संबल योजना के अंतर्गत लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण कर जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

## आज मनाई जाएगी सेन महाराज की जयंती



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** सेन समाज के आराध्य संत शिरोमणि भगवान सेन जी महाराज की 726 वीं जयंती 14 अप्रैल मंगलवार को स्थानीय तुलसी मानस भवन सदर मढ़िया प्रांगण मे मनाई जावेगी। आयोजन समीति द्वारा बताया गया कि प्रातः रामधुन मंडल में प्रसादी वितरण 10 बजे हवन - पूजन, आरती तथा दोपहर 12 सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन एवं अतिथियों का सम्मान व पुरस्कार वितरण किया जावेगा। उसके उपरांत भव्य प्रसादी वितरण की जावेगी। उक्त जानकारी सेन समाज अध्यक्ष प्रदीप सेन द्वारा दी गई।

## जिले में 25 अप्रैल 2026 तक नारी शक्ति वंदन परववाड़ा मनाया जाएगा

### पखवाड़ा के सफल आयोजन के लिए निर्देश जारी

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जिले में 25 अप्रैल 2026 तक नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मनाया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा पखवाड़ा के तहत निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जिले के सभी जिला प्रमुखों को पखवाड़े के सफल आयोजन के लिए दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने सम्पूर्ण कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास को नोडल नियुक्त किया है। नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत जारी निर्देश के अनुसार जिले की प्रत्येक परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लोकसभा/ विधानसभा क्षेत्रों में नारी शक्ति पदयात्रा आयोजित की जाएगी। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा युवा वर्ग के द्वारा नारी शक्ति वंदन दीवार लेखन तैयार किया जाएगा व दीवार में संदेश भी लिखे जाएंगे। महिला एवं बाल विकास और ग्रामीण एवं शहरी आजीविका मिशन के द्वारा महिला संगठन, महिला स्वसहायता समूह, लखपति दीदी, लाड़ली बहना आदि को अभियान से जोड़ा जाएगा।

# डॉ. सैमुअल हैनीमन की जयंती पर विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया गया

### होम्योपैथी संस्थाओं में आयोजित शिविर में 364 व्यक्ति हुए लाभांवित

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।



होम्योपैथी चिकित्सा विधा के जनक डॉ. सैमुअल हैनीमन की जयंती के उपलक्ष्य में जिला आयुष कार्यालय नरसिंहपुर के अधीनस्थ होम्योपैथी संस्थाओं में विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया गया। इस दौरान आयोजित शिविर में ३64 व्यक्ति लाभांवित हुए। होम्योपैथी संस्थाओं में डॉ. हैनीमन की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्र'जवलन किया गया। डॉ. हैनीमन के जीवन एवं होम्योपैथी की उत्पत्ति के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस उपलक्ष्य में सभी होम्योपैथिक संस्थाओं में होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन कर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं होम्योपैथिक औषधियों का वितरण किया गया। साथ ही नागरिकों को आवश्यक्तानुसार ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन एवं ब्लड शुगर की जांच की गई। शिविर में ×64 व्यक्ति लाभांवित हुए।

## नि:शुल्क सिलाई का आवासीय प्रशिक्षण 15 अप्रैल से प्रारंभ होगा

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** निदेशक सेंट-आरसेटी नरसिंहपुर ने बताया कि सेंट-आरसेटी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नरसिंहपुर में निःशुल्क महिला सिलाई का आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 अप्रैल 2026 से प्रारंभ किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों के लिए रहेगा। आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होना चाहिए। इ'छुक आवेदनकर्ता 15 अप्रैल 2026 तक अपना आवेदन दे सकते हैं। साक्षात्कार लिए जाने के उपरांत चयनित प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण 15 अप्रैल से प्रारंभ किया जाएगा। एक बैच के प्रशिक्षण ×5 अभ्यर्थियों की सीट रहेगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण सामग्री, स्टेशनरी, × टाइम चाय-नाश्ता, दो टाईम भोजन एवं आवासीय सुविधा और सर्टीफाई ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। आवेदकों को अपने आवेदन के साथ आधार कार्ड, मार्कशीट, बीपीएल राशन कार्ड/ मनरेगा जॉब कार्ड/ ग्रामीण समूह का सदस्य-एसईईसीसी, 4 फोटो, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र और अनिवार्य रूप से बैंक पासबुक की फोटोकॉपी लाना आवश्यक है।

## क्षीरधारा ग्राम योजना के तहत ग्राम लिंगा में हुआ पशुओं का डोर-टू-डोर टीकाकरण



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशुपालकों की समृद्धि और मवेशियों को घातक बीमारियों से बचाने के लिए क्षीरधारा ग्राम योजना के तहत ग्राम लिंगा में विभागीय टीम के द्वारा घर-घर जाकर पशुओं को निःशुल्क एफएमडी (खुरपका-मुँहपका) का टीकाकरण किया गया। यह टीकाकरण उपसंचालक पशुपालन डॉ. सुनील बृजपुरिया के मार्गदर्शन में हुआ। इस योजना के तहत चलाए गए अभियान का उद्देश्य केवल टीकाकरण तक सीमित नहीं था, बल्कि पशुपालन के क्षेत्र में डिजिटल क्रांति को भी बढ़ावा देना था। अभियान के दौरान मवेशियों की टैगिंग की गई और उनका भारत पशुधन ऐप पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित किया गया। इसके साथ ही पारदर्शिता और भविष्य की सुविधाओं के लिए पशुपालकों के आधार कार्ड और मोबाइल नंबर भी ऐप पर अपडेट किए गए।ग्राम लिंगा में पशुपालकों को जागरूक किया गया। इस टीम में डॉ. श्रेया दुबे, दीपक कौरव, शुभांशु राजपूत, रीना बेलवंशी, आकाश पटेल व अंकित पटेल शामिल थे। उप संचालक पशु पालन श्री बृजपुरिया ने बताया कि इस तरह के डोर-टू-डोर अभियान से न केवल पशुओं में बीमारियों का खतरा कम होगा, बल्कि पशुपालकों को सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ मिल सकेगा।

# दक्ष इंटरनेशनल स्कूल में कला और भाषा प्रदर्शनी का किया आयोजन

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।



दक्ष इंटरनेशनल स्कूल के गाडरवारा कैंपस में वार्षिक विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, कला और भाषा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में 300 से अधिक छात्रों ने 200 से अधिक प्रोजेक्ट बनाकर प्रदर्शित किए, जिनमें उनकी रचनात्मकता, कौशल और दूरदृष्टि की झलक मिली।

मशीन के वर्किंग मॉडल, गणित के सूत्रों और व्युत्पत्तियों का सत्यापन, नवीकरणीय ऊर्जा, हाइड्रोलिक क्रेन और अंतरिक्ष यान, हृदय की कार्यप्रणाली, नया भारतीय संसद भवन, तथा 30 से अधिक देशों के सिक्कों और मुद्राओं का संग्रह इस प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षण रहे। 400 से अधिक अभिभावकों और अतिथियों ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सभी अभिभावक, शिक्षक और प्रबंधन समिति छात्रों के प्रोजेक्ट्स और प्रस्तुतियों से अत्यंत प्रभावित हुए। दक्ष के मार्गदर्शक चैतन्य यादव जी और प्रधानाचार्य पी.के. चौधरी ने छात्रों, उनके अभिभावकों और कर्मचारियों की सहभागिता की सराहना की और उन्हें धन्यवाद दिया। यह प्रदर्शनी स्थानीय प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए दक्ष द्वारा किए जा रहे अनेक प्रयासों में से एक थी।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल प्रशिक्षण वर्ग का दो दिवसीय शिविर सम्पन्न



गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

भारतीय जनता पार्टी मंडल गाडरवारा द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल प्रशिक्षण वर्ग 2026 का दो दिवसीय शिविर सुखदेव भवन में उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, सरकारी योजनाओं और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने हेतु प्रशिक्षित करना रहा। कार्यक्रम का संचालन मंडल प्रभारी मुकेश मारिया एवं मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा के नेतृत्व में हुआ।

**दीप प्रज्वलन से हुआ शुभारंभ**-उद्घाटन सत्र में दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ प्रशिक्षण वर्ग की शुरुआत हुई, जिसमें बड़ी संख्या में वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**प्रथम सत्र वैचारिक अधिष्ठान**-पहले सत्र में डॉ. हरि गोविंद सिंह पटेल ने भाजपा की मूल विचारधारा, राष्ट्रवाद, अंत्योदय और संगठनात्मक सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनने का संदेश दिया।

**द्वितीय सत्र भाजपा का इतिहास एवं विकास**-दूसरे सत्र में जिला भाजपा अध्यक्ष राम स्नेह पाठक ने भाजपा के संघर्ष, विस्तार और विकास यात्रा पर विस्तृत जानकारी दी। इस सत्र की अध्यक्षता शरद जैन ने की।

**तृतीय सत्र बूथ प्रबंधन**-तीसरे सत्र में सुरेंद्र मोहन नेम ने बूथ प्रबंधन और मन की बात कार्यक्रम के महत्व पर मार्गदर्शन दिया, जबकि अध्यक्षता अशोक मोलासरिया ने की।

**चतुर्थ एवं पंचम सत्र योजनाएं और सोशल मीडिया**-चौथे सत्र में प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। पांचवें सत्र में राहुल कोरव ने सोशल मीडिया, आई-नमो ऐप और सरल ऐप के प्रभावी उपयोग पर प्रशिक्षण दिया।

**षष्ठम सत्र केंद्र सरकार की योजनाएं**-अंतिम सत्र में मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह ने केंद्र सरकार की योजनाओं को विस्तार से बताते हुए कार्यकर्ताओं से इन्हें अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया।

**सप्तम व अष्टम सत्र कार्य विस्तार पर चर्चा**-सप्तम सत्र में साधना स्थापक ने कार्य विस्तार विषय पर मार्गदर्शन दिया तथा अध्यक्षता घनश्याम राजपूत ने की। अष्टम सत्र में उदय ठाकुर वक्ता रहे और अध्यक्षता सुरेश श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम का सफल संचालन मिनेंद्र डागा ने किया। अंत में मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत शर्मा एवं महामंत्री शुभम राजपूत ने सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही, जिससे शिविर प्रेरणादायी और सफल रहा।

## मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल 14 अप्रैल को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल सोमवार 1३ अप्रैल को रात्रि 8 बजे भोपाल से प्रस्थान कर रात्रि 11 बजे सर्किट हाउस नरसिंहपुर पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल मंगलवार 14 अप्रैल को प्रात: 11:40 बजे सर्किट हाउस से प्रस्थान कर प्रात: 11:50 बजे इतवारा बाजार मेन रोड में आकर डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। आप दोपहर 12 बजे इतवारा बाजार से प्रस्थान कर दोपहर 12:10 बजे जिला अस्पताल के सामने डॉ. कॉलोनी में नारी शक्ति वंदन पखवाड़े के अंतर्गत पीड़ित महिलाओं के लिए वन स्टॉप सेंटर का लोकार्पण करेंगे।


## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

**सार्वजनिक उदघोषणा**

रा.मा.क्र. 72 अ-20(1) सन् 2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 30/04/2026 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अनुसूची

| नजूल शीट क्र. | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक धारकों के नाम/पिता / माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता /माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 16 | कंदेली | 18/4 | 1540 वर्गफुट | वैभव जैन आ. महेन्द्र दत्त जैन निवासी रामवार्ड कंदेली | वैभव जैन आ. महेन्द्र दत्त जैन निवासी रामवार्ड कंदेली |

इश्तहार आज दिनांक 13/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर

# मंदिरों में चोरी की वारदातों का पर्दाफाश

## कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपी, लाखों का माल बरामद

### माल ठिकाने लगाने वाले सराफा कारोबारी को पुलिस ने भेजा जेल

कटनी (स्वतंत्रमत)।

09 अप्रैल को हीरागंज दक्षिण मुखी काली मंदिर के पुजारी मयंक दुबे के द्वारा थाना कोतवाली कटनी में सूचना दी गई कि सुबह करीब 06 बजे काली मंदिर में पूजा करने आया था तो साफ-सफाई व पूजा करने के बाद मंदिर का दरवाजा खोलकर करीब 06:50 बजे कुछ दूर चाय पीने चला गया था जो करीब 07 बजे लौटकर देखा तो मंदिर में माता का चांदी का मुकुट, चांदी का झुमका एवं सोने की नथ नहीं थी। जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी करके ले गया है। मंदिर में हुई चोरी जैसी संवेदनशील घटना को दृष्टिगत रखते हुए थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राखी पाण्डेय द्वारा तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया एवं स्टाफ को मौके पर रवाना किया गया। सूचना पर अप.क्र. 357/2026 धारा 303(2) बीएनएस का अज्ञात आरोपी के विरूद्ध कायम कर विवेचना में लिया गया। टीम के द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीव्ही फुटेज का बारीकी से अवलोकन किया गया तो घटनास्थल के पास ही दो संदिग्ध लड़के मोटर सायकल से भागते हुए दिखे। इसी आधार पर अन्य आने जाने वाले रास्तों के सीसीटीव्ही फुटेज चैक करते हुए संभावित रास्तों पर संदेहियों की पता तलाश की गई एवं अन्य तकनीकी साक्ष्य एकत्रित किए गए। इसी दौरान 10 अप्रैल को एक संदेही के तिलक कॉलेज के पास प्रेमनगर में होने की





जानकारी लगी, जो टीम के द्वारा दविश देकर संदेही को पकड़ा गया। जिससे उसका नाम पता पूछने पर अपना नाम प्रकाश दुबे उर्फ अभिषेक दुबे पिता कृष्ण कुमार दुबे उम्र 20 वर्ष नि. ओम अनाथालय अयोध्यानगर चार लाईन भोपाल हाल उड़िया मोहल्ला थाना एनकेजे कटनी का होना बताया। संदेही से घटना के संबंध में पूछताछ करने पर अपने सौतेले भाई के साथ हीरागंज में दक्षिण मुखी काली माता मंदिर में चोरी की घटना घटित करना स्वीकार किया। आरोपी से पूछताछ करने पर जिला उमरिया के मानपुर रोहनिया के ज्वाला मुखी माता मंदिर एवं ग्राम ददरी के हनुमान मंदिर में तथा जिला कटनी के ग्राम पड़रिया थाना एनकेजे स्थित दुर्गा मंदिर में, थाना माधवनगर पिपरौध के दुर्गा माता मंदिर में अपने दोस्त व सौतेले भाई के साथ मिलकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देना बताया। आरोपी से चोरी किए हुए माल के बारे में पूछताछ पर बताया कि पुरानी चोरियों का माल जिला उमरिया निवासी राहुल सोनी के पास बेचा हूं और हीरागंज मंदिर से चोरी किए गए आभूषणों में से 01 सोने की नथ को राहुल सोनी को बेच दिया हूं और चांदी का सामान उमरिया में ही ज्वाला मुखी मंदिर के पास गाटर पुल के नीचे छिपाकर रखा हूं। बेचे हुए माल के पैसों को अपने सौतेले भाई और पिता को दिया हूं। घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल के बारे में पूछने पर बताया कि जब भी चोरी करने के लिए जाता था तो पिता से मोटर सायकल ले जाता था जिसके एवज में पिता को पैसे भी देना होते थे। आरोपी के मेमोरेण्डम के आधार पर आरोपी के कब्जे से मशरूका बरामद करते हुए आरोपी राहुल उर्फ लालू सोनी पिता पुरूषोत्तम दास सोनी उम्र 38 वर्ष नि. शांति मार्ग नं. 08 म.नं. 02 जिला उमरिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई जो आरोपी प्रकाश दुबे से चोरी का माल खरीदना स्वीकार किया जिसके कब्जे से हीरागंज मंदिर से चोरी की गई सोने की नथ बरामद की गई। साथ ही 11 अप्रैल को आरोपी कृष्ण कुमार दुबे पिता खुशाली दुबे नि. प्रेमनगर मल्टी के पास थाना एनकेजे एवं उसके सौतेले पुत्र विधिउल्लंघनकारी बालक को अभिरक्षा में लिया जाकर मशरूका बरामद किया गया है।

चोरी के अन्य मामलों के संबंध में सूचना संबंधित थानों को दी गई है जिनके द्वारा पकड़े गए आरोपियों के विरूद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पकड़े गए आरोपी प्रकाश उर्फ अभिषेक दुबे के विरूद्ध पूर्व से मंदिरों में चोरी करने संबंधी 07 अपराधिक प्रकरण अलग-अलग थानों में पंजीबद्ध होना पाए गए है। प्रकाश दुबे उर्फ अभिषेक दुबे पिता कृष्ण कुमार दुबे उम्र 20 वर्ष नि. ओम अनाथालय अयोध्यानगर चार लाईन भोपाल हाल उड़िया मोहल्ला थाना एनकेजे कटनी, राहुल उर्फ लालू सोनी पिता पुरूषोत्तम दास सोनी उम्र 38 वर्ष नि. शांति मार्ग नं. 08 जिला उमरिया, कृष्ण कुमार दुबे पिता खुशाली दुबे नि. प्रेमनगर मल्टी के पास थाना एनकेजे, विधिउल्लंघनकारी बालक उम्र 15 वर्ष, मंदिर चोरियों का खुलासा- 30 जनवरी को जिला उमरिया के मानपुर रोहनिया के ज्वाला मुखी माता मंदिर से 02 सोने की पत्तीदार आंख, 01 सोने की नथ, 01 सोने की गले की मनचली (गुरिया लगी हुई), चांदी के 02 मंगल सूत्र, 01 चांदी की करधन, आधा चांदी का झालदार करधन, 01 जोड़ी चांदी की पायल एवं दान पेटी से 4000 रू, 27 मार्च को ग्राम पड़रिया थाना एनकेजे स्थित दुर्गा माता मंदिर से 01 चांदी का मुकुट, मंदिर की पेटी से चांदी की पायल, चांदी की कटोरी, चांदी की आंखे, सोने की 02 छोटी लॉकेट, 29 मार्च को थाना माधवनगर के ग्राम पिपरौध स्थित दुर्गा माता मंदिर से चांदी के 02 छत्र, सोने का मंगलसूत्र, चांदी की सुतिया, 03 अप्रैल को जिला उमरिया के ग्राम ददरी स्थित हनुमान मंदिर से चांदी का छत्र एवं चांदी का मुकुट, 09 अप्रैल को थाना कोतवाली कटनी के हीरागंज दक्षिण मुखी काली मंदिर से चांदी का मुकुट, चांदी का 01 झुमका व सोने की नथ भी थी।

फोटोः विकास गुप्ता



# राजीव गांधी वार्ड में विकास कार्यों का शुभारंभ सी.सी. नाली निर्माण हेतु भूमि पूजन सम्पन्न

### जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ आयोजन, दुर्गा मंदिर में लिया आशीर्वाद

### महापौर ने किया वार्ड का दौरा, नागरिकों से किया सीधा संवाद

कटनी (स्वतंत्रमत)।

नगर में विकास कार्यों को नई गति देते हुए रविवार को राजीव गांधी वार्ड में विभिन्न स्थानों में सी.सी. नाली निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन महापौर प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद प्रेमवती रजक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। लगभग 19 लाख 33 हजार की लागत से होने वाला यह कार्य क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस निर्माण कार्य के पूर्ण होने के बाद वार्ड में जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी साथ ही स्वच्छता व्यवस्था में भी सुधार आएगा। लंबे समय से चली आ रही समस्या के समाधान के लिए यह कार्य स्वीकृत किया गया है, जिससे स्थानीय नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य सुरेंद्र गुप्ता, ओमी अहिरवार, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, पूर्व महापौर रुक्मणी बर्मन, पूर्व पार्षद डब्बू रजक, सहित क्षेत्रीय नागरिक संजू मौर्य, सुमित गुप्ता, रजनीश सभरवाल, मनीष सभरवाल ओमप्रकाश गुप्ता, मोंटी गुप्ता, कमलेश गुप्ता, सुरेश गुप्ता, अतुल निषाद, मनोज दुबे, सुरेंद्र कुमार मिश्रा, निशी गुप्ता, डॉ विश्वास, मिथलेश गुप्ता, लक्ष्मी नामदेव, सुरेश रजक, मयंक सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को और अधिक प्रभावशाली बना दिया। भूमि पूजन के पश्चात महापौर प्रीति संजीव सूरी ने संबंधित वार्ड का विस्तृत भ्रमण कर स्थानीय नागरिकों से आत्मीय संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों की समस्याओं और आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना, साथ ही मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी चुनौतियों की जानकारी ली। उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त किया कि प्राप्त सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं प्रभावी निराकरण किया जाएगा, ताकि क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिल सके और आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। कार्यक्रम के दौरान सभी जनप्रतिनिधियों ने वार्ड स्थित दुर्गा मंदिर में भगवती का आशीर्वाद लिया। महापौर एवं अन्य जनप्रतिनिधियों का स्थानीय नागरिकों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। पूरे आयोजन में उत्साह, श्रद्धा और जनसहभागिता का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

फोटोः विकास गुप्ता

# बड़वारा में कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुंवर सौरभ सिंह का दौरा

### कार्यकर्ताओं से संगठन मजबूत करने का आह्वान



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कुंवर सौरभ सिंह ने रविवार को जिले की बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन मजबूत करने का आह्वान किया। वहीं जिलाध्यक्ष के दौरे के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अपने बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम कछारी, परसेल और बड़वारा पहुंचे थे। जहां उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर ग्राम स्तर पर पार्टी को मजबूत करने की बात कही। साथ ही आम जनता के हर मुद्दों को उठाते हुए सरकार की जन विरोधी नितियों से उन्हें अवगत कराएं। आम जनता इन दिनों भाजपा सरकार की नितियों से परेशान हैं महंगाई चरम पर है, युवा रोजगार की तालाश में दर दर भटकने को मजबूर हो रहे हैं। किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रही है जिससे किसानों सहित हर वर्ग भाजपा की जनविरोधी नीतियों दुखी हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि आम जनता कांग्रेस की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रही है। आम जनता के हर मुद्दों को उठाते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं को सड़क पर उतरने का समय आ गया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष के दौरे के दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विकास निगम, आदिवासी जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष शैलेश जायसवाल, अंशु राजपूत, संदीप बैरागी, मंडलम अध्यक्ष नीलेंद्र सिंह, रणवीर सिंह एवं डॉ अमृत लाल साहू सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मंडला जिले की प्रभारी बनीं सुषमा सिंह कांग्रेस नेताओं ने जताया आभार और दी बधाई

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** मध्य प्रदेश आदिवासी कांग्रेस की प्रदेश महामंत्री सुषमा सिंह को मंडला जिले के प्रभारी बनाए जाने पर राष्ट्रीय प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत भूरिया, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन प्रभारी हरीश चौधरी, आदिवासी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी का आभार प्रकट किया है। जिन्होंने कांग्रेस की वरिष्ठ सक्रिय आदिवासी नेता महिला सशक्तिकरण सुषमा सिंह को मंडला जिले का प्रभारी बनाया है संगठन को मजबूत करने के लिए कटनी जिले से शहर व ग्रामीण अध्यक्षद्वय सौरभ सिंह, अमित शुक्ला, कार्यवाहक अध्यक्ष राजा जगवानी, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रजनी वर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष माधुरी जैन, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष करण सिंह चौहान ठाकुर, गुमान सिंह, पूर्व विधायक बसंत सिंह, राजीव गांधी, पंचायत की अध्यक्ष प्रमिला मरावी, पूर्व सचिव सुमन रजक, सोम्या रांधेलिया, मीनाक्षी बल्लवी, अदिति वर्मा, रूपा तिवारी, कल्पना पाठक, शशि यादव, सरिता कटारे, मंजू निषाद, हेमा शर्मा, कान्ति चौबे, सुमन सैनी, मुमताज मैडम, नीरा सोनी, अजय गौंटिया, तुलाराम कोल, मधू कोल तमाम कांग्रेस के साथियों ने बधाइयां व शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## जुआ फड़ में एक कार, तीन बाइक, चार जुआरी गिरफ्तार

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** बहोरीबंद थानाक्षेत्र में संचालित होने वाले जुआ फड़ हमेशा ही चर्चा में रहते हैं। विगत दिवस बहोरीबंद पुलिस टीम ने ग्राम कुआं भिडकी हार के जंगल में संचालित हो रहे एक जुआ फड़ पर कार्यवाही करते हुए क्षेत्र के चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए जुआरियों से नगद राशि, कार, मोटरसाइकिलें सहित लगभग सवा 6 लाख रुपए की सामग्री जब्त की है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा चलाए जा रहे अपराधों की रोकथाम के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया के निर्देशन तथा एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में बहोरीबंद पुलिस ने ग्राम कुआं भिडकी हार के जंगल में मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर अनिल पाण्डे, गेंदलाल हल्दकार, भोलू खटीक एवं राजू शिव पाठक को रंगेहाथों गिरफ्तार किया।

# पेड़ के नीचे संदिग्ध हालत में मिला तेन्दुए का शव

### हाईटेंशन तार से करंट लगने की आशंका, वन विभाग ने शुरू की जांच



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** वन परिक्षेत्र ढीमरखेड़ा के ग्राम भमका और परसेल के बीच गिरुहा नाला के पास विगत दिवस एक तेंदुए का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से हडकम्प मच गया। घटना की खबर जंगल में आग की तरह फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लोगों ने तत्काल वन विकास निगम के कर्मचारियों को सूचना दी। सूचना मिलते ही अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि पिछले तीन-चार दिनों से इस क्षेत्र में तेंदुए की गतिविधियां देखी जा रही थीं। गिरुहा नाला में पानी उपलब्ध होने के कारण तेंदुआ इसी इलाके में डेरा जमाए था और आसपास के जंगल में सक्रिय था। ग्रामीणों ने बताया कि जिस स्थान पर तेंदुए का शव मिला है, उसके ठीक ऊपर से हाईटेंशन बिजली लाइन गुजर रही है। यह लाइन पास के पेड़ से टकरा रही थी, जिससे करंट फैलने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पेड़ में करंट आने के कारण ही तेंदुआ उसकी चपेट में आ गया होगा। घटनास्थल पर पेड़ के तने पर आग लगने के स्पष्ट निशान भी पाए गए हैं, जिससे यह आशंका जाहिर की गई है कि बिजली लाइन के संपर्क से करंट फैला होगा।

**वन विभाग के अधिकारी पहुंचे**-घटना की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग ने तत्काल जांच शुरू कर दी है। वन विकास निगम की टीम ने मौके का मुआयना कर साक्ष्य एकत्र किए हैं। साथ ही डॉग स्क्वॉड को भी घटनास्थल पर बुलाया गया, ताकि किसी अन्य गतिविधि या मानव हस्तक्षेप की संभावना को भी खारिज किया जा सके। तेंदुए के शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम कराया गया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल करंट लगने की संभावना सबसे अधिक मानी जा रही है, लेकिन अन्य पहलुओं को भी जांच में शामिल किया गया है।

**डिप्टी डीएम भी मौके पर पहुंचे**-डिप्टी डीएम वन विकास निगम, कुंडम प्रोजेक्ट अभिश्वेता रावत ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए विस्तृत जांच कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि जांच में विद्युत लाइन की लापरवाही सामने आती है, तो संबंधित विभाग के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## खरीफ 2026-27 के लिए उर्वरक टोकन बुकिंग शुरू

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जिले के कृषक भाइयों के लिए खरीफ फसल वर्ष 2026-27 की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल की है। अब किसान ई-विकास पोर्टल के माध्यम से घर बैठे ही उर्वरक के लिए ऑनलाइन टोकन बुक कर सकेंगे। यह सुविधा प्रतिदिन सुबह 7 बजे से शाम 8 बजे तक उपलब्ध रहेगी, जिससे किसानों को लंबी कतारों और अनावश्यक परेशानियों से राहत मिलेगी। इस व्यवस्था के तहत किसानों के लिए एग्री स्टैक पर फार्मर आईडी होना अनिवार्य किया गया है। बिना फार्मर आईडी के टोकन बुकिंग संभव नहीं होगी।

## संभागायुक्त के आदेश का साल भर बाद भी पालन नहीं

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** प्रशासन अवैध कालोनियों पर कार्यवाई की गाज गिरा रहा है, यह जनहित में अच्छा है लेकिन बरही में बड़वारा विकासखंड के ग्राम पंचायत वनगवां के अंतर्गत ग्राम खन्ना स्थित संदीप कालोनी और पंचमुखी कॉलोनी में कालोनाइजर द्वारा शासन के खाते में विकास कार्य के लिए 1 करोड़ रुपए से अधिक राशि जमा करने के बाद भी यहां सडक़, नाली निर्माण और प्रकाश व्यवस्था के लिए विद्युत पोल की व्यवस्था अब तक नहीं की गई, जबकि जबलपुर कमिश्नर के पारित आदेश पर उक्त दोनों कालोनियों की विकास राशि जिला पंचायत के खाते में जमा भी हो चुकी है।

# गेहूँ खरीदी केन्द्रों में किसानों को न हो परेशानी : कलेक्टर

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** गेहूँ खरीदी केन्द्रों में किसानों को बिल्कुल भी परेशानी न हो। जिले में 15 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरू होगी। इसलिए रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी से संबंधित केन्द्रों में सभी जरूरी तैयारियाँ पूर्ण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश समय-सीमा बैठक के पहले गेहूं उपार्जन कार्य की तैयारियों और व्यवस्थाओं की समीक्षा के दौरान इससे संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, सभी एसडीएम, जिला आपूर्ति अधिकारी, सहायक आयुक्त सहकारिता, उपसंचालक कृषि, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम और मार्कफेड सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण कर



इंतजामों की निगरानी करने और सहायक आयुक्त सहकारिता को भी खरीदी केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी केंद्रों में वारदानों की उपलब्धता सहित आपरेटर्स और सर्वेयरों की नियुक्ति और मौजूदगी सुनिश्चित करने की हिदायत दी है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन कराने वाले सभी अन्नदाता किसानों का गेहूं खरीदा जायेगा। बैठक में बताया गया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये कटनी जिले के 52 हजार 991 किसानों ने पंजीयन कराया है।

### किसानों के लिए हों सुविधाएं

कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि सभी खरीदी केंद्रों पर छन्नों की व्यवस्था की जाय। इसके अलावा मौसम खराब होने की संभावना के मद्देनजर उपार्जित गेहूं को सुरक्षित रखने तिरपाल की व्यवस्था और किसानों के लिए ठंडे पेयजल, पंखों, छाया तथा आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जाय। जिससे किसानों को धूप में खड़े होकर किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी, व्यवस्थित और समयबद्ध ढंग से संचालित की जाए तथा किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। किसान भाईयों से अपील की गई है कि वे उपार्जन केन्द्र में छना हुआ साफ-सुथरा गेंहू लायें। उपार्जन केन्द्र में एफएक्यू गुणवत्ता का ही गेहूं खरीदा जायेगा। कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए कि गेहूं की खरीदी निर्धारित मानक अनुसार की जाए।

### प्रतिदिन सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक होगी खरीदी

शासन के निर्देशानुसार गेहूँ उपार्जन शासकीय कार्य दिवसों में प्रतिदिन सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक किया जाएगा, जिससे किसानों को सुविधाजनक समय मिल सके। राज्य सरकार ने किसानों को अतिरिक्त लाभ देने के उद्देश्य से गेहूँ खरीदी पर 40 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देने का निर्णय लिया है। इसको मिला कर किसानों से गेहूँ की खरीदी 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी। भुगतान सीधे किसानों के बैंक खाते में होगा।

# नवीन कार्यकारिणी का गठन कर दिया प्रशिक्षण



### मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला शाखा से दो लोगों को प्रांतीय समिति में मिला स्थान

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के मीडिया प्रभारी अनिल पांडेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 12 अप्रैल को प्रांतीय प्रबंध समिति भोपाल की बैठक कर्मचारी भवन गीतांजलि चौराहा भोपाल में संघ के प्रांताध्यक्ष महेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें संघ विधान में हुए संशोधन की जानकारी नवीन कार्यकारिणी का गठन कर प्रशिक्षण दिया गया प्रांतीय केंद्रीय प्रबंध समिति भोपाल ने संघ के कार्यों को मजबूत बनाने कर्मचारी हितैषी मुद्दों पर शीघ्र निराकरण हेतु संघ की कार्यप्रणाली को प्रभावशील बनाने व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करने ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने समस्त संवर्ग नियमित स्थाई कर्मी दैनिक वेतन भोगी अंशकालीन प्रकोष्ठ रसोईया आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका आशा उषा कार्यकर्ता कोटवार आउट सोर्स कर्मचारियों को उनके कार्य अनुसार समस्त शासकीय लाभ प्रदान कराने अन्य संगठनात्मक कार्य हेतु प्रदेश स्तर पर कटनी जिले के संघ के जिलाध्यक्ष पूर्णेश उइके को प्रांतीय संगठन व प्रचार सचिव एवं अजय गौतम को उप प्रांताध्यक्ष के पद पर मनोनीत कर प्रदेश समिति में स्थान दिया गया जो कि कटनी जिले के लिए बड़े गौरव हर्ष का विषय है उनके इस नई नियुक्ति से संघ के प्रांतीय पदाधिकारी गण अजय दुबे, सुधीर भार्गव, मांगीलाल तमोली, कमलेश पटेल, मार्गदर्शक निहाल सिंह जाट, वैद्यनाथन अय्यर, ओम प्रकाश, प्रमोद अहिरवार, जिला पदाधिकारी सौरभ सिंह, मनोज श्रीवास, अजीमुद्दीन शाह, राकेश जसूजा, नीलेश पौराणिक, हरीश बेन, धर्मेंद्र राज, मनोज दहिया , रामनरेश यादव, तेजभान सिंह, बाबूलाल अहिरवार, आशीष पटेल, हामिद खान, कमलेश ज्ञानेंद्र, शत्रुघन यादव, बलराम सिंह, शकुन उसरेठे, अमृत लाल दुबे, रत्ना ठाकुर, सदस्य बालकदास, सोहन दहिया, अभिषेक, सुजीत शुक्ला, जितेंद्र मिश्रा, विजय सिंह, अनोद यादव, सुरजीत सिंह, धुर्वे शुकुल, बरक़डे पुष्पेन्द्र मनोज, कपिल, विजय दहिया, रामलोचन, वर्षा, देशमुख, आशा, उषा केवट, खुशबु, ललिता, साधना, रीना, ज्योति कोल, गिरिजा, दुर्गा, प्रदीप, अमर, विजय कोल, नारायण सिंह, दयाशंकर, रुचि विश्वकर्मा, नीरज पटेल, शरमन कोल, सत्यव्रत अन्य समस्त सदस्यों ने नव नियुक्त प्रांतीय पदाधिकारीयों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और कर्मचारी संघ में हर्ष उल्लास व्याप्त है।

## कन्या महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन एवं मिशन लाइफ की संयोजक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी के संयोजन में गंगाजल संवर्धन अभियान एवं इको क्लब के संयुक्त तत्वाधान में वर्षा जल संचयन विषय पर एक प्रभावशाली जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं द्वारा वर्षा जल संचयन पर आकर्षक पोस्टर निर्माण एवं स्लोगन लेखन गतिविधि आयोजित की गई। छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को प्रदर्शित करते हुए अत्यंत सुंदर एवं संदेशपूर्ण पोस्टर तैयार किए। इन पोस्टरों पर वर्षा के जल को संचित करने, उसके महत्व को समझाने तथा जल संरक्षण की आवश्यकता पर प्रभावी स्लोगन लिखे गए। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. विमला मिंज ने छात्राओं द्वारा बनाए गए आकर्षक पोस्टरों एवं स्लोगनों की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने छात्राओं को भविष्य में भी वर्षा जल संचयन जैसी उपयोगी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने कहा।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं समीर अख्तर S/o मोहम्मद ज़हीर, निवासी 00, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नं. 2, अहमद नगर कुठला, कटनी (म.प्र.) - 483501, घोषित करता हूँ कि मेरा पुराना नाम मोहम्मद समीर अख्तर था, जिसे बदलकर समीर अख्तर कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे समीर अख्तर के नाम से सभी आधिकारिक कार्यों हेतु जाना जाएगा।

# राज राजेश्वरी मंदिर में फिर चोरी, पुलिस पर उठे सवाल

**सिवनी के छिंदवाड़ा चौक स्थित गंगानगर इलाके में राज राजेश्वरी मंदिर में एक बार फिर चोरी की घटना सामने आई है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह लगातार चौथी चोरी है, जिससे क्षेत्र में आक्रोश और डर का माहौल बना हुआ है।**

सिवनी (स्वतंत्रमत )

प्रत्यक्षदर्शियों और आसपास के रहवासियों ने बताया कि मंदिर को निशाना बनाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया, लेकिन हैरानी की बात यह है कि लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद कोतवाली पुलिस अब तक चोरों को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है। बार-बार शिकायत के बाद भी पुलिस की ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही घटनाओं को गंभीरता से न लेकर मामलों को ठंडे बस्ते में डाला जा रहा है

### बड़ा सवाल

क्या मंदिर में हो रही चोरी की घटनाओं को कोतवाली पुलिस नजरअंदाज कर रही है? आखिर कब तक चोर बेखौफ वारदात करते रहेंगे?



### प्रशासन से मांग

स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि- जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी हो क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए मंदिरों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए। धार्मिक स्थलों पर लगातार चोरी की घटनाएं कहीं न कहीं कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले में कब तक ठोस कदम उठाता है।

# बिजली विभाग की लापरवाही से किसान की 4 एकड़ गेहूं की फसल जलकर राख

सिवनी (स्वतंत्रमत )

कान्हीवाड़ा क्षेत्र के मठियाटोला निवासी किसान मानसिंह कंगाली पिता जयराम कंगाली की लगभग 4 एकड़ में लगी गेहूं की खड़ी फसल बिजली विभाग की लापरवाही के कारण जलकर राख हो गई। बताया जा रहा है कि खेत के ऊपर से गुजर रहे विद्युत तारों में शॉर्ट सर्किट होने से अचानक आग लग गई, जिसने देखते ही देखते पूरी फसल को अपनी चपेट में ले लिया।

किसान मानसिंह कंगाली की आंखों के सामने उसकी मेहनत की पूरी फसल जलकर राख हो गई। आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास के लोग भी घबरा गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस बल, फायर ब्रिगेड तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक पहुंच गए और आग पर काबू पाने का प्रयास




किया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही और जर्जर विद्युत तारों के कारण यह हादसा हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित किसान को उचित मुआवजा दिया जाए तथा दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस घटना से क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

# संत सेन महाराज की 726वीं जयंती कार्यक्रम आज

**जिला सर्ववर्गीय सेन समाज के तत्वावधान में संत शिरोमणि सेनजी महाराज की 726 वीं जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई जाएगी।**

सिवनी (स्वतंत्रमत )

यह आयोजन 14 अप्रेल मंगलवार को डीईओ आफिस के पास स्थित कृष्णम गार्डन सीवी रमन वार्ड बारापत्थर सिवनी में आयोजित होगा।




आयोजन समिति के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे काली चौक मरहाई माता मंदिर परिसर स्थित सेनजी महाराज की प्रतिमा का पूजन किया जाएगा। इसके उपरांत दोपहर 3 बजे कृष्णम गार्डन से वाहन रैली नगर भ्रमण पर निकाली जाएगी। जिसका समापन कृष्णम गार्डन में होगा। इसके पश्चात मुख्य अतिथि सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया डिप्टी कलेक्टर राकेश कुमार सेन व अन्य अतिथियों के द्वारा शिक्षा एवं खेलकूद सहित विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हेमेन्द्र नाथ श्रीवास (बॉबी) ने सभी सेन समाज के सदस्यों से कहा है कि वे अपने परिवार सहित कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाएं। कार्यक्रम स्थल पर शाम 6 बजे से 8 बजे तक महाप्रसाद, भोजन प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा। आयोजकों ने विशेष आग्रह किया है कि संत सेनजी महाराज की जयंती के अवसर पर सभी समाजजन अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर कार्यक्रम में सहभागिता करें।

# धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, हुआ संगीतमय सुंदर कांड

**नगर के हाउसिंग बोर्ड कालोनी छिंदवाड़ा रोड पर स्थित राजश्री पैलेस में नरेंद्र टांग द्वारा श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के चौथे दिन शनिवार को कृष्ण जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया।**

सिवनी (स्वतंत्रमत )



कथा स्थल को फूलों, झालरों और रोशनी से सजाया गया था। कथा व्यास पंडित प्रेमकृष्ण शास्त्री जी ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि जब अधर्म और अन्याय पृथ्वी पर बढ़ गया, तब भगवान विष्णु ने देवकी और वासुदेव के घर आठवें पुत्र के रूप में जन्म लेकर धर्म की पुनर्स्थापना की।

उन्होंने बताया कि कारागार में भगवान का अवतरण केवल एक दिव्य घटना नहीं बल्कि यह संदेश है कि जब भी मानवता संकट में होती है, तब ईश्वर स्वयं उसे मुक्त करने आते हैं। कथा के दौरान जैसे ही जन्म प्रसंग आया, पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघोष से गूंज उठा। भक्तों ने पुष्पवर्षा कर उत्सव का स्वागत किया।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की झाँकी अत्यंत मनमोहक रही। झूले में लड्डूगोपाल का आकर्षक श्रृंगार किया गया था। महिलाएँ और बच्चे भक्ति गीतों पर नृत्य करते नजर आए। भजन-कीर्तन के साथ भक्तों ने रासलीला के प्रसंगों का आनंद लिया। इस दौरान कथा स्थल का वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक और आनंदमय हो गया।

आयोजन ने बताया कि प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुँच रहे हैं। जन्मोत्सव के अवसर पर विशेष भोग लगाया गया जिसमें माखन-मिश्री, फल-मिष्ठान और पंचामृत प्रमुख रहे। कथा के बाद भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में सामूहिक आरती की गई और दीप प्रज्वलन के साथ भक्तों ने प्रभु से लोककल्याण की कामना की। चौथे दिन के इस जन्मोत्सव समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, महिलाएँ, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए।

साथ ही राजनांदगांव छत्तीसगढ़ से पधारे गणेश मिश्रा जी ने बताया कि लगातार 11 वर्षों से उनके द्वारा संगीतमय सुंदरकांड के महत्व को समझाया जीवन में सुंदरकांड को कैसे जीवन में लाया जा सकता हैं। भगवान राम हनुमान की कृपापात्र बन सकते है। आयोजक को आशीर्वचन के साथ ही बताया कि आज शनिवार का दिन हे ओर आज सुंदरकांड का 2233 पाठ हो रहा है। सिवनी में । साथ ही उनके सुपुत्र निखिल मिश्रा द्वारा कोरस के साथ ही बड़ी सुंदर धार्मिक भक्ति गीत से ओतप्रोत किया। लगातार 4 घंटे तक सुंदर कांड का रसास्वादन कर बड़ी स क्या में श्रद्धालुओं ने सुंदर कांड पाठ को सुना साथ ही आयोजक नरेंद्र टांग ने समस्त श्रद्धालु भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर धर्म लाभ लेने हेतु आग्रह किया।

# भगवान गौतम बुद्ध प्रतिमा अनावरण का भव्य आयोजन

सिवनी (स्वतंत्रमत )

सिवनी जिले के ग्राम छिड़िया पलारी (ग्राम पंचायत डोरली छतरपुर) स्थित गौतम बुद्ध विहार सिटी में भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा के अनावरण का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन स्व. गिरधारीलाल अग्रवाल जी की स्मृति में किया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में धार्मिक एवं सामाजिक माहौल के बीच बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता रहने की उम्मीद है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज में शांति, करुणा और भाईचारे का संदेश देने का प्रयास किया जाता है, जैसा कि देशभर में समय-समय पर बुद्ध प्रतिमा अनावरण कार्यक्रमों में देखा गया है। कार्यक्रम दिनांक 1 मई 2026



वाहन रैली सुबह 8 बजे प्रतिमा अनावरण एवं स्थापना सुबह 9.30 बजे प्रसाद भोज सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक भव्य दो एवं चार पहिया वाहन रैली धार्मिक वातावरण में प्रतिमा अनावरण समारोह क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं समाज के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति गौतम बुद्ध विहार सिटी, ग्राम छिड़िया पलारी, ग्राम पंचायत डोरली छतरपुर, जिला सिवनी (म.प्र.)।

# अप्रैल माह का शैक्षिक सत्र: विद्यार्थियों का सिरदर्द है या शिक्षकों का सरकार को गुमराह करने का तारीका

सिवनी (स्वतंत्रमत )

शिक्षा की दृष्टि से अप्रैल मे नये प्रवेश देना, निशुल्क पाठयपुस्तकों का वितरण करना, निशुल्क साइकिल वितरण करना ओर सिलेबस तैयार करने का होता है। लेकिन बच्चों की शाला मे उपास्तिथी का ना होना सिस्टम को चुनोती देता है।शिक्षा का सत्र पुरानी शिक्षा पद्धति के आधार पर 01 जुलाई से 30 अप्रैल तक का होता था।शिक्षा की नयी शिक्षा नीति के तहत शैक्षिक सत्र को 1 अप्रैल से 30 अप्रैल ओर 16 जून से लेकर 31 मार्च तक कर दिया गया है। यही व्यवस्था विद्याथियो को भ्रमित कर रही है। मार्च तक परीक्षाओं का सीजन खत्म हो जाने के बाद विद्यार्थी सीधे जुलाई मे स्कुल आना प्रसंद करता है जिसमे पालको की भी सहमति होती है इसी सत्यता की जानकारी शिक्षक शिक्षा विभाग तक पहूंचने मे झुठ का सहारा लेता है ओर अप्रैल मे बच्चों की उपास्तिथी 50 से 60 प्रतिशत का आंकड़ा भेजकर अपनी ईमानदारी का परिचय कागजो मे तो वकायदा दे रहा है साथ ही माध्यांह भोजन मे भी भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा है, जब स्कूल बच्चे आ ही नहीं रहे तो किस बात का माध्यांह भोजन संचालित हो रहा है ये जांच की आंच प्रदेश के 1,22,120 शाला तक आयेगी।मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा केंद्र शिक्षा विभाग की गलत अवधारणा कहे या फिर शिक्षकों की गलत जानकारीयो के आंकड़े के



आधार पर शिक्षा विभाग अप्रैल मे प्रवेशोत्सव मनाकर अपनी पीठ थपथपा रहा है जबकि आज 13 अप्रैल हैं कक्षाओं मे उपास्तिथी का आंकड़ा 10 प्रतिशत भी नहीं पहूंच पाया है वो अलग बात है कि शिक्षक उपास्तिथी पंजी मे हाजिरी भर रहे है।

वर्तमान समय में एक शिक्षक को 50 हजार से लेकर एक लाख रुपया मासिक वेतन मिलता है, प्राथमिक शाला मे कम से कम 4 शिक्षक माध्यामिक विभाग मे 8 शिक्षक, हाई स्कूलो मे 15 शिक्षको की व्यवस्था सरकार ने कर रखी है,अप्रैल माह मे संचालित कक्षाओं मे छात्र छात्राओं की उपास्तिथी की नगण्यता यह कहने को सक्षम है कि प्राथमिक माध्यमिक शालाओ के शिक्षक माध्यांह भोजन मे गलत आंकड़े भरकर सरकार को गुमराह कर रहे है।शिक्षक ही शिक्षा विभाग को तोडने का काम धरातल मे करते हुये स्पष्ट दिखाई दे रहा है।यदि सच लेख किया जाये तो शैक्षणिक सत्र अप्रैल का ओपनिंग ओर क्लोजिग का माह किसी भी स्तिथि परिस्थिति मे प्रावधानिक नहीं है या तो सरकार को पुराने पेटर्न मे बापिसी कर 01 जुलाई से सत्र चालू कर 30 अप्रैल तक करे या फिर वर्तमान सत्र को अप्रैल मे परीक्षा परिणाम के साथ समाप्त कर 01 मई से 30 जून तक ग्रीष्म कालीन अवकाश घोषित करे।

केवलारी विकास खंड की बात करे तो प्राथमिक शाला 233 माध्यामिक शाला 77 हाई स्कूल 13 हायर सेकेण्डरी 14 है पुरे सिवनी जिले की बात करे तो प्राथमिक शाला 866 माध्यामिक शाला 320 हाईस्कूल 59 42 हायर सेकेंडरी कुल 1287 शाला है पुरे मध्यप्रदेश की बात करे तो 1,22,120 शासकीय स्कूल है जिनमें 7 लाख के करीब शिक्षक सेवारत है लेकिन जमीनी हकीकत से सरकार को कोई भी अवगत नही करा रहा हैकि अप्रैल के महीने में बच्चे स्कूल नहीं आ रहे है? यह समाचार सिस्टम को सुधारने के लिये पर्याप्त है।

# न्यायिक संवाद से सशक्त हुआ थाना आदेगाँव क्षेत्र: विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को दी गई कानून की विस्तृत जानकारी

सिवनी (स्वतंत्रमत )

द्वितीय जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, तहसील विधिक सेवा समिति लखनादौन, ललित कुमार झा के पावन सानिध्य में ग्राम आदेगाँव (थाना परिसर के समीप) एक वृहद विधिक साक्षरता शिविर का गरिमामयी आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को उसके विधिक अधिकारों के प्रति सचेत करना एवं न्याय प्रक्रिया को सुलभ बनाना रहा।

शिविर को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि माननीय द्वितीय जिला न्यायाधीश श्री ललित कुमार झा ने उपस्थित जनसमूह, क्षेत्रीय ग्राम कोटवारों एवं वरिष्ठ नागरिकों के साथ सीधा न्यायिक संवाद स्थापित किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला: नि:शुल्क विधिक सहायता: आर्थिक रूप से अक्षम नागरिकों के लिए शासन द्वारा उपलब्ध नि:शुल्क कानूनी सलाह एवं सहायता योजना की जानकारी। पाक्सो एक्ट: बच्चों के संरक्षण



हेतु कड़े कानूनों और सामाजिक जागरूकता की आवश्यकता। मोटर व्हीकल एक्ट: यातायात नियमों की अनिवार्यता एवं सड़क सुरक्षा के कानूनी प्रावधान। मीडिएशन (मध्यस्थता) न्यायालयीन प्रकरणों के त्वरित एवं आपसी सुलह से निराकरण हेतु मध्यस्थता केंद्र की उपयोगिता। ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिक बालक/बालिको के पालको जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन की ओर से थाना प्रभारी उपनिरीक्षक आशीष कुमार धुर्वे, सउनि. रजनीकांत दुबे, सउनि. राजेश सक्सेना, सउनि. मनोज परतेती सहित प्रआर. अमर उईके, शोएब खान आरक्षक धर्मेन्द्र सरयाम, ज्योतेश्वर धुर्वे, सरवन मरकाम, जयप्रकाश उईके एवं महिला आरक्षक भोलेश्वरी मर्सकोले सक्रिय रूप से सम्मिलित रहे।

जनप्रतिनिधियों में जिला जनपद सदस्य सचिन पाटकर एवं ग्राम पंचायत आदेगाँव के विभिन्न प्रतिनिधि उपस्थित रहे। विधिक सेवा समिति की ओर से पी.एल.व्ही. मनोज कुमार रजक, संतोष कुमार राय एवं कार्यालयीन स्टाफ से संजय कुमार उईके व राजेन्द्र प्रसाद उईके ने कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्रामवासियों ने न्यायाधीश महोदय की इस पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की। शिविर का समापन ज्ञानवर्धक चर्चाओं के साथ हुआ, जिससे क्षेत्र में विधिक चेतना का एक नवीन सूत्रपात हुआ है।

# प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा जिले के प्रवास पर रहेंगे

सिवनी (स्वतंत्रमत )

मध्य प्रदेश शासन के राजस्व मंत्री एवं सिवनी जिले के प्रभारी मंत्री श्री करण सिंह वर्मा मंगलवार 14 अप्रैल को सिवनी जिले के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे।

अपने प्रवास के दौरान मंत्री श्री वर्मा संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे।

प्राप्त अधिकृत कार्यक्रम अनुसार प्रभारी मंत्री श्री वर्मा 14 अप्रैल को प्रातः 06.20 बजे पातालकोट एक्सप्रेस द्वारा सिवनी पहुँचेंगे। स्थानीय विश्राम गृह में कुछ समय रुकने के पश्चात, वे दोपहर 12 बजे शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सिवनी के परिसर में आयोजित डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह में भाग लेंगे।कार्यक्रम में सहभागिता के उपरांत, मंत्री श्री वर्मा नरसिंहपुर जिले के लिए प्रस्थान करेंगे। वहाँ से वे सायं 06.30 बजे श्रीधाम एक्सप्रेस से वापस भोपाल के लिए रवाना होंगे।

# डॉ. अंबेडकर जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन आज

सिवनी (स्वतंत्रमत )

डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल 2026 को जिला मुख्यालय सिवनी स्थित महारानी लक्ष्मी बाई कन्या विद्यालय में दोपहर 12:00 बजे से जिला स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम मध्यप्रदेश शासन के राजस्व मंत्री एवं सिवनी जिले के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा। साथ ही विधायकगण सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की भी सहभागिता रहेगी। सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग द्वारा बताया गया कि 8 से 14 अप्रैल 2026 तक अंबेडकर जयंती सप्ताह के अंतर्गत जिलेभर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके योगदान, संविधान निर्माण में उनकी भूमिका तथा सामाजिक समरसता से जुड़े विषयों पर वाचन, भजन एवं गीत प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल को जिले के प्रत्येक ग्राम में ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा तथा छात्रावास एवं आश्रमों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को विशेष भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सिवनी को नोडल अधिकारी तथा सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# सहकारी समितियों में प्रशासक की भूमिका पर उठते सवाल

सिवनी (स्वतंत्रमत )

किसानो से जुड़ी सहकारी समितियो मे लम्बे अर्से से संचालक सदस्यो के चुनाव न होने से विगत अनेक वर्षो से समिति के संचालन का दायित्व प्रशासक के हाथो मे है किन्तु प्रशासक की कार्य प्रणाली बरघाट विकास खंड की अनेक समितियो मे चर्चा का विषय बनी हुई है क्योकि लम्बे अर्से से दर्जनो समितियो का संचालन अपने हाथो मे लिये बैठे प्रशासक जी अपनी हिटलर शाही के कारण सुर्खिया बटोर रहे है।

**दैनिक वेतन भोगियो पर की जा रही मेहरबानी**

उल्लेखनीय है की बरघाट विकास खंड की अनेक समितियो मे नियम विरूद्ध तरीके से 89 दिनो के लिये दैनिक वेतन भोगी के रूप मे नियुक्तिया हुई है और ऐसे ही सहकारी समिति मे नियुक्ति वाले कर्मचारियो पर प्रशासक खुलकर मेहरबानी बनाते हुए समिति के कार्य सौपे जा रहे है तथा जो नियमत: समिति मे




कार्यरत है उन्हे नजर अंदाज कर अपनी मनमानी कर रहे है

**अनुकंपा नियुक्ति मे लगे कर्मचारी की शिकायत को किया दरकिनार:** उल्लेखनीय है की सहकारी समिति धारनाकला मे पिता की मृत्यु तथा पति की मृत्यु के बाद दो नियुक्ति हुई है जिन्हे समिति मे अति अल्प वेतन देकर काम तो कराया जा रहा है किन्तु जब इनके द्वारा जिला कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर विक्रेता पद की मांग की गई थी जिसकी जांच प्रशासक द्वारा करते हुए उल्लेख किया गया की समिति के प्रशासक को सहकारी समिति सेवा नियम के अन्तर्गत किसी भी दैनिक वेतन भोगी को रेग्युलर करने एवं पदोन्नत करने का अधिकार नही है इस लिये आवेदन को अस्वीकृत किया जाता है वही दूसरी तरफ प्रशासक के द्वारा इसी सहकारी समिति मे 89 दिनो की भर्ती के रूप मे लगे दैनिक वेतन भोगी को एक नही अपितु दो दो राशन दुकानो का विक्रेता भी बनाया गया है तथा सहकारी समिति धारनाकला से जुडी राशन दुकानो का संचालन भी दैनिक वेतन भोगी ही आज की स्थिति मे कर रहे है यही नही यह तो रही राशन दुकान के विक्रेता पद की किन्तु इन्ही के कार्य काल तथा समिति के संचालन मे धान खरीदी जैसे महत्वपूर्ण कार्य मे भी धान खरीदी प्रभारी दैनिक वेतन भोगी को ही नियुक्त किया गया था जो प्रशासक की लम्बी और अच्छी खासी सेवा के रूप मे लगा रहा फिर दोहरी नीति अपनाकर प्रशासक सहकारी नियमो को ताक पर रखकर किसानो से जुडी समातियो पर अपनी मनमानी करते नजर आ रहे है।

# मुझे 70 करोड़ का ऑफर मिला था : राजेंद्र भारती



## केंद्रीय मंत्री के ओएसडी ने दिया था प्रस्ताव, ठुकराया तो निपटाने की दी धमकी

भोपाल (स्वतंत्र मत)

भोपाल के प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व विधायक राजेंद्र भारती ने अपनी सदस्यता जाने और हाल ही में मिली सजा को एक गहरा राजनीतिक षड्यंत्र करार देते हुए पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा और भाजपा सरकार पर तीखे हमले किए। भारती ने कहा कि उन्हें झुकने और बिकने के लिए 70 करोड़ रुपए तक का प्रलोभन दिया गया था, जिसे ठुकराने पर उन्हें निपटाने की धमकी दी गई थी। राजेंद्र भारती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में सबसे सनसनीखेज खुलासा करते हुए कहा- उन्होंने कई बार हमसे संपर्क किया। मई 2024 में दिल्ली में एक केंद्रीय मंत्री के ओएसडी ने मुझसे मुलाकात की। उन्होंने मुझे पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा का संदेश देते हुए कहा कि आप सारे केस वापस ले लीजिए, भाजपा में आ जाइए और आपको किसी निगम-मंडल का अध्यक्ष बना दिया जाएगा। उन्होंने मेरे अब तक के नुकसान का मूल्यांकन करके रखा था और कहा कि हम आपको 70 करोड़ रुपए दिलवाएंगे। जब मैंने यह प्रस्ताव ठुकरा दिया, तो मुझे जाते-जाते धमकी दी गई कि इसी केस में तुम्हें निपटवा दिया जाएगा। मैं उस ओएसडी का नाम और स्थान आने वाले समय में सार्वजनिक करूंगा। अपनी और नरोत्तम मिश्रा की कानूनी जंग का इतिहास बताते हुए भारती ने कहा कि यह संघर्ष 2008 से चल रहा है। जब नरोत्तम मिश्रा दतिया आए, तो उन्होंने चुनाव जीतने के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाए। भारती के अनुसार, मैंने 2009 में उनके खिलाफ पेड न्यूज और फर्जी सर्टिफिकेट की शिकायत निर्वाचन आयोग में की थी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पैसे और गाड़ियां बांटते हुए पकड़ाया था, जिसकी एफआईआर भी दर्ज है। इसी रंजिश के चलते उन्होंने मेरे और मेरे परिवार के खिलाफ करीब 400 फर्जी मुकदमे दर्ज कराए, हमारे व्यवसाय बंद करवा दिए और मेरे भाई तक को जेल भिजवाया। लेकिन हम न डरे, न बिके और 2023 में जनता ने उन्हें चुनाव हराकर इसका जवाब दिया।

***मंत्री सारंग पर मां के अपमान का आरोप***- भारती ने भावुक होते हुए कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने मीडिया में हमारी स्वर्गवासी मां के प्रति जो अपमानजनक बातें कहीं, वे पूरी तरह असहनीय हैं। हमारा परिवार राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में बहुत पुराना है। मेरे पिता श्याम सुंदर श्याम दतिया से पांच बार विधायक रहे, मेरी चाची मंत्री रहीं। जो व्यक्ति खुद भ्रष्टाचार से घिरा है, वह षड्यंत्र करके हमें बदनाम करना चाहता है। सारंग जी के विभाग का ही यह मामला है और उन्होंने झूठी जांच रिपोर्ट बनवाकर मेरी दिवंगत मां की छवि खराब करने की कोशिश की है।

***कोर्ट को गुमराह करने का दावा***- जिस मामले में राजेंद्र भारती को सजा हुई है, उस पर सफाई देते हुए उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह बैंक के आंतरिक सुधार का मामला था जिसे भ्रष्टाचार का रूप दे दिया गया। भारती ने बताया, मेरी मां ने पिता के नाम से 10 लाख की एफडी कराई थी। अपेक्स बैंक के सर्कुलर के आधार पर मैनेजर ने कार्य किया था, लेकिन जॉइंट रजिस्ट्रार ने दबाव में आकर गलत रिपोर्ट दी। पुलिस ने जब कार्रवाई नहीं की तो प्राइवेट इस्तगासा लगाया गया। 8 साल बाद षड्यंत्रपूर्वक एक कर्मचारी को सह-आरोपी बनाया गया ताकि मुझे फंसाया जा सके। गृह विभाग के अधिकारियों ने कोर्ट को गलत तथ्य दिए और हमारे गवाहों तक को डराया-धमकाया गया।

***अयोग्यता और राहुल गांधी के संशोधन का जिक्र***- अपनी विधायकी जाने के तकनीकी पहलू पर बात करते हुए राजेंद्र भारती ने कहा कि 2 अप्रैल को कोर्ट का फैसला आते ही विरोधियों ने उन्हें अयोग्य घोषित कराने में जल्दबाजी दिखाई। उन्होंने कहा, पहले जनप्रतिनिधियों को उच्च न्यायालय जाने तक का समय मिलता था, लेकिन राहुल गांधी ने जो संशोधन कराया था, उसके अनुसार यदि निचली अदालत दो साल से अधिक की सजा देती है तो जनप्रतिनिधि तत्काल अयोग्य हो जाता है। इसी का फायदा उठाकर मुझे अयोग्य घोषित कराया गया ताकि उपचुनाव की राह खोली जा सके। मैं राणा सांगा की तरह इस पूरे षड्यंत्र का शिकार हुआ हूं, लेकिन मैं इस मामले की सीबीआई जांच की मांग करता हूं और तथ्यों के साथ इस लड़ाई को जारी रखूंगा।

# स्वास्थ्य संस्थाओं में भर्ती की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण की जाए : राजेन्द्र शुक्ल

## स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की विस्तृत समीक्षा की



भोपाल (स्वतंत्र मत)

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की विस्तृत समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि प्रदेश के समस्त जिलों में स्वास्थ्य संस्थाओं में लंबित आउटसोर्स पदों पर भर्ती की कार्यवाही प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण की जाए। उन्होंने आयुष्मान योजना अंतर्गत संबद्ध अस्पतालों में एनएबीएच मान्यता की अनिवार्यता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध हो सके। बैठक में 6 माह के सोनोग्राफी कोर्स पूर्ण करने वाले उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को शीघ्र प्रमाण पत्र प्रदान किए जाने की प्रक्रिया को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही मेडिकल कॉलेज ग्वालियर में सीटीवीएस एवं ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की स्वीकृति के लिए आवश्यक कार्यवाही में तेजी लाने पर बल दिया गया। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन को बेहतर, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें तथा निर्धारित समय-सीमा में परिणाम दें। उन्होंने यह भी कहा कि सुपरस्पेशलिटी सेवाओं में निरंतर भर्ती प्रक्रिया जारी रखी जाए, जिससे प्रदेश के नागरिकों को उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं अपने ही राज्य में उपलब्ध हो सकें। बैठक में विभागीय कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बुधनी, दमोह एवं छतरपुर मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत नर्सिंग कॉलेजों में नर्सिंग शिक्षकों के 59 राजपत्रित पदों पर भर्ती के लिये मांग पत्र लोक सेवा आयोग को तत्काल प्रेषित करने के निर्देश दिए। बैठक में सीसीएचबी में नवीन पदों के सृजन के लिए प्रस्ताव तैयार करने और जिला चिकित्सालय राजगढ़ में रैन बसेरे के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि कि इन सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और प्रगति की समीक्षा समय-समय पर की जाए। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री अशोक बर्णवाल, आयुक्त श्री धनराजू एस सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# जबेरा शासकीय महाविद्यालय में नारी सशक्तिकरण अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित



दमोह (स्वतंत्र मत)

जबेरा शासकीय महाविद्यालय में नारी सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुपम मिश्रा उपस्थित रही। साथ ही महिला स्वसहायता समूह से सविता रैकवार एवं कृष्णा रैकवार की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कमल चौरसिया के निर्देशन में उपस्थित महिलाओं का सम्मान किया गया तथा अतिथियों को भी सम्मानित किया गया। इसके उपरांत सभी को पुस्तक वितरण किया गया। संचालन डॉ. ममता सिंघई द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभा रही हैं और उनके लिए आरक्षण का प्रतिशत भी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि नारी मां दुर्गा का रूप है तथा यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता का संदेश समाज को दिशा देता है। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. रश्मि तिवारी एवं डॉ. भारती कपूर को बैच एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान ग्राम खैरी में आयोजित सात दिवसीय शिविर में उनके विशेष योगदान की सराहना की गई और उनके कर्तव्यनिष्ठा व ईमानदारी की प्रशंसा करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। प्राचार्य डॉ. कमल चौरसिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिलाएं आज सिविल सेवा से लेकर हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी निभा रही हैं। उन्होंने महिलाओं के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनके सशक्तिकरण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। आभार प्रदर्शन डॉ. भारती कपूर द्वारा किया गया।

## प्रदेश में दमोह को भी श्रेष्ठ स्थान पर लाना है : कलेक्टर

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने दमोह पहुंचकर सोमवार को कार्य भार ग्रहण कर लिया है। सबसे पहले वह जागेश्वर नाथ बांदकपुर पहुंचे दर्शन के उपरांत कुंडलपुर पहुंचकर बड़े बाबा के दर्शन किए वापस आकर जिले के अधिकारियों की बैठक ली और दमोह में सभी विभागों की समीक्षा की। दोपहर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा दमोह को प्रदेश में बेहतर स्थान पर लाने के लिए हम सबको मिलकर काम करना है, अनेक विभाग ऐसे हैं जो आमजन से जुड़े हुए लेकिन उनकी प्रगति रिपोर्ट ठीक नहीं पेयजल स्वास्थ्य एवं सफाई के अलावा किसानों की समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द हो इस दिशा में प्राथमिकता से काम किया जाएगा। गेहूं की खरीदी बेहतर ढंग से हो ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की व्यवस्था समय से और बेहतर हो शासकीय चिकित्सालय में मरीज को बेहतर इलाज मिले नगर में साफ सफाई की व्यवस्था और बेहतर करने की आवश्यकता है।

# नर्मदा संरक्षण के लिये जरूरी है सरकार एवं समाज में समन्वय: डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में नर्मदा समग्र मिशन की हुई बैठक

भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नर्मदा नदी जीवनदायिनी नदियों में से एक है। नर्मदा नदी के संरक्षण के लिए शासन एवं समाज के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि माँ नर्मदा के उद्गम स्थल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये प्रभावी प्रयास किए जाएँ तथा नदी तटों पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सतत रूप से की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अमरकंटक की अखंडता बनाए रखने के लिए अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के प्रतिनिधियों द्वारा जन जागृति बढ़ाई जाए, इससे उद्गम स्थल का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज अमरकंटक में नर्मदा समग्र मिशन की बैठक में अधिकारियों के निर्देशित कर रहे थे। बैठक में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार, कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल, अध्यक्ष नर्मदे हर सेवा न्यास एवं मध्यप्रदेश कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, पूर्व जनपद अध्यक्ष पुष्पराजगढ़ हीरा सिंह श्याम सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अमरकंटक क्षेत्र में वनों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि स्थानीय प्रजाति के पौधे, वन औषधि पौधों का प्राथमिकता के साथ रोपण किया जाए। वन विभाग के अधिकारियों ने अवगत कराया कि अमरकंटक क्षेत्र में प्राकृतिक वनों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। अमरकंटक के प्राकृतिक स्वरूप को निखारने के लिए स्थानीय प्रजाति साल, महुआ, ऑवला, चार, हर्रा, गुलबकावली आदि स्थानीय प्रजातियों के पौधों का रोपण कर उन्हें बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे भूमिगत जल स्तर में वृद्धि हो तथा स्थानीय वन प्राकृतिक रूप से संरक्षित रह सकें। यह भी बताया गया कि वन विभाग की रोपणी में 2.50 लाख से अधिक पौधे उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अमरकंटक में नए निर्माण कार्यों पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अमरकंटक क्षेत्र में अनियंत्रित कंक्रीट निर्माण को प्रतिबंधित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अमरकंटक तथा नर्मदा उद्गम स्थल पर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध समय-समय पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश कलेक्टर को दिए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदा नदी में प्रदूषण, अपशिष्ट जल निकासी एवं जल प्रबंधन व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस पर अधिकारियों ने बताया कि अमरकंटक में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया जा चुका है तथा यह सुनिश्चित करने के लिये सतत प्रयास किए जा रहे हैं कि प्रदूषित जल नर्मदा नदी में न मिले। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अमरकंटक एक प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन नगरी है, जहाँ अनेक आध्यात्मिक एवं पौराणिक मंदिर स्थित हैं। उन्होंने कहा कि यहाँ स्थानीय लोगों के साथ-साथ बाहरी व्यक्तियों द्वारा भी बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, जिन्हें नीति-नियमों के अनुरूप व्यवस्थित किया जाना आवश्यक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अमरकंटक क्षेत्र में प्लास्टिक एवं शराब के उपयोग पर कठोर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अमरकंटक में नो मूवमेंट एवं नो कंस्ट्रक्शन जोन निर्धारित किया जाए, जिससे क्षेत्र की पवित्रता, पर्यावरणीय संतुलन एवं सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

## 50 एकड़ के खेत में आग लगी

पथरिया (स्वतंत्र मत)

जनपद पथरिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम किन्द्राहो में लगी भीषण आग जिसमें 50 एकड़ से ज्यादा के खेत में झुलसती रही पराली और कई पेड़। ग्रामीणों के अनुसार यह खेत लाल सिंह एवं जगत सिंह का बताया जा रहा है। जिसमें आग लगी। वहीं ग्रामीणों को जब आग के बारे में पता लगा तो उन्होंने डायल 112 और आपातकालीन नंबरों पर फोन लगा कर सूचना दी।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/26-27
दिनांक 13/4/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मोहित आभाष श्रीवास पिता श्याम लाल श्रीवास (2) श्यामलाल श्रीवास पिता श्री राम हरक श्रीवास ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक शिव मंदिर के पास तिलहरी चग्गर फार्म संपत्ति के पिन क्रमांक 1003005943 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1172 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 900 व.फु. प्रथम तल 900 व.फु. द्वितीय तल 50 व.फु. पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्रीमती हेमंत कुमार मूलचंदानी पिता परसराम मूलचंदानी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/26-27
दिनांक 13/4/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नीरज कुमार सिंह, श्री मनोन कुमार सिंह, श्री नीता सिंह, पिता श्री आर एन सिंह ने वार्ड क्रमांक 54 वार्ड का नाम जवाहर लाल नेहरू के भवन क्रमांक 741 उषा मिश्रा मार्ग संपत्ति के पिन क्रमांक 1000428375 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 533 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 335 व.फु. प्रथम तल 217 व.फु पर निम्न दस्तावेज मृत्यु प्रमाण पत्र/विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज जयन्ती सिंह का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**



**आम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि 2TTR OLD RHQ के प्रांगण में दिनांक 16 April 2026 को सुबह 10 बजे विभिन्न ग्रान्ट्स के सामानों की नीलामी की जायेगी। अतः इच्छुक व्यक्ति इस नीलामी हेतु अपना नाम QM OFFICE 2TTR (1 STC) में दिनांक 15 April 2026 शाम 18.00 बजे तक दर्ज कराने का कष्ट करें।

नोट - नीलामी हुई सभी वस्तु उसी दिन अर्थात 16 April 2026 को ही उठाना होगा और नीलामी की राशि उसी दिन जमा करना अनिवार्य है।

**Quarter master 2TTR (1 STC)**



**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003

**भवन लीज हस्तांतरण / नागांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुरवा कालोनी जबलपुर में भवन क्रमांक एलआईजी-1095 श्री अशोक श्रीवास्तव पिता स्व. रामदीन श्रीवास्तव के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 27.5.2006 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। आवंटी श्री अशोक श्रीवास्तव की मृत्यु दिनांक 26/4/2014 को हो गई है। आवंटी द्वारा मण्डल के साथ निष्पादित अनुबंध श्रीमती निशा श्रीवास्तव पति स्व. श्री अशोक श्रीवास्तव को नॉमिनी नियुक्त किया था। अतः आवंटी के नॉमिनी श्रीमती निशा श्रीवास्तव पति स्व. श्री अशोक श्रीवास्तव ने उक्त संपत्ति को नॉमिनेशन के आधार पर लीज नामांतरण स्वयं के नाम करने हेतु आवेदन संगत दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं। उसके आधार पर संपत्ति के नामांतरण की कार्यवाही इस कार्यालय में प्रचलन में है। यदि किसी व्यक्ति / वैद्य उत्तराधिकारी / संस्था आदि को उपरोक्त लीज नामांतरण बाबत् कोई वैधानिक आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अदर लिखित में वैद्य आपत्ति स्वयं उपस्थित होकर सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि व्यतीत होने के पश्चात् लीज नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/26-27
दिनांक 13/4/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सौरभ चटर्जी पिता श्री नीलेद्र चटर्जी ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी के भवन क्रमांक दत्त आर्केट फेश 1 तृतीय तल फ्लेट नं. 7 संपत्ति के पिन क्रमांक 1000397341 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित तृतीय तल 665 व.फु. पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्रीमती रुबिना चटर्जी पिता/पति श्री संजय चटर्जी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**


## हटा सिविल अस्पताल को दान में मिले लाखों के उपकरण

**हटा।** सिविल अस्पताल हटा को बड़ी राहत देते हुए लगभग 90 लाख रुपये मूल्य के आधुनिक उपकरण दान में प्राप्त हुए हैं। एक सादे समारोह में सीबीएमओ डॉ. उमाशंकर पटेल ने सेंट्रल टांसमिशन यूटिलिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के सीईओ केके गुप्ता से यह सामग्री प्राप्त की। इस अवसर पर आयोजित हैंडिंग ओवर कार्यक्रम में सीईओ केके गुप्ता का सिविल अस्पताल परिवार की ओर से स्वागत किया गया। भारत सरकार के अधीन कार्यरत इस संस्था ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व सीएसआर योजना के अंतर्गत अस्पताल को यह महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/26-27
दिनांक 13/4/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती जोहिरा खातून पति श्री मोहम्मद मोइनुलहक ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बैनर्जी ने भवन क्रमांक म.नं. 1008/एफ एफ 502 सी ब्लाक अप्सरा अपार्टमेंट संपत्ति के पिन क्रमांक 1000397908 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित पांचवीं मंजिल 800 व.फु. पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्रीमती उमा झारिया पति श्री अजय झारिया का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/26-27
दिनांक 13/4/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुनील विश्वकर्मा पिता स्व. नेमचंद विश्वकर्मा ने वार्ड क्रमांक 79 वार्ड का नाम ईश्वर दास रोहाणी के भवन क्रमांक ईसाई मोहल्ला संपत्ति के पिन क्रमांक 1000363323 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 688 व.फु. जिस पर निर्मित पर निम्न दस्तावेज मृत्यु प्रमाण पत्र/बंटवारानामा के आधार पर नगर निगम में दर्ज स्व. नेमचंद विश्वकर्मा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**



**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/26-27
दिनांक 13/4/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अभिलाषा झारिया श्री चंद्र सिंह झारिया ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक मधुवन एन्क्लेव संपत्ति के पिन क्रमांक 1000375198 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1402 व.फु. जिस पर निर्मित पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्रीमती प्रीति कुमारी पति श्री संदीप कुमार का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**

N.I.T. NO/PWD/16/PRO NO 75 — **निविदा सूचना** — Dated 13/4/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_ 497431_1 Date 21\|4\|2026 | ठक्करग्राम वार्ड अंतर्गत भूरा बुलेट से कमर कुरैशी के घर तक कवर्ड नाली एवं सड़क का सीमेंटीकरण कार्य। (पार्षद अनुशंसा ) | 4 माह<br>2.51 लाख | 2,000/-<br>2518/- | 4/5/2026 |
| 2 | 2026_UAD_ 497431_2 Date 21\|4\|2026 | ठक्करग्राम वार्ड अंतर्गत रविदास धाम पुलिया के पास से चंदा बाई के घर तक सड़क निर्माण नाले के पास दीवार निर्माण एवं चेम्बर लगाये जाने का कार्य (पार्षद अनुशंसा ) | 4 माह<br>8.33 लाख | 2,000/-<br>8338/- | 4/5/2026 |
| 3 | 2026_UAD_ 497431_3 Date 21\|4\|2026 | ठक्करग्राम वार्ड अंतर्गत उर्दू स्कूल के पास सड़क का सीमेंण्टीकरण कार्य । (पार्षद अनुशंसा ) | 4 माह<br>4.18 लाख | 2,000/-<br>4190/- | 4/5/2026 |
| 4 | 2026_UAD_ 497431_4 Date 21\|4\|2026 | ठक्करग्राम वार्ड अंतर्गत अज्जू के घर के पास सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा ) | 4 माह<br>5.02 लाख | 2,000/-<br>5028/- | 4/5/2026 |
| 5 | 2026_UAD_ 497431_5 Date 21\|4\|2026 | ठक्करग्राम वार्ड अंतर्गत चीप वाले मैदान में नाली निर्माण एवं सीमेंट सड़क निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा ) | 4 माह<br>4.19 लाख | 2,000/-<br>4190/- | 4/5/2026 |
| 6 | 2026_UAD_ 497431_6 Date 21\|4\|2026 | ठक्करग्राम वार्ड अंतर्गत रस्सू बना के घर के पास सीमेंटीकरण एवं नाली निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा ) | 4 माह<br>4.05 लाख | 2,000/-<br>4059/- | 4/5/2026 |

नोट- निविदा से सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, प्रथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**संभागीय यंत्री/कार्यपाल यंत्री (लोककर्म)**
**नगर पालिक निगम जबलपुर**



भारत के संविधान निर्माता, भारत रत्न

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर को कोटि-कोटि नमन





न्याय, समानता और समरसता के मूल्यों से सशक्त होता मध्यप्रदेश

# 136वीं जयंती समारोह

14 अप्रैल, 2026
डॉ. अम्बेडकर नगर (महू)
जिला इंदौर

मुख्य अतिथि

## डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

“भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के समाज कल्याण के लिए किए गए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता बाबासाहेब की न्याय, समानता और समरसता की विरासत हमें हमेशा प्रेरित करती रहेगी।”

-डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

### डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सपनों को समर्पित विकास

**आस्था से जुड़ाव**

बाबासाहेब से जुड़े महू, दिल्ली, नागपुर, मुंबई और लंदन में स्थित 5 ऐतिहासिक स्थल मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में शामिल

**वैश्विक आस्था और अध्ययन का केंद्र महू**

स्मारक, संग्रहालय, सभागार, स्वागत द्वार एवं अंतर्राष्ट्रीय रिसर्च सेंटर का विकास

**सम्मान का प्रतीक नामकरण**

महू रेलवे स्टेशन का नाम ‘डॉ. अम्बेडकर नगर’

**युवा स्व-रोज़गार उद्यम को नई उड़ान**

डेयरी इकाई के लिए कामधेनु योजना में ₹42 लाख तक ऋण

आर्थिक कल्याण योजना में ₹1 लाख तक अनुदान

संत रविदास स्व-रोज़गार योजना में ₹1 लाख से ₹50 लाख तक सहायता

उद्योग उदय योजना के माध्यम से MSME को वित्तीय सहयोग

**शिक्षा में उत्कृष्टता का सम्मान**

डॉ. भीमराव अम्बेडकर मेधावी विद्यार्थी पुरस्कार योजना 10वीं-12वीं में प्रोत्साहन पुरस्कार

उच्च शिक्षा एवं अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन हेतु अम्बेडकर फैलोशिप

**पर्यावरण और विरासत का संगम**

सागर में 25वां डॉ. बी.आर. अम्बेडकर वन्यजीव अभयारण्य घोषित

D-11005/26

डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

आकल्पन - मध्यप्रदेश माध्यम/2026